स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, मंगलवार
2 दिसंबर, 2025
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष 12
सं. 2082 वि.
वर्ष 79, अंक - 105 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर * *

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

गावस्कर बोले कोहली के शतकों का रिकार्ड उनके बेजोड़ कद को दिखाता है



## सदन में ड्रामा नहीं डिलीवरी चाहिए : मोदी



**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो गया। दोनों सदनों में एसआईआर और वोट चोरी के आरोप के मुद्दे पर हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही से पहले पीएम मोदी ने संसद के बाहर मीडिया से 10 मिनट बात की। उन्होंने कहा, विपक्ष हाल के चुनावों में पराजय की निराशा से बाहर निकले और सदन में मजबूत मुद्दे उठाए। अगर विपक्ष चाहे तो मैं उन्हें टिप्स देने के लिए तैयार हैं कि कैसे परफॉर्म किया जाए। उन्होंने कहा- यह सत्र पराजय की हताशा या विजय के अहंकार का मैदान नहीं बनना चाहिए। नई पीढ़ी के सदस्यों को अनुभव का लाभ मिलना चाहिए। यहां ड्रामा नहीं, डिलीवरी होनी चाहिए। यहां जोर नीति पर होना चाहिए, नारों पर नहीं। पीएम ने इसके बाद राज्यसभा में नए सभापति सीपी राधाकृष्णन का स्वागत किया और उनके अभिवादन में स्पीच दी। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभापति का अभिवादन किया। खड़गे ने इस दौरान पूर्व सभापति जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा- मुझे इस बात का दुख है कि सदन को पूर्व सभापति को फेयरवेल देने का मौका नहीं मिला। खड़गे की टिप्पणी पर भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने पलटवार किया। नड्डा ने कहा- आपको बिहार, हरियाणा, महाराष्ट्र की हार ने काफी तकलीफ पहुंचाई है। आपको अपनी तकलीफ डॉक्टर को बताना चाहिए।

# एसआईआर पर संसद में हंगामा

**नई दिल्ली।** 12 राज्यों में जारी चुनाव आयोग के एसआईआर पर आज संसद में खूब हंगामा हुआ। शोरगुल के बीच राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सुचारू

- **राज्यसभा में जबर्दस्त शोरगुल, लोकसभा स्थगित**

कार्यवाही चलने देने की अपील की। हालांकि, कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि सरकार राज्यों में हो रही बीएलओ की मौत के बावजूद इस संवेदनशील मुद्दे पर चर्चा से भाग रही है। तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने भी कहा कि सरकार की विश्वसनीयता कटघरे में है।विपक्ष के हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक और बाद में पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। दरअसल विपक्ष एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा पर अड़ा है। वहीं विपक्ष के हंगामे के बीच मणिपुर जीएसटी दूसरा संशोधन विधेयक 2025 लोकसभा से पारित



हो गया। लोकसभा की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे के बीच फिर से शुरू हुई। मणिपुर जीएसटी दूसरा संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने एसआईआर के खिलाफ नारेबाजी की। हंगामे के बाद राज्यसभा सदस्यों ने सभापति की अनुमति से प्रदूषण, राज्यों में घुसपैठ और राष्ट्रीय सुरक्षा और अवैध प्रवासियों को डिटेंशन सेंटर में रखने की कार्रवाई जैसे मुद्दे उठाए। गुजरात से निर्वाचित भाजपा सांसद बाबूभाई देसाई ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी और इसके लिए किए जाने वाले उपायों की तरफ सदन का ध्यान आकर्षित किया। समाजवादी पार्टी के प्रमुख और सांसद अखिलेश यादव ने कहा, विपक्ष कभी ड्रामा नहीं करता। विपक्ष ड्रामा करने वालों को रोकता है कि आपने घोषणा पत्र में जो बाते कहीं हैं, उनको पूरा करिए...चुनाव आयोग की जिम्मेदारी बनती है कि वो सभी का वोट बनाए और यह काम हम कर रहे हैं हैं ताकि हमारे वोट ना कटे...हम अपनी वोट बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं...उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में जो दिखाई दे रहा है, वो यह है कि भाजपा की रणनीति है कि जिन बूथों पर विपक्ष जीता है, उन बूथों पर सबसे ज्यादा वोट काटे जाएं।

## प्रधानमंत्री सबसे बड़े ड्रामेबाज : खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री के बयान पर पलटवार करते हुए उन निशाना साधा है और प्रधानमंत्री को सबसे बड़े ड्रामेबाज तक कह दिया। कांग्रेस का यह बयान तब आया है, जब संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया से बात करते हुए पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि विपक्ष संसद में ड्रामा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने विपक्ष से पराजय की बौखलाहट को भुलाकर संसद में सार्थक चर्चा करने की अपील की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में आरोप लगाया कि लोगों के असल मुद्दों को सुलझाने के बजाय प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर ड्रामेबाजी की है।

- **कहा- असल मुद्दों पर चर्चा करें**

## लोगों के मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं : प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सरकार पर संसद में चर्चा से बचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी मुद्दे पर संवाद करने के लिए तैयार नहीं है, जिससे सदन का सुचारू रूप से चल पाना कठिन हो रहा है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि लोगों से जुड़े मुद्दे उठाना ड्रामा नहीं है, लेकिन उन पर चर्चा न होने देना ड्रामा है। संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन मोदी के बयान पर जवाब देते हुए, प्रियंका गांधी ने वायु प्रदूषण और एसआईआर जैसे जरूरी मुद्दों पर बहस की मांग की और कहा कि ये आम लोगों बड़े मुद्दे हैं जिन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए।

## संसद परिसर में कुत्ता लेकर पहुंचीं कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी


**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी एक कुत्ता लेकर संसद परिसर में पहुंच गईं। इस घटना पर बीजेपी सांसदों ने कड़ा विरोध जताया है। रेणुका चौधरी से जब पूछा गया कि वे कुत्ते को संसद क्यों लाई हैं, तो उन्होंने कहा- सरकार को जानवर पसंद नहीं हैं। इसमें क्या हर्ज है? उन्होंने कहा, ये छोटा और बिल्कुल नुकसान न पहुंचाने वाला जानवर है। काटने वाले और डसने वाले संसद में, कुत्ते नहीं। उनके इस कदम पर बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल ने नाराजगी जताई। संसद की सिक्योरिटी कंसर्न को लेकर कांग्रेस सांसद ने कहा, कौन सा प्रोटोकाल। कहीं कोई कानून बना है क्या। मैं रास्ते में आ रही थी। वहां स्कूटर और कार वाले का टक्कर हुआ। उसके आगे ये छोटा पिल्ला निकलकर सामने आ गया। ये चारों तरफ सड़क पर घूम रहा था। मैंने सोचा ये पहिए के नीचे आ जाएगा।

# 'दिल्ली समेत अन्य हवाई अड्डों पर हुआ था साइबर हमला'

**नई दिल्ली।** नवंबर महीने की शुरुआत में देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर हवाई सेवाओं के संचालन में भारी परेशानी देखने को मिली थी।

- **संसद में सरकार ने जीपीएस स्पूफिंग की बात कबूल**

दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर करीब 800 उड़ानें प्रभावित हुईं। इस दौरान एटीसी की तरफ से ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम में खराबी बताया गया था। लेकिन अब केंद्र सरकार ने संसद में एक लिखित बयान में स्वीकार किया है कि दिल्ली समेत देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर साइबर हमला हुआ था, यानी इन सभी हवाई अड्डों पर आने और यहां से उड़ान भरने वाले



विमान जीपीएस स्पूफिंग का शिकार हुए हैं। इससे पहले केंद्र सरकार ने संसद में एक आंकड़ा पेश किया था। सरकार ने लोकसभा में बताया था कि नवंबर 2023 से फरवरी 2025 के बीच 465 जीपीएस स्पूफिंग की घटनाएं भारत-पाकिस्तान सीमा क्षेत्र (अमृतसर और जम्मू) में दर्ज की गईं। वहीं अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2024 में 4.3 लाख जीपीएस जैमिंग और स्पूफिंग घटनाएं दर्ज की गईं, जो 2023 की तुलना में 62 प्रतिशत अधिक हैं।

### क्या है जीपीएस स्पूफिंग?

जीपीएस स्पूफिंग एक साइबर हमला है, जिसमें नकली सिग्नल भेजकर किसी भी डिवाइस को गलत लोकेशन दिखाई जाती है। जैसे आपके फोन की लोकेशन अचानक चार किमी दूर दिखने लगे, वैसा ही विमानों के साथ होता है। जब यह विमान के साथ होता है, तो उसका नेविगेशन सिस्टम गलत दिशा में जा सकता है, जिससे दुर्घटना का खतरा काफी बढ़ जाता है।

## नवंबर में 1.70 लाख करोड़ का जीएसटी कलेक्शन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आज नवंबर में हुए जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े जारी किए हैं। नवंबर में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) से 1.70 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए हैं। सालाना आधार पर इसमें 0.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

आंकड़ों के मुताबिक, एक साल पहले यानी नवंबर 2024 में सरकार ने 1.69 लाख करोड़ रुपए जीएसटी का संग्रह किया था। वहीं पिछले महीन अक्टूबर के मुकाबले नवंबर का कलेक्शन 26 हजार करोड़ रुपए घटा है।

अक्टूबर में सालाना 4.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1.96 लाख करोड़ रुपए जीएसटी वसूला गया था। इससे पहले अप्रैल 2025 में रिकॉर्ड 2.37 लाख करोड़ रुपए और मई में 2.01 लाख करोड़ रुपए जीएसटी के रूप में जुटाए गए थे।

# सीबीआई देशभर के डिजिटल अरेस्ट केस की जांच करेगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (सीबीआई) को देशभर से सामने आए डिजिटल अरेस्ट के मामलों की पैन इंडिया जांच

- **सुप्रीम कोर्ट का निर्देश- राज्य सरकारें जांच एजेंसी की मदद करें**
- **कहा- ये तेजी से बढ़ता साइबर क्राइम**

की जिम्मेदारी सौंपी है। सोमवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सभी राज्यों को डिजिटल अरेस्ट मामलों की जांच में सीबीआई की मदद करने के भी निर्देश दिए। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा- डिजिटल अरेस्ट तेजी से बढ़ता साइबर क्राइम है। इसमें ठग खुद को पुलिस, कोर्ट या सरकारी एजेंसी का अधिकारी बताकर वीडियो/ऑडियो कॉल के जरिए पीड़ितों, खासकर सीनियर सिटिजन को धमकाते हैं और उनसे पैसे वसूलते हैं। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को नोटिस जारी कर पूछा कि साइबर ठगी में उपयोग हो रहे बैंक खातों को तुरंत ट्रैक और फ्रीज करने के लिए एआई और मशीन लर्निंग तकनीक का उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा। इससे पहले 3 नवंबर की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि डिजिटल अरेस्ट



मामलों में लगभग 3 हजार करोड़ की ठगी का पता चला है। अदालत ने इसे आयरन हैंड से निपटने लायक गंभीर राष्ट्रीय समस्या बताया था। दरअसल, हरियाणा के अंबाला जिले में बुजुर्ग दंपति से 3 से 16 सितंबर के बीच 1.05 करोड़ रुपए की ठगी हुई थी। दंपती को सुप्रीम कोर्ट के जजों के फर्जी साइन और जांच एजेंसियों के नकली आदेश दिखाकर डिजिटल अरेस्ट किया गया था। पीड़ित ने 21 सितंबर को सीजेआई बीआर गवई (पूर्व सीजेआई) को चिट्ठी लिखकर पूरी बात बताई थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले में खुद से एक्शन लिया था।

# मुंबई में भी ग्रेप-4 की पाबंदियां लागू

**मुंबई।** बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते देश की वित्तीय राजधानी मुंबई की भी सांसें फूल रही हैं। ऐसे में सरकार

- **प्रदूषण वाले क्षेत्रों में निर्माण कार्यों पर रोक**

ने मुंबई में कई जगहों पर ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू कर दी हैं। इसके साथ ही मुंबई भी दिल्ली के साथ उन शहरों की सूची में शामिल हो गया है, जहां वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। मुंबई में कई जगहों पर हवा की गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई है, इनमें मुंबई का मझगांव, देवनार, मलाड, बोरीवली ईस्ट, चकाला अंधेरी ईस्ट, नेवी नगर, पवई और मुलुंड जैसे इलाके शामिल हैं। बीएमसी ने इन इलाकों में किसी भी तरह के निर्माण कार्यों और धूल उड़ाने वाली गतिविधियों पर रोक लगा दी हैं, और इन इलाकों में विभिन्न निर्माण स्थलों की निगरानी की जा रही है। 50 से ज्यादा निर्माण स्थलों को काम रोकने के नोटिस जारी किए गए हैं। बेकरी और मार्बल कटिंग यूनिट्स समेत छोटे उद्योगों को साफ प्रक्रिया अपनाने या फिर कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। बीएमसी ने प्रदूषण नियंत्रण के तरीकों को लागू करने और उत्सर्जन पर नजर रखने के लिए हर वार्ड में फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात किए हैं। इन स्क्वॉड में इंजीनियर, पुलिसकर्मी और जीपीएस- ट्रैक गाड़ियां शामिल हैं और ये प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों की निगरानी कर रही हैं।

# दिल्ली विस्फोट : कश्मीर-लखनऊ में आठ जगहों पर एनआईए की रेड

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली/ लखनऊ।** दिल्ली आतंकी ब्लास्ट मामले को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में 8 जगहों पर छापेमारी की। एजेंसी ने कश्मीर में मौलवी इरफान अहमद, डॉ. आदील, डॉ. मुजम्मिल, आमिर राशिद और जसीर बिलाल और उत्तर प्रदेश के लखनऊ में शाहीन के घर पर धावा बोला। लखनऊ में दिल्ली ब्लास्ट की मास्टरमाइंड डॉ. शाहीन सईद के घर सोमवार सुबह हड्डा की टीम पहुंची। एनआईए टीम के साथ स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही। डॉ. शाहीन का घर लखनऊ के लालबाग में है। यहां उसके पिता सईद अंसारी रहते हैं। घर जांच के दौरान बाहर पुलिस का पहरा लगा दिया गया। उधर लोगों का आना-जाना लगभग बंद हो गया। एनआईए की टीम अंदर गई उसके पिता सईद अंसारी से काफी देर तक बातचीत की। बताया जा रहा था कि एनआईए की टीम अपने साथ डॉ. शाहीन को भी लेकर लखनऊ आई थी, लेकिन ऐसा नहीं है। शाहीन के पिता सईद अंसारी का कहना है कि उन्हें अब भी भरोसा नहीं होता कि उनकी बेटी किसी गैर-कानूनी गतिविधि में शामिल हो सकती है। दोबारा छापेमारी के बाद परिवार में तनाव और बढ़ गया है। गौरतलब है कि डॉ. शाहीन के परिवार से पूछताछ का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले यूपी एसटीएफ, दिल्ली पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस भी शाहीन के घर पर जानकारी जुटा चुकी हैं। मुख्य आरोपी मुज्जमिल से निकाह की बात सामने आने के बाद से ही एजेंसियां शाहीन की भूमिका को लेकर सतर्क हो गई थीं। एजेंसी के अनुसार, एनआईए की छापेमारी शोपियां के नादिगाम गांव, पुलवामा के कोइल, चंदगाम, मलंगपोरा, संबूरा और कुलगाम में की गई। इसके अलावा डॉ. उमर नबी के साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश के घर पर भी छानबीन की गई।

- **आतंकी शाहीन और ड्रोन हमलों की प्लानिंग करने वाले बिलाल के घर तलाशी की**

### पुंछ में वीपीएन सेवाएं बंद

पुंछ जिले में सुरक्षा कारणों से प्रशासन ने तुरंत प्रभाव से सभी वीपीएन सेवाएं दो महीने के लिए बंद कर दी हैं। आदेश में कहा गया है कि हाल के दिनों में बढ़ी सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए यह फैसला जरूरी था। अधिकारियों के मुताबिक, वीपीएन के जरिए जानकारी बाहर जाने और संदिग्ध गतिविधियों के बढ़ने का खतरा था। इसलिए पूरे जिले में वीपीएन पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। दरअसल वीपीएन एक ऐसा एप या सर्विस होती है जो आपके मोबाइल/कंप्यूटर की इंटरनेट लोकेशन और पहचान छिपा देती है। जब आप वीपीएन ऑन करते हैं, तो आपका इंटरनेट किसी दूसरे देश या दूसरी जगह से चलता हुआ लगता है।

### अल फलाह के मालिक को 14 दिनों की हिरासत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की साकेत कोर्ट ने अल फलाह यूनिवर्सिटी के संस्थापक जावेद सिद्दीकी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जावेद सिद्दीकी, जिन्हें अल फलाह यूनिवर्सिटी के संस्थापक के रूप में जाना जाता है। हाल ही में दिल्ली में हुए आतंकी हमले के बाद जांच एजेंसियों ने कुछ आरोपों के चलते जावेद को गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने सुनवाई के बाद जावेद सिद्दीकी को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। इसका मतलब है कि अब उन्हें जेल में रहना होगा और इस दौरान जांच एजेंसी पूछताछ करेगी।

अल फलाह यूनिवर्सिटी का मालिक जावेद अहमद सिद्दीकी (61) तीन वर्ष जेल में बंद रह चुका है। वह पहले चिट फंड का काम करता था। उसके बाद उसने लोगों को पैसे नहीं दिए थे। उसके खिलाफ 14 से 15 प्राथमिकी दर्ज हुई थीं। माना जा रहा है कि उसने इन पैसों से यूनिवर्सिटी को खड़ा करने में लगाया। हालांकि बाद में उसने सभी लोगों का पैसा लौटा दिया। वह सभी केसों से बरी हो गया था।

## कोलकाता में बीएलओ का जोरदार प्रदर्शन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में लगे बीएलओ ने सोमवार को कोलकाता में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बीएलओ ने कोलकाता में निर्वाचन आयोग के दफ्तर के बाहर खूब हंगामा किया। हालात इस कदर बिगड़े कि बीएलओ को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा।

पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया में लगे बीएलओ बीते कई दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बीते हफ्ते भी विरोध प्रदर्शन के दौरान बीएलओ ने जबरन राज्य निर्वाचन आयुक्त के दफ्तर में घुसने की कोशिश की थी। चुनाव आयोग ने कोलकाता के पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर निर्वाचन आयुक्त की सुरक्षा में चूक को बेहद गंभीर बताते हुए निर्वाचन अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था।

# सात समंदर पार से आए लाखों 'फ्लेमिंगो' पक्षी

**कच्छ (गुजरात)।** गुजरात के कच्छ के रण में ठंड की दस्तक के साथ ही सायबेरिया, ईरान और यूरोप से विदेशी पक्षियों का आगमन शुरू हो गया है। ठंड की शुरुआत में ही यहां 1 लाख से अधिक

- **गुजरात में कच्छ का रण हुआ गुलाबी**
- **इस बार रिकॉर्ड 3 लाख पहुंच सकती है इनकी संख्या**

फ्लेमिंगो का जमावड़ा हो चुका है। गुलाबी पंखों वाले फ्लेमिंगों की इस भीड़ से कच्छ का रण का नजारा भी गुलाबी हो गया है।पूर्वी कच्छ वन विभाग के मुख्य अधिकारी आयुष वर्मा ने बताया कि अभी तो इन विदेशी मेहमानों के आगमन का सिलसिला शुरू ही हुई है। दिसंबर के अंत तक इनकी संख्या तीन लाख तक पहुंच सकती है, जो कि पूरे कच्छ का सबसे अनोखा नजारा होगा।



**कच्छ को कहा जाता है फ्लेमिंगो सिटी**

साइबेरिया, ईरान और यूरोप के ठंडे प्रदेशों से फ्लेमिंगो कच्छ के रण में हर साल सर्दियां बिताने आते हैं। इनके साथ पेंटास्टॉर्क, सफेद और गुलाबी रंग के लेसर व ग्रेटर सहित कई विदेशी पक्षी भी आते हैं। इन्हें देखने के लिए विदेशी मेहमान भी कच्छ आते हैं। गुजरात का रण ऑफ कच्छ खासतौर पर फ्लेमिंगो पक्षियों के प्रजनन स्थल के लिए मशहूर है। इसीलिए इसे फ्लेमिंगो सिटी भी कहा जाता है। सर्दियों के दौरान लाखों की संख्या में गुलाबी पंखों वालों फ्लेमिंगो इस दलदली क्षेत्र को गुलाबी रंग से भर देते हैं।

# अध्ययन : खून के अणुओं से कम होगी उम्र बढ़ने की रफ्तार

नई दिल्ली। वैज्ञानिकों ने खून में पाई जाने वाली एक कम-पहचानी बैक्टीरिया प्रजाति से बने नए एंटी-एजिंग यौगिक खोजे हैं। यह खोज

- **अधिक जवां दिखेगी त्वचा**

भविष्य में नई स्किन-रिजुवनेशन थेरेपी यानी त्वचा को फिर से जवां करने के तरीकों की राह दिखा सकती है। इन यौगिकों को इंडोल मेटाबोलाइट्स कहा जाता है। इन यौगिकों लैब में तैयार त्वचा कोशिकाओं में सूजन, ऑक्सीडेटिव तनाव और कोलाजेन को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधि को कम किया। शोधकर्ताओं के मुताबिक यह भविष्य की स्किन थेरेपी का अप्रत्याशित स्रोत बन सकता है। वैज्ञानिकों ने पाया है कि शरीर खुद ऐसे अणु बनाता है जिनमें प्राकृतिक एंटी-एजिंग क्षमता होती है। खून में रहने वाले एक बैक्टीरिया के बनाए गए ये तीन शक्तिशाली अणु मानव त्वचा कोशिकाओं में सूजन और कोशिकाओं के नुकसान को कम करने में सक्षम पाए गए। यह शोध अध्ययन अमेरिकन केमिकल सोसायटी और अमेरिकन सोसायटी ऑफ फार्माकोग्नॉसी के जर्नल ऑफ नेचुरल प्रोडक्ट्स में छपा है। इनमें से तीन इंडोल, जिनमें दो नए थे, ने तनावग्रस्त कोशिकाओं में प्रतिक्रियाशील ऑक्सीजन प्रजातियों को कम किया, जबकि बगैर इलाज वाली कोशिकाओं में यह अधिक था। इन्हीं यौगिकों ने दो सूजन बढ़ाने वाले प्रोटीन और एक कोलाजेन तोड़ने वाले प्रोटीन के स्तर भी कम किए। इन शुरुआती परिणामों के आधार पर, वैज्ञानिकों का कहना है कि ये नए इंडोल मेटाबोलाइट भविष्य में ऐसे इलाज विकसित करने में मदद कर सकते हैं जो त्वचा पर उम्र बढ़ने के प्रभावों को कम करें।

### खून में रहने वाले बैक्टीरिया खोल सकते हैं सेहत के राज

वैज्ञानिकों को अभी भी यह कम समझ है कि खून में घूमने वाले बैक्टीरिया के उप-उत्पाद (मेटाबोलाइट्स) इंसानी सेहत पर कैसे असर डालते हैं। इनमें से इंडोल यौगिक खास तौर से अहम हैं क्योंकि यह बुढ़ापा रोधी, सूजन रोधी और सूक्ष्मजीव रोधी प्रभाव वाले गुण रखता है। वैज्ञानिकों ने 2015 में ऐसा ही एक खून में रहने वाला बैक्टीरिया खोजा जो ये यौगिक बनाता है और उसका नाम पैराकोकस सैंगुइनिस रखा गया। इस विचार को समझने के लिए टीम ने पैराकोकस सैंगुइनिस को तीन दिन तक बड़ी मात्रा में उगाया और इसमें बने सभी मेटाबोलाइट्स (एक पदार्थ जो चयापचय में बनता है या उसके लिए जरूरी है) को निकाला।




epaper : epaper.swatantrabharat.net web portal : epaper.swatantrabharat.net

# 2047 के विजन के लक्ष्य में यूपी अहम : ब्रजेश पाठक

## प्रदेश में 25 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने में उत्तर प्रदेश की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। वर्तमान में प्रदेश में 25 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर, 35 सौ से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 2 सौ से अधिक विशिष्ट अस्पताल तथा 81 मेडिकल कॉलेज सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। वह सोमवार को एक होटल में यूपी कॉन्क्लेव को सम्बोधित कर रहे थे। ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार संस्थागत प्रसव दर को बढ़ाते हुए मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने पर निरंतर कार्य कर रही है। विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं अब जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को बड़ी राहत मिली है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संकल्प है कि 2047 तक उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता को वही अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों, जो आज केवल महानगरों में मिलती हैं। हमारी कोशिश है कि एडवांस मेडिकल सुविधाएं जिले और तहसील स्तर तक पहुँचें और उत्तर प्रदेश विकसित भारत के स्वास्थ्य मॉडल का नेतृत्व करे। राज्य मंत्री, चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश ही विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करेगा और इसमें स्वास्थ्य क्षेत्र की भूमिका निर्णायक रहेगी। उन्होंने कहा कि आर्थिक प्रगति का आधार स्वस्थ जनसंख्या है और इसी दिशा में प्रदेश सरकार निरंतर सुधार कर रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, जीएन सिंह, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य अमित कुमार घोष, प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य ऋ तु महेश्वरी, सचिव स्वास्थ्य एवं निदेशक एनएचएम पिंकी जोवेल, सचिव चिकित्सा शिक्षा एवं महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा अपर्णा यू, महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य रतनपाल सुमन, विशेष सचिव धीरेन्द्र सचान तथा आर्यका अखौरी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# निदेशक ने किया शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र उजरियांव का उद्घाटन

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** शहरी स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण केंद्र, उजरियांव का उद्घाटन सोमवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान निदेशक प्रो. (डॉ.) सीएम. सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. सिंह ने कहा कि यह केंद्र शहरी आबादी को गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ चिकित्सा विद्यार्थियों के प्रशिक्षण को भी सुदृढ़ करेगा। यूएचटीसी इंचार्ज प्रो. जूनियर ग्रेड डॉ. रश्मि कुमारी ने केंद्र की सेवाओं, जन-जागरुकता गतिविधियों व भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह केंद्र मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, गैर-संचारी रोगों की रोकथाम, टीकाकरण,स्वास्थ्य शिक्षा, तथा सामुदायिक सर्वेक्षण जैसी गतिविधियों को प्राथमिकता देगा। समुदाय चिकित्सा विभागाध्यक्ष, प्रो. (डॉ.) एस.डी. कांडपाल ने कहा कि यूएचटीसी उजैनिया आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है और यह शहरी स्वास्थ्य मॉडल के रूप में कार्य करेगा। पीएचसी उजरियांव की मेडिकल ऑफिसर डॉ. पद्मजा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की। अंत में उपस्थित व्यक्तियों ने केंद्र का निरीक्षण किया और स्थानीय निवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# योगी सरकार प्रदेश में औद्यानिक विकास को दे रही नई गति

## 3 दिसम्बर को 'औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी' का होगा शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और औद्यानिक विकास को नई दिशा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह 3 दिसम्बर को पूर्वाह्न 10 बजे से गोरखपुर के योगीराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में गोरखपुर एवं बस्ती मंडल की संयुक्त औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी का शुभारंभ करेंगे। यह कार्यक्रम उद्यान विभाग के स्वर्णिम 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में विशेष रूप से तीन प्रमुख विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। पहला विषय 'रूफ टॉप गार्डनिंग' है, जिसके अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में छतों पर फल-सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने, शहरों में हरियाली बढ़ाने और लोगों को ताजी सब्जियां घर पर ही उपलब्ध कराने के उपायों पर चर्चा होगी। विशेषज्ञ शहरवासियों को गमलों में पौधों के उत्पादन की तकनीक, पोषक तत्व प्रबंधन तथा पर्यावरणीय लाभों के बारे में जानकारी देंगे। दूसरा प्रमुख विषय कम क्षेत्रफल में अधिक मूल्य वाली औद्यानिक फसलें है। सीमांत और छोटे किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण है। विषय विशेषज्ञ किसानों को औषधीय पौधों, मसालों, फूलों और उच्च मूल्य वाली अन्य फसलों की तकनीकी खेती और बाजार उपलब्धता के बारे में मार्गदर्शन करेंगे। तीसरा विषय घरेलू निर्यातकों को वैश्विक बाजार से जोड़ना है। गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने हेतु कार्यक्रम में निर्यात बढ़ाने की रणनीति, पैकेजिंग सुधार, गुणवत्ता मानकों और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच पर चर्चा की जाएगी।

## खबर एक नज़र

### ग्रामीण बैंक की आधुनिक शाखा का उद्घाटन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की मऊ मोहनलालगंज शाखा के नवीन परिसर का उद्घाटन मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अध्यक्ष यदुवंश ठाकुर ने नए भवन का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह शाखा अब ग्राहकों को और अधिक बेहतर व आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करेगी। कैंप प्रभारी लखनऊ संतोष पाण्डेय और क्षेत्रीय प्रबंधक (लखनऊ परिक्षेत्र) ठाकुर राजेश रंजन की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि नवीन परिसर में ऋण सुविधा, बचत खाता, सावधि व आवर्ती जमा, मोबाइल बैंकिंग, नेट बैंकिंग, [illegible] और [illegible]कार्ड जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यदुवंश ठाकुर ने कहा कि यह शाखा वर्ष 1980 से ग्राहकों की सेवा कर रही है और नए परिसर से क्षेत्रवासियों को और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक प्रदेश का सबसे बड़ा ग्रामीण बैंक है, जिसकी 4330 शाखाएं संचालित हैं। भारत सरकार के निर्देशानुसार 01 मई 2025 से तकनीकी एकीकरण के बाद अब ग्राहक प्रदेश की किसी भी शाखा से बैंकिंग सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ से वरिष्ठ प्रबंधक मोहम्मद इमरान, वरिष्ठ प्रबंधक शशि सिंह, सहायक प्रबंधक प्रतीक श्रीवास्तव, शाखा प्रबंधक मऊ मोहनलालगंज संध्या पाठक, सहायक प्रबंधक सत्येन्द्र कुमार, कार्यालय सहायक स्वप्निल पटेल और कीर्ति सिन्हा सहित अन्य बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी मौजूद रहे।

### सांस्कृतिक संध्या में बच्चों ने बिखेरा कला का रंग

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** स्मृति उपवन में माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ मुख्य अतिथि पार्षद कल्पना वर्मा, आयोजक अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा, रनवीर सिंह, हेमू चौरसिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में नवी अकैडमी के बच्चों जयंश्री, मीठी यादव, विहाना राय, संगवी सिंह, आराध्या पांडेय, वेदिका राय, शनाया सिंह ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। मॉडलिंग में नीलांशी अस्थाना, निहारिका, अंजलि, नंदनी, भावना, रोली सिंह चौहान, रुचि गौरी, अर्चना, सरिता रावत ने आकर्षित किया। ग्रुप डांस में स्वाति रावत, अनिका प्रधान, अक्षित सिंह, नैना वर्मा, पार्थ चौहान, रागिनी कुमारी ने तालमेल से मन जीता। फ्यूजन नृत्य वेदांशी, समृद्धि, जयश्री, अनुश्री, अविका ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में लोक गायिका दीपिका मिश्रा ने लोकगीतों से माहौल रंगीन किया। आयोजन में मोनालिसा, रोली जायसवाल, मनोज सिंह चौहान, रोली सिंह, विवेक उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रदीप शुक्ला और विजय ने किया।



### भारती गांधी ने विश्व नागरिक शिक्षा पर दिया जोर


**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** सिटी मॉन्टेसरी स्कूल प्रधान कार्यालय में आयोजित प्रार्थना सभा में संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने बच्चों में एकता, शांति और *वसुधैव कुटुम्बकम* की भावना विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि माँ, पिता और विद्यालय मिलकर बच्चों में सत्य, प्रेम और अच्छे संस्कारों का विकास करते हैं, जिससे वे आगे चलकर विश्व नागरिक बनते हैं। सभा में विभिन्न धर्मों के अनुयायियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। राबर्ट गांधी ने बच्चों को पवित्र पुस्तकों का अध्ययन करने की सीख दी, जबकि शोभित नारायण ने भजन इतनी शक्ति हमें देना दाताज सुनाकर सभी को भावविभोर कर दिया। सभा का समापन प्रार्थना व प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

### जनसंपर्क अभियान में परिवार होंगे लाभान्वित

**स्वतंत्र भारत निलमथा।** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस ने उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई-यू 2.0) की जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान तेज किया है। मीडिया संवाद में कार्यकारी निदेशक जतुल आनंद और चीफ़ सेल्स ऑफिसर मुखेश अग्रवाल ने बताया कि कंपनी *'रोशनी होम लोन' के जरिए निम्न व मध्यम आय वर्ग तथा प्रथम बार घर खरीदने वालों को लाभ पहुंचा रही है। राज्य में 43 शाखाएँ, जिनमें 27 रोशनी शाखाएँ शामिल हैं, सेवाएँ प्रदान कर रही हैं। कंपनी डिजिटल सुविधा और ब्याज सब्सिडी की जानकारी देकर अधिक लोगों को योजना से जोड़ने का प्रयास कर रही है।

### अन्याय के खिलाफ लड़ना हमारा क्षत्रिय धर्म

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** नई दिल्ली प्रवास पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह राजू ने कहा कि कोई भी राजनीतिक पार्टी क्षत्रिय व अगड़े समाज की अनदेखी कर सत्ता में नहीं आ सकती। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित रहकर मत विभाजन रोकना होगा, तभी हक और सम्मान मिल सकेगा। राघवेंद्र सिंह राजू ने कहा कि क्षत्रियों का गौरवशाली इतिहास रहा है और अन्याय के खिलाफ लड़ना क्षत्रिय धर्म है। उन्होंने सपा प्रवक्ता मनोज यादव पर दर्ज एफआईआर के संदर्भ में कहा कि अगड़े वर्ग या सवर्ण समाज का अपमान कोई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने महान विभूतियों रामकृष्ण, बुद्ध, महावीर, जीजस, मोहम्मद, नानक, कबीर, मीरा का उल्लेख करते हुए कहा कि सत्य और न्याय का मार्ग ही समाज को आगे बढ़ाता है। इस दौरान पारस चौहान, आईटी सेल चीफ, लखनऊ भी मौजूद रहे।



# भाजपा का कुंडी खटकाओ अभियान, घर-घर पहुंचकर बढ़ाया मतदाता जागरूकता का संदेश

**स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ,।** राजधानी लखनऊ में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान एसआईआर के अंतर्गत %कुंडी खटकाओ% विशेष अभियान को पूरे जोर-शोर के साथ आगे बढ़ाया। अभियान का उद्देश्य आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना और अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को वोटर लिस्ट से जोडऩा है। राजधानी के कई इलाकों में सुबह से भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर लोगों से सीधे संवाद करते नजर आए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने स्वयं अभियान में हिस्सा लिया और कार्यकर्ताओं के साथ लखनऊ की कॉलोनियों में पहुंचे। उन्होंने लोगों से कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है जब हर पात्र नागरिक का नाम वोटर लिस्ट में जुड़ा हो। उन्होंने जनता से यह भी आग्रह किया कि परिवार के प्रत्येक पात्र सदस्य का नाम सूची में अनिवार्य रूप से जोड़ें। घर में मौजूद किसी भी व्यक्ति का नाम न छूटने दें। मतदाता पुनरीक्षण टीम को पूरा सहयोग दें। भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा का यह अभियान महज राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक सहभागिता का बड़ा जन-आंदोलन है। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कैसरबाग कोतवाली के पास की कॉलोनियों में जाकर अभियान की गति बढ़ाई। उन्होंने घर-घर दस्तक देकर निवासियों से बातचीत की और बताया कि नाम जुड़वाने की अंतिम तारीख नजदीक है, इसलिए आवश्यक दस्तावेज समय रहते तैयार रखें। बृजेश पाठक ने कहा कि कई लोग पता बदलने, नौकरी में व्यस्तता या जानकारी के अभाव में अपना नाम जुड़वाने से चूक जाते हैं। टीम के आने पर फॉर्म 6, 7 और 8 के विकल्पों को ध्यान से समझें और जरूरत के अनुसार भरें। नए मतदाताओं, खासकर युवाओं, को सूची में जोडऩा अभियान की मुख्य प्राथमिकता है। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने अलग-अलग वार्डों में अभियान की जिम्मेदारी संभाली। महानगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर संपर्क बढ़ाते हुए लोगों को मतदाता हेल्पलाइन, ऑनलाइन पोर्टल और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में जानकारी दी। द्विवेदी ने बताया कि इस अभियान में प्रत्येक बूथ को लक्ष्य सौंपा गया है और कार्यकर्ताओं को सुनिश्चित करना है कि किसी भी घर में मतदाता सूची से जुड़ी कोई चूक न रह जाए।

# टीबी रोगियों को खोजने के लिए निकलेगी पदयात्रा

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** केजीएमयू के डिप्टी नर्सिंग सुपरिंटेंडेंट प्रदीप गंगवार अब टीबी मरीजों को खोजने, उन्हें गोद लेने के लिए पदयात्रा निकालेंगे। प्रदीप ने इसके लिए एक माह का अवकाश केजीएमयू प्रशासन से लिया है। वह काफी 10 माह से टीबी मरीजों को पोषणयुक्त आहार उपलब्ध कराने के अभियान से जुड़े हुए हैं। उन्होंने अब तक 300 टीबी मरीजों को गोद लिया है। करीब 800 पोषण पोटली मरीजों को वितरित कर चुके हैं। प्रदीप गंगवार ने बताया कि इस अभियान के लिए उन्होंने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल से मुलाकात कर सहयोग मांगा है। बताया कि टीबी पीड़ित मरीजों में से 78 फीसदी कमजोर आर्थिक वर्ग के लोग होते हैं। स्वास्थ्य विभाग से टीबी मरीजों को पोषण के लिए हर माह एक हजार रुपए दिए जाते हैं। इसके अलावा पोषणयुक्त आहार की पोटली प्रदान की जाती है। प्रदीप फरवरी से आर्थिक रूप से कमजोर टीबी पीड़ित मरीजों को पोषण की पोटली उपलब्ध कराने के लिए अभियान चला रहे हैं। इस अभियान से व्यापारियों को जोड़ने के लिए उन्होंने एक माह की पदयात्रा का कार्यक्रम बनाया गया है। वह शहर के सभी बड़े बाजारों में हजरतगंज, आलमबाग, अमीनाबाद, चौक, अलीगंज, कपूरथला, महानगर, इंदिरा नगर, तेलीबाग, गोमती नगर, राजाजीपुरम समेत अन्य व्यापारियों से दुकानों पर जाकर मिलेंगे। वहां मरीजों को गोद लेने का अनुरोध किया जाएगा।

### कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना की संशोधित समय-सारिणी जारी

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि ओ लेवल' एवं 'सी.सी.सी.' कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के द्वितीय चरण की समय-सारिणी में संशोधन किया गया है। सभी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारियों को निर्देशित किया कि संशोधित समय-सारिणी का जिले में अधिकतम प्रचार-प्रसार कराया जाए, ताकि एक भी पात्र पिछड़े वर्ग के युवा इस अवसर से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का उद्देश्य है कि पिछड़ा वर्ग के युवाओं को रोजगारपरक, गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे सरकारी, निजी और स्व-रोजगार क्षेत्रों में मजबूत रूप से स्थापित हो सकें। निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ. वन्दना वर्मा ने बताया कि द्य संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 20 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक प्रशिक्षणार्थी 'ओ लेवल' एवं 'सी.सी.सी.' पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। वे अपनी आवेदन प्रति एवं सभी आवश्यक अभिलेख निर्धारित तिथि तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय में जमा करेंगे।

# भाजपा की मुहिम में साथ दे रहा इलेक्शन कमीशन : अखिलेश

## सपा मुखिया ने सरकार पर किया हमला

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** अखिलेश यादव ने कहा कि ऐसा लगता है कि इलेक्शन कमीशन इस डेमोक्रेसी में भाजपा का ड्रीम पूरा करना चाहता है जिससे विपक्ष का वोट कट जाए। इधर जब से भाजपा खासकर उत्तर प्रदेश से हारी है उसके अंदर बेचैनी है। उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में अभी चुनाव दूर है। फिर इतनी जल्दबाजी क्यों दिखाई जा रही है। सरकार समय क्यों नहीं देना चाहती है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा लोकतंत्र मजबूत हो और संविधान के तहत पीडीए समाज को मजबूती मिले। आजादी के बाद बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान में हमें एक वोट डालने का अधिकार दिया। मतदाता का वोट स्वतंत्र रूप से पड़े, उसका अधिकार पूरा किया जाएगा तो उसका सपना पूरा होगा। वह जिसके पक्ष या विपक्ष में चाहेगा वोट डालेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि हम चाहते हैं कि सिंसेरिटी से काम हो एसआईआर का, यह जो बीएलओ की जान चली गई यह भी क्या ड्रामा था। उन पर काम का दबाव था। सर्वेश गंगवार, विजय वर्मा, विपिन यादव, अंजू दूबे की मौतें ड्रामा है क्या। बताया गया था कि बीएलओ की ट्रेनिंग होगी, जमीनी हकीकत है कि बहुत से बीएलओ गणना प्रपत्र तक नहीं भर पा रहे है, उसे अपलोड नहीं कर पा रहे है। कइयों ने अपने जानकारों को बुला लिया है। एक मां का गणना प्रपत्र भरवाने बंगलूरू से उनका बेटा आया। यादव ने कहा कि एसआईआर का मतलब है कि वोट बढ़े। लेकिन भाजपा ने ऐसे मौके पर एसआईआर शुरू कराई जब शादियों के दिन है। यह इसलिए कि वोट बढे नहीं। इलेक्शन कमीशन चाहता है कि एसआईआर में सावधानी से वोट कट जाए। यादव ने कहा कि भाजपा से संसाधनों में कोई मुकाबला नहीं कर सकता है। उसने कई बड़ी-बड़ी आईटी कम्पनियों की सेवाएं ली हैं। नोएडा में ऐसी कम्पनी काम कर रही हैं। इनको मोटा पैसा मिला है। इनका काम उत्तर प्रदेश में जिन बूथों पर भाजपा हारी है वहां एसआईआर के सहारे वोट नहीं बढ़ने देना है। उन्होंने कहा कि भाजपा महंगाई, बेरोजगारी पर न बात करती है न काम करती है। सांसद राजीव राय ने बताया है कि उनके लोकसभा क्षेत्र घोसी विधानसभा में 20 हजार वोट काटे गए जबकि अभी एसआईआर नहीं हुआ है। आगे 20 हजार वोट और कट गए तो कितने लोग मताधिकार से वंचित हो जाएंगे।

### अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित होंगे कार्यक्रम

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** समाजवादी पार्टी समस्त जिला मुख्यालयों पर 6 दिसम्बर को भारत के संविधान निर्माता एवं दलितों, वंचितों के मसीहा बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किये करेगी। इस अवसर पर भारत के संविधान निर्माण में उनकी भूमिका एवं उनके आदर्शों पर चर्चा की जाएगी।

# कौशल विकास मिशन निदेशक ने की बैठक

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन निदेशक पुलकित खरे की अध्यक्षता में डीसी एवं एमआईएस प्रबंधकों की जनपदवार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता, प्रगति, डाटा प्रबंधन, लक्ष्य प्राप्ति तथा प्रशिक्षण प्रदाताओं की कार्यप्रणाली पर विस्तृत चर्चा की गई। मिशन निदेशक ने निर्देशित किया कि सभी मंडलों में मंडल स्तरीय प्रतियोगिता 10 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए। प्रतियोगिता उपरांत प्रत्येक कौशल क्षेत्र से अवरोही क्रम में पांच-पांच पात्र अभ्यर्थियों के नाम मिशन कार्यालय को उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जनपद स्तर पर चयनित अभ्यर्थियों को प्राथमिकता के साथ मंडल स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें राज्य स्तर तक आगे बढ़ने का पूर्ण अवसर प्राप्त हो सके। मिशन निदेशक ने कहा कि सभी निर्धारित प्रशिक्षण बैचों का सुचारु संचालन मिशन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिससे अधिकाधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर स्थानीय रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट 'प्रवीण' के अंतर्गत राजकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना सरकार का लक्ष्य है।

# नुक्कड़ नाटक के जरिये एड्स से बचाव के प्रति किया जागरुक




**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** डाक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नगरीय स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण केन्द्र उजरियांव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक एवं संस्थान में विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा परिचर्चा कर लोगों को एड्स से बचाव के प्रति जागरुक किया गया। कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष, डॉक्टर एस.डी.काण्डपाल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के परिणामस्वरूप पूरे भारत में एड्स ग्रसित लोगों की संख्या 2010 की तुलना में वर्तमान में काफी कम हो गयी है। भारत में एड्स ग्रसित व्यक्तियों की संख्या लगभग 0.2 प्रतिशत है जबकि उत्तर प्रदेश में यह 0.1 प्रतिशत हैं। उन्होने कहा कि बीमारी का पता होने पर तुरन्त यदि एचआईवी व एड्स की जांच निकटतम सरकारी अस्पताल में करा ली जाए एवं एआरटी सेंटर से दवाओं का सेवन शुरू किया जाये तो संक्रमित मरीज भी स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकता है। एचआईवी से संबंधित जांच एवं दवाएं एआरटी सेंटर पर निःशुल्क उपलब्ध है।

### राज्यपाल ने दी असम स्थापना दिवस की शुभकामनाएं


**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने असम राज्य के स्थापना दिवस पर समस्त देशवासियों एवं असम प्रदेश के निवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि असम अपने समृद्ध इतिहास, अद्वितीय सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य, लोक-कलाओं, भाषाई विविधता तथा गौरवशाली परंपराओं के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि असम के परिश्रमी, प्रतिभाशाली एवं प्रगतिशील नागरिक अपने राज्य और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में इसी प्रकार योगदान देते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि असम की सदियों पुरानी सभ्यता, ब्रह्मपुत्र की धारा की तरह निरंतर आगे बढ़ती रही है और देश की एकता, अखंडता तथा सांस्कृतिक धरोहर को मजबूती प्रदान करती है। राज्यपाल ने असम के स्थापना दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों के जीवन में समृद्धि, सुख-शांति एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ व्यक्त की है।

# काव्य-संग्रह पर राजधानी में हुई साहित्यिक महफ़िल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।** उर्दू संस्था सिलसिला अदब का के द्वारा शेरोज़ कैफे गोमती नगर में आयोजित प्रसिद्ध शायरा साजिदा सबा के काव्य संग्रह किचन से क़लम तक पर चर्चा के दौरान डॉ.मिर्ज़ा शफीक हुसैन शफक ने अपने अध्यक्षता भाषण में कहा कि साजिदा सबा की कविता का मुख्य विषय सौंदर्य, प्रेम और दुःख है। ये तीन भावनाएँ मानव जीवन का सार हैं और साजिदा सबा ने अपनी कविता में इन तीन भावनाओं को बेहतरीन ढंग से व्यक्त किया है...प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता ताहिरा हसन ने साजिदा सबा की शायरी को उदाहरण के तौर पर पेश करते हुए कहा कि साजिदा की शायरी में समसामयिक मुद्दों को बेहद खूबसूरती से पेश किया गया है, नय्यर उमर ने साजिदा सबा की शब्द प्रणाली पर गहन शोधपत्र प्रस्तुत किया। इस प्रतिष्ठित साहित्यिक कार्यक्रम में साजिदा सबा, आमिर फारूकी, उमैर मंज़र, ताज रिज़वी और हिना रिज़वी और अन्य लेखकों और कवियों ने भी



किचन से क़लम तक और सोहेल आज़ाद की पुस्तक ग़ज़ल लेखन एक परिचय पर अपनी बहुमूल्य राय व्यक्त की। साजिदा सबा ने चर्चा के संचालन का दायित्व बड़ी शालीनता से निभाया। इस शुभ अवसर पर एक काव्य पाठ का भी आयोजन किया गया जिस में ताज रिज़वी, हिना रिज़वी, साजिदा सबा, आमिर फ़ारूक़ी, मालविका हरिओम, अहमद फ़राज़, हशीम फ़ारूक़ी ने अपनी ग़ज़लों से श्रोताओं का मनोरंजन किया। काव्य पाठ का संचालन राजकीय हुसैनाबाद कॉलेज के उर्दू विभाग के अध्यक्ष डॉ.मिर्ज़ा शफीक हुसैन ने अपने मख्सूस अंदाज में किया। मुख्य अतिथि के रूप में शेहला हक और आरिफ जुबैर ने शिरकत की,कविता पाठ के अंत में, सिलसिला अदब का की अध्यक्ष साजिदा सबा ने अतिथियों को सिलसिला अदब का के सुंदर स्वर्ण अक्षरों से सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से अजरा नजम, इमराना अज़मत, फरहीन इकबाल, तरन्नम असगर, सईदा आदि उपस्थित थे।



स्वतंत्र भारत

# बिजली बिल राहत योजना आज से लागू

## बकायेदारों के लिए 100 प्रतिशत ब्याज माफी व 25 प्रतिशत मूलधन में छूट




**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** सरकार की बहुप्रतीक्षित और उपभोक्ताओं के लिए अत्यंत लाभकारी 'बिजली बिल राहत योजना 2025-26 का सोमवार को पूरे प्रदेश में विधिवत शुभारंभ हो गया। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने प्रयागराज के सोरांव सब स्टेशन से इस ऐतिहासिक योजना की शुरुआत की। इसके पश्चात उन्होंने प्रतापगढ़ के कुंडा सब स्टेशन और रायबरेली जनपद के ऊंचाहार सब स्टेशन में भी मेगा कैंप का उद्घाटन किया। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यह योजना न केवल उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत प्रदान करेगी बल्कि बिजली विभाग और उपभोक्ता दोनों के बीच विश्वास व सहयोग के नए युग की शुरुआत करेगी। उन्होंने इसे सरकार की संवेदनशील और परिणामकारी कार्यप्रणाली का उदाहरण बताया।शुभारंभ समारोह में मंत्री श्री शर्मा ने पहले पंजीकरण करने वाले पाँच उपभोक्ताओं को प्रमाणपत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि आज की शुरुआत उन उपभोक्ताओं के लिए राहत की नई किरण है, जिन पर वर्षों से बकाया बिलों का बोझ बना हुआ था। योजना के प्रथम चरण में पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत ब्याज माफी एवं मूलधन पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त छूट मिलेगी, जिससे उनकी देनदारियाँ काफी कम हो जाएगी। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाया गया है। उपभोक्ता विभागीय वेबसाइट पर, संबंधित खंड या उपखंड कार्यालय, जन सेवा केंद्र या किसी भी विभागीय कैश काउंटर से से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। विभाग द्वारा व्यापक जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ पा सकें। योजना तीन चरणों में चलेगी। प्रथम चरण 1 दिसंबर 2025 से आरंभ होकर 31 दिसंबर 2025 तक चलेगा। द्वितीय चरण 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक तथा तृतीय चरण 1 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक चलेगा। प्रथम चरण में 100 प्रतिशत ब्याज के साथ मूलधन में 25 प्रतिशत की छूट द्वितीय चरण में 15 प्रतिशत की छूट एवं तृतीय चरण में 10 प्रतिशत की ही छूट दी जाएगी। वन-टाइम सेटलमेंट की यह सुविधा उन उपभोक्ताओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी है जिनके बिल ब्याज और सरचार्ज के कारण बहुत अधिक हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं की आर्थिक क्षमता को देखते हुए सरकार ने मासिक किस्तों में भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध कराई है ताकि उन्हें किसी प्रकार का बोझ न महसूस हो यह मासिक किस्त 750 एवं 500 की होगी। कार्यक्रम के दौरान ऊर्जा मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिविरों के माध्यम से उपभोक्ताओं को जानकारी दें, पंजीकरण प्रक्रिया को सुचारू और सरल बनाएं तथा सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि यह विभाग की जिम्मेदारी है कि योजना का फायदा हर जरूरतमंद परिवार तक पहुँचे।

# टीबी अस्पताल में बुजुर्ग महिला का कूल्हा प्रत्यारोपण

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** ठाकुरगंज टीबी संयुक्त अस्पताल में एक बुजुर्ग महिला का कूल्हा

- **अस्पताल में पहली बार डायरेक्ट एंटीरियर अप्रोच विधि से हुई सर्जरी**

प्रत्यारोपण किया गया। इलाज का खर्च आयुष्यान योजना से लिया गया। अस्पताल प्रशासन का दावा है कि पहली बार डायरेक्ट एंटीरियर अप्रोच (डीएए) विधि से कूल्हे के जोड़ का प्रत्यारोपण किया गया है। ठाकुरगंज टीबी संयुक्त अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि बीकेटी की महिला गुड्डी (68) का सड़क पार करते समय एक्सीडेंट हो गया था। उनकी कूल्हे का गोला टूट गया था। दो माह तक परिवारीजन गुड्डी को इधर-उधर डॉक्टरों को दिखाते रहे, लेकिन लाभ नहीं मिला। करीब पांच दिन पहले परिवारीजनों ने ठाकुरगंज अस्पताल में आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. राजेश प्रजापति को ओपीडी में दिखाया। डॉ. राजेश ने जांच आदि करवाकर कूल्हा प्रत्यारोपण की सलाह दी। परिवारीजनों की सहमति पर डॉ. राजेश ने कूल्हा प्रत्यारोपण किया।



डॉ. राजेश ने बताया कि अस्पताल में पहली बार डायरेक्ट एंटीरियर अप्रोच (डीएए) विधि से कूल्हा प्रत्यारोपण किया गया है। इस विधि में कूल्हे के जोड़ के प्रत्यारोपण के लिए एक न्यूनतम इनवेसिव सर्जिकल तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है। जिसमें जांघ के सामने से बीरा लगाकर मांसपेशियों के बीच के प्राकृतिक अंतराल से कूल्हे के जोड़ तक पहुंचा जाता है। इस विधि में प्रमुख मांसपेशियों को काटने की बजाए उनके बीच से रास्ता बनाया जाता है। जिससे सर्जरी के बाद दर्द कम होता है। रिकवरी तेजी से होती है। मरीज जल्दी अपनी दिनचर्या में लौट पाता है। मरीज खेती-बाड़ी के साथ जमीन पर पलथी मारकर बैठ सकता है। सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि मरीज का आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क ऑपरेशन किया गया है। ऑपरेशन करने वाली टीम में डॉ. राजेश प्रजापति के अलावा डॉ. शाहिद अंसारी, डॉ. एके पांडेय, नर्स नीतू और श्वेता आदि शामिल रहे।

# जम्बूरी में 38,485 लोगों ने लिया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** राजधानी में राष्ट्रीय जम्बूरी कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान 38,485 लोगों ने लिए स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी.सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के 33,000 से अधिक स्काउट्स,गाइड्स रेंजर्स एवं रोवर्स ने प्रतिभाग किया था। इसके अलावा अन्य देशों के स्काउट्स व गाइड्स आये थे। आयोजन स्थल पर विभाग द्वारा चरक जम्बूरी अस्पताल अस्थाई तथा सात डिस्पेंसरी बनायी गयी थी। जिसके माध्यम से आयोजन स्थल पर लोगों को 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं जिसमें ओपीडी, इमरजेंसी सेवा,अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी जांच, फिजियोथैरेपी, एक्स-रे ,मुफ्त चश्मा वितरण और रक्तदान सुविधा उपलब्ध कराई गयी। आठ दिवसीय आयोजन में लगभग 160 चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया ,उन्होंने 24 घंटे काम किया, वह सभी बधाई के पात्र हैं, सीएमओ ने बताया कि चरक जम्बूरी अस्पताल सात डिस्पेंसरी में कुल 38,485 की ओपीडी हुयी । 255 लोग अस्थायी अस्पताल में भर्ती हुई जिसमें से 137 पुरुष और 118 महिलाएं थीं। जिसमें 7 पुरुषों और 13 महिलाओं को जिला अस्पताल रेफर किया गया। इसके साथ ही आयोजन स्थल पर जांच की सुविधा भी उपलब्ध थी। 1845 की लैब जांच, 34 का ईसीजी, 17 का अल्ट्रासाउंड और 66 का एक्सरे किया गया। इसके अलावा 194 लोगों की फिजियोथेरेपी की गयी। कुल 46 चश्मों का वितरण हुआ । इस मौके पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया था जिसमें 40 लोगों ने रक्तदान किया।

# एमएसएमई, स्टार्टअप, कृषि और उद्योग क्षेत्र के लिए नई रणनीतियों पर गहन चर्चा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ ।** इंडियन इन्वेस्टर्स फेडरेशन के तत्वावधान में होटल ताज, गोमती नगर में आयोजित बैंकिंग लीडरशिप समिट एंड अवार्ड्स 2025 में देश के प्रमुख बैंकर्स, उद्योग जगत, नीति




विशेषज्ञों और उद्यमियों ने भाग लिया। उद्घाटन अजय ठाकुर (सीईओ, टीजीआई एसएमई कैपिटल) ने किया, जिन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में एमएसएमई सेक्टर तेजी से बढ़ा है और राज्य की जीडीपी ग्रोथ 8.2 प्रतिशत तक पहुंची है। अजीत कुमार मिश्रा (केनरा बैंक), साकेत (रेडिको खेतान), अजय खन्ना (सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया) और अमरेंद्र कुमार (बैंक ऑफ इंडिया) ने निवेश, उद्योग, पर्यटन और एमएसएमई फाइनेंस पर अपने विचार रखे। डॉ. शालिनी सिंह और सुधांशु रस्तोगी ने शिक्षा, कृषि और स्टार्टअप इकोसिस्टम पर चर्चा की, जबकि मुख्य वक्ता ब्रजेश कुमार सिंह (इंडियन बैंक) ने बैंकिंग सुधारों का रोडमैप प्रस्तुत किया।

उद्योग मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा कि सरकार निर्यात आधारित उद्योग, लॉजिस्टिक्स हब, हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग और एनआरआई निवेश को बढ़ावा दे रही है। समापन पर अदाणी ग्रुप, रेडिको, अमूल, मंसिंह गोयल ग्रुप, नवभारत डिफेंस सिस्टम सहित कई कंपनियों व बैंकों को सम्मानित किया गया। वहीं राजीव सिंह, अमित गोयल, मनीष कुमार, आशुतोष सिंह, प्रदीप कुमार आर, अमरेंद्र कुमार, अजीत कुमार मिश्रा, दीपक कुमार डे, सुधीर कुमार गुप्ता, ए.के. खन्ना, ब्रजेश कुमार सिंह, वंदना वर्मा, प्रवीण श्रीवास्तव आदि को व्यक्तिगत श्रेणियों में सम्मान मिला। कार्यक्रम का संचालन आर.के. शरण, डॉ. शालिनी सिंह, शरद सिंह, के.पी. सिंह, शरद श्रीवास्तव सहित आयोजन समिति के सदस्यों की देखरेख में हुआ। समिट ने उत्तर प्रदेश को औद्योगिक और बैंकिंग हब के रूप में उभारने की दिशा को और मजबूत किया।

# कैबिनेट की बैठक आज, कई प्रस्तावों पर लगेगी मुहर

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अध्यक्षता में प्रदेश कैबिनेट की बैठक मंगलवार को होगी। सुबह 11 बजे से लोकभवन में होने वाली इस बैठक में करीब 20 प्रस्ताव कैबिनेट के समक्ष रखे जाएंगे। इसमें औद्योगिक विकास, वित्त, पर्यटन, खेलकूद, स्टांप सहित अन्य विभाग कैबिनेट के समक्ष रखे जाएंगे। इनमें प्रयागराज में उपनिबंधक कार्यालय के लिए जमीन संबंधी प्रस्ताव शामिल है। इसके साथ ही पंचायतों में आरक्षण के लिए समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिल सकती है। इसी आयोग की देखरेख में वाडों व सीटों का आरक्षण तय होगा।

# शिविर लगाकर लोगों को दी हेपेटाइटिस से बचाव की जानकारी

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** विश्व एड्स दिवस पर आशियाना स्थित लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय के डिपार्टमेंट ऑफ ब्लड बैंक एवं आईएमआरटी कॉलेज गोमती नगर तथा लायंस क्लब के सौजन्य से शिविर का आयोजन किया गया। जनेश्वर मिश्र पार्क परिसर गोमती नगर स्लम एरिया में आयोजित कार्यक्रम में एड्स व एचआईवी,हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी एवं कंप्लीट ब्लड काउंट की जांच एवं बीमारी बचाव से संबंधित जानकारी दी गई। शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ लोकबंधु संयुक्त चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अजय शंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर पीसी तिवारी ,लैब प्रभारी श्रीप्रकाश उपाध्याय, आरके पांडेय, डॉक्टर ज्योति जायसवाल, डॉक्टर सारा, उपेंद्र, सुशील श्रीवास्तव, एम पी सिंह लायंस क्लब संस्था से विनीत श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर लोकबंधु चिकित्सालय परिसर में पोस्टर प्रतियोगिता का शानदार आयोजन के साथ नुक्कड़ नाटक करके जनमानस को एड्स के संबंध में प्रश्नोत्तरी के माध्यम से प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेताओं को पुरस्कार दिया गया एवं अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# जगह-जगह गंदगी देख अधिकारियों पर बरसे मंत्री

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सोमवार को सफाई व्यवस्था

- **जोनल अधिकारी सहित कई अधिकारियों का वेतन काटने के निर्देश**

का जायजा लिया। उन्होंने जोन-8 के कई वार्डों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल भी उनके साथ मौजूद रहीं। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर सफाई व्यवस्था की खराब स्थिति पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर जोनल अधिकारी विकास सिंह, जोनल सेनेटरी ऑफिसर जितेंद्र गांधी और एसएफआई मीरा राव सहित सभी संबंधित के एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई व्यवस्था सरकार की प्राथमिकता है और इसमें



किसी भी तरह की कोताही पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के भी निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री सर्वप्रथम जोन-8 के खरिका प्रथम वार्ड में पहुंचे, जहाँ तेलीबाग, सुभानी खेड़ा, देवी खेड़ा और मोहारीबाग क्षेत्रों में नालियों में समय पर सफाई न होने और सड़कों पर गंदगी पाए जाने पर अधिकारियों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी। महापौर खर्कवाल ने भी सफाई कर्मियों की अनुपस्थिति और ड्रेस कोड का पालन न होने पर असंतोष जाहिर किया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नागरिक सुविधाओं से जुड़ी सेवाओं की लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद मंत्री ने खरिका द्वितीय वार्ड का दौरा किया, जहाँ उन्होंने काशीराम कॉलोनी में जलनिकासी और सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को सफाई अभियान तेज करने और नालियों का नियमित रखरखाव करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव की समस्या न बढ़े, इसके लिए समय पर कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। सुरेश कुमार खन्ना इसके बाद जोन 8 के इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड पहुंचे जहां स्थित ईश्वरी खेड़ा गांव में भी स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। यहां सफाई व्यवस्था की बिगड़ी स्थिति देखकर मंत्री ने अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की और कड़े निर्देश दिए कि विस्तारित क्षेत्र की उपेक्षा कतई न की जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का दायित्व प्रत्येक मोहल्ले और गांव में समान रूप से सेवा उपलब्ध कराना है। राजा बिजली पासी प्रथम वार्ड के चिल्लावाँ बाजार, अमौसी क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान मंत्री जी को कई समस्याएं दिखाई दीं। यहां स्ट्रीट लाइटें खराब मिलीं और नाला उफनता पाया। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को नाला तुरंत साफ कराने के आदेश दिए। स्थानीय निवासियों ने पंपिंग स्टेशन पर इलेक्ट्रिक मोटर लगाने से जुड़ी समस्या भी मंत्री के संज्ञान में रखी, जिसके समाधान के लिए उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नाले के पानी की निकासी को सुचारू करने के लिए जल्द ही उचित समाधान लागू किया जाएगा।

# धान खरीद में लापरवाही न हो, खाते में हो भुगतान : योगी

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि धान क्रय केंद्र पर आने वाले हर अन्नदाता किसान का धान खरीदा जाए और भुगतान समय पर सीधे उनके खाते में पहुंच जाए।

- **मुख्यमंत्री ने की समीक्षा, अधिकारियों को दिये निर्देश**

सोमवार को धान खरीद की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि धान खरीद की गति तेज हो और किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष कॉमन धान का एमएसपी 2369 और ग्रेड का 2389 प्रति क्विंटल तय हुआ है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 69 रुपये अधिक है। अब तक 4,227 खरीद केंद्र संचालित हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ाकर 5000 की



जाए, ताकि किसानों को अपने गांव-कस्बे के निकट ही सुविधा उपलब्ध हो सके। अधिकारियों ने जानकारी दी कि 30 नवंबर तक 1,51,030 किसानों से 9.02 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है और 1,984 करोड़ से अधिक की राशि सीधे किसानों के खातों में भेजी गई है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि भुगतान में देरी किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि मिड-डे मील और आंगनबाड़ी केंद्रों में फोर्टिफाइड चावल की सप्लाई निर्बाध रूप से सुनिश्चित की जाए। इसके लिए पर्याप्त उपलब्धता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एफआरके सप्लाई सुचारु रखने हेतु वेंडरों की संख्या बढ़ाई जाए और तकनीकी अड़चनों का तत्काल समाधान किया जाए। बैठक में बताया गया कि अब तक लगभग 2,130 मीट्रिक टन एफआरके गुणवत्ता परीक्षण में उत्तीर्ण हुआ है।

मुख्यमंत्री ने खरीद केंद्रों पर आवश्यकता के अनुसार मैनपावर बढ़ाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र पर भीड़ न लगे और किसानों को वापस न जाना पड़े, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने धान उठान, मिल-मैपिंग और अन्य प्रक्रियाओं को और सरल बनाने पर भी जोर दिया, ताकि खरीद सुचारु और निरंतर गति में बनी रहे। बैठक में खाद और बीज की उपलब्धता पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि किसी भी जिले में खाद या बीज की कमी नहीं होनी चाहिए और किसानों को दोनों वस्तु आसानी से उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग स्टॉक और आपूर्ति की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करें।

# बुद्धेश्वर महादेव मंदिर को सजाने-संवारने के लिए खुला खजाना

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग मोहान रोड, आलमनगर स्थित बुद्धेश्वर महादेव मंदिर को संवारने के लिए तेजी से कार्य में जुटा है। मंदिर के सौंदर्यीकरण

- **सरकार ने 2.31 करोड़ से अधिक धनराशि स्वीकृत की**

के लिए 2.31 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गई। वर्तमान में परिसर में आगंतुक सुविधाओं के उन्नयन, आवाजाही में सुधार और ऐतिहासिक महत्त्व को संरक्षित करने से जुड़े कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। यह परियोजना पूरी होने के बाद मंदिर परिसर अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त रूप में नजर आएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मंदिर के कई हिस्सों में सुधार कार्य तेजी से चल रहा है, जिनमें नया ग्रेनाइट मार्ग, संरचनात्मक सुरक्षा के लिए रिटेनिंग वॉल, और नया मुख्य प्रवेश द्वार शामिल है। सरकार प्रमुख धार्मिक स्थलों को बेहतर सुविधाओं से मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। बुद्धेश्वर महादेव मंदिर लखनऊ के सबसे पुराने शिव मंदिरों में से एक है और हजारों भक्तों के लिए महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे में जल्द से जल्द इस पौराणिक स्थल को संवारने का काम चल रहा है। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि, मंदिर परिसर में नया ग्रेनाइट मार्ग लगभग तैयार है। इसके साथ ही मंदिर की सीमा को सुरक्षित रखने और कटाव रोकने के लिए एक मजबूत रिटेनिंग वॉल बनाई जा रही है। नया बड़ा प्रवेश द्वार भी तैयार हो रहा है, जिससे मंदिर में प्रवेश और अधिक साफ-सुथरा और व्यवस्थित होगा।

राजा बख्शी द्वारा स्थापित यह बुद्धेश्वर महादेव मंदिर भस्मासुर की प्रसिद्ध कथा से जुड़ा है। स्थानीय मान्यता के अनुसार, भगवान शिव द्वारा वरदान देने के बाद जब भस्मासुर उसे भगवान शिव पर ही आजमाने लगा तो देवता इसी स्थान पर आए और समाधान खोजा। माना जाता है कि यहीं उन्हें भस्मासुर का ध्यान भटकाने के लिए नृत्य का उपाय सुझा। फिर नृत्य करते-करते भस्मासुर ने अपना हाथ अपने सिर पर रखा और स्वयं ही भस्म हो गया। इसी कथा से मंदिर के नाम की उत्पत्ति भी जुड़ी मानी जाती है। महाशिवरात्रि पर यहां भारी संख्या में भक्त दर्शन के लिए आते हैं। माना जाता है कि यहां का शिवलिंग स्वयं प्रकट हुआ है और किसी मनुष्य द्वारा स्थापित नहीं किया गया। यह भी विश्वास है कि स्वयं सीता और लक्ष्मण ने इसी शिवलिंग पर जल चढ़ाया था, जिससे मंदिर का महत्व और बढ़ जाता है।

# आधुनिक उपकरणों से लैस होंगे 14 अस्पताल

## डिप्टी सीएम ने दी 9.80 करोड़ रुपये की स्वीकृति

**स्वतंत्र भारत, ब्यूरो, लखनऊ।** यूपी के 14 अस्पतालों को आधुनिक उपकरणों से लैस किया जाएगा। इसके लिए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लगभग 9.80 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृत प्रदान की है। इससे मरीजों को राहत मिलेगी।



प्रदेश सरकार मरीजों के इलाज में लापरवाही बरतने वालों पर शिकंजा कस रही है। लगातार ड्यूटी से गायब डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। वहीं, मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए संसाधन भी बढ़ा रही है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि बीकेटी स्थित साढ़ामऊ के रामसागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय के लिए 2.70 करोड़ रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस बजट से उपकरण खरीदे जाएंगे। बलरामपुर जिला महिला चिकित्सालय में 1.52 करोड़ रुपये से उपकरण आदि क्रय किए जाएंगे। रायबरेली जिला चिकित्सालय में 1.56 करोड़ रुपए, महाराजगंज जिला संयुक्त चिकित्सालय में 1.16 करोड़, कानपुर नगर के एएचएम डफरिन चिकित्सालय में 16.47 लाख रुपये, बागपत जिला संयुक्त चिकित्सालय को 28.55 लाख रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति को मंजूरी दी गई है। गोरखपुर के 100 शैय्या क्षय रोग सह सामान्य चिकित्सालय में 51.59 लाख रुपये, जिला चिकित्सालय में 78.45 लाख रुपए की अत्यधिक मशीनें स्थापित की जाएंगी। हमीरपुर के दीवान शत्रुघ्न सिंह संयुक्त चिकित्सालय में 3.35 लाख रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई है। बस्ती हरैया के 100 शैय्या महिला चिकित्सालय में 8.68 लाख रुपए की मशीनें लगेंगी। इटावा के डॉ. भीमराम आंबेडकर संयुक्त जिला चिकित्सालय में 38.96 लाख, वाराणसी में मानसिक चिकित्सालय में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण के लिए उपलब्ध कराई गई भूमि से चिकित्सालय परिसर को अलग किया जाएगा। इससे चहारदीवार का निर्माण होगा। इसके लिए 1.27 करोड़ रुपए अवमुक्त किए गए हैं।

### अल्ट्रासाउंड मशीन खराब होने से नाराज

आलमबाग, चंदरनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में अल्ट्रासाउंड मशीन खराब होने चोरी की घटनाएं बढ़ने व मरीजों के भोजन में कमियों पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। डिप्टी सीएम ने सीएमओ को पूरी मामले की जांच के आदेश दिए हैं। एक सप्ताह में रिपोर्ट सौंपनी होगी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मीडिया में छपी खबर का संज्ञान लिया है। जिसमें एक साल से अल्ट्रासाउंड मशीन खराब होने का जिक्र किया गया है। मरीजों के भोजन से हरी सब्जियां और फल गायब हैं। भोजन की गुणवत्ता भी सवालों के घेरे में है। मीडिया रिपोर्ट में अस्पताल में लगातार चोरी की घटनाओं का भी जिक्र किया गया है। डिप्टी सीएम ने पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच के आदेश सीएमओ को दिए हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों को समुचित इलाज व सुविधा मिलनी चाहिए। अल्ट्रासाउंड मशीन जल्द से जल्द ठीक कराई जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाएं। मरीजों को शुद्ध व पौष्टिक भोजन मुहैया कराया जाए।





# पीड़ित महिलाओं को अब भटकना नहीं पड़ेगा : डीजीपी

**-घर जाकर महिला पुलिसकर्मी दर्ज करेंगी बयान**

**-अदालत के आदेश पर यूपी के डीजीपी ने जारी किया फरमान**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** यूपी के सूबे में अब पीड़ित महिलाओं को भटकना नहीं पड़ेगा। अदालत के आदेश पर महिलाओं की पीड़ा को संज्ञान में लेते हुए पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण द्वारा ने जारी किए गए फरमान में कहा कि पीड़ित महिलाओं का बयान दर्ज करने के लिए महिला पुलिसकर्मी उनके घर जायेंगी।

किसी भी मामलों में पीड़ित महिलाओं को थाना या फिर बयान देने के लिए अदालत की चौखट पर जातीं थीं।

इस मामले को संज्ञान में लेते हुए हाईकोर्ट ने आदेश दिया है। उच्च न्यायालय के आदेश पर डीजीपी राजीव कृष्ण फरमान जारी किया है कि पीड़ित महिलाओं को अब भटकना नहीं पड़ेगा। उनकी पीड़ा सुनने और उनका बयान दर्ज करने के लिए महिला पुलिसकर्मी खुद चलकर उनके घर जायेंगी। डीजीपी ने अपने बयान में कहा कि इस दौरान पीड़ित महिलाओं का बयान की वीडियो ग्राफी करना जरूरी होगा।

पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के निर्देश मिलते ही यूपी के सभी जिलों की पुलिस इस कार्य योजना को अमलीजामा पहनाने के प्रयासरत है।

# मनीस कुकरेती ने एरिया कमान का पद ग्रहण किया

## सेना प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट पेशेवर क्षमता हमेशा सर्वोपरि

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मेजर जनरल मनीष कुकरेती ने आज औपचारिक रूप से मध्य उत्तर प्रदेश सब एरिया का कमान दायित्व ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने स्मृतिका स्मारक, केंद्रीय कमान में पुष्पचक्र अर्पित कर मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राण अर्पित करने वाले वीर सैनिकों को विनम्र श्रद्धांजलि दी। भारतीय सेना की पहचान अनुशासन, प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट पेशेवर क्षमता हमेशा सर्वोपरि रहेगी, और मध्य उत्तर प्रदेश सब एरिया इन मूल्यों को और दृढ़ता से आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित है।



उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों का कल्याण मध्य उत्तर प्रदेश सब एरिया की निरंतर प्राथमिकता रहेगा। संचालन, प्रशासन और आधारभूत सुविधाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में प्रयास और अधिक गति और संवेदनशीलता के साथ जारी रहेंगे। मेजर जनरल मनीष कुकरेती पूर्व में जाट रेजिमेंटल सेंटर, बरेली के कमांडेंट के रूप में कार्यरत थे। उनके अनुभवों और प्रशासनिक दक्षता से सैनिकों के हितों के प्रति संवेदनशीलता के साथ नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा। और सभी अफसरों के समेत जवानों को एकजुट होकर इसको नई ऊँचाइयों पर ले जाने का लिया संकल्प।

# सुजीत पाण्डेय बने डीजी राज्यपाल ने दी स्वीकृति

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी सुजीत पाण्डेय, आईपीएस (बैच 1994) को प्रदेश का नया पुलिस महानिदेशक (डीजी) बनाने की औपचारिक मंजूरी दे दी है। यह पदोन्नति आज से प्रभावी होगी, अथवा जिस तिथि को वह कार्यभार ग्रहण करेंगे–दोनों में जो भी बाद में होगा। सुजीत पाण्डेय की तैनाती से संबंधित विस्तृत आदेश शासन द्वारा अलग से जारी किया जाएगा। राज्यपाल की ओर से प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने यह आदेश निर्गत किया है।

आदेश जारी होने के साथ ही अब सुजीत पाण्डेय को डीजी पद की जिम्मेदारी संभालने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। वरिष्ठ आईपीएस सुजीत पाण्डेय को यूपी पुलिस के कुशल, अनुशासित और रणनीतिक अधिकारी के तौर पर जाना जाता है। उनके नेतृत्व में पुलिस प्रशासन में नई ऊर्जा और सुदृढ़ता की उम्मीद जताई जा रही है।

# हर्ष फायरिंग में १० वर्षीय बच्चे को लगी गोली

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उप्र के नोयडा थाना जारचा क्षेत्र के ग्राम नगला चमरू में बारात चढ़त के समय हुई हर्ष फायरिंग में एक बच्चे को गोली लग गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने इस घटना को कारित करने वाले दो लोगों को हिरासत में लिया है। बच्चे को उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उसकी हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। बताया जाता है कि जिस हथियार से हर्ष फायरिंग हुई है वह लाइसेंसी है। एक रिटायर्ड फौजी के नाम से इसका लाइसेंस है। उसका बेटा हथियार लेकर रात को बारात में आया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) सुधीर कुमार ने बताया कि आज सुबह को सुनील कुमार पुत्र टेकचंद निवासी ग्राम नगला चमरू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 30 नवंबर की देर रात को उनके गांव में रहने वाले सतीश की बेटी की शादी 30 नवंबर को रात को थी बारात खैरपुर गांव से आई थी । रात के समय बारात की चढ़त हो रही थी। उनका बेटा कृष उम्र 10 वर्ष बारात को चढ़ते हुए देख रहा था। इसी बीच बारातियों ने हर्ष फायरिंग करनी शुरू कर दी। उनके अनुसार बारातियों द्वारा की गई हर्ष फायरिंग की वजह से उनके बेटे के सिर में गोली लग गई। वह मौके पर मूर्छित होकर गिर गया। उसे उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अपर उपायुक्त ने बताया कि मौके से हथियार भी बरामद कर लिया गया है।

# दो बालकों के शव मिले, हत्या की आशंका

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के जनपद बलिया में फेफना थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में

**-बलिया में बोरे के अंदर तो वहीं प्रतापगढ़ में बालक का शव घर के पीछे मिला**

रविवार से लापता बालक का शव सोमवार को बोरे के अंदर बंधा मिला। पुलिस को प्रथम दृष्टया हत्या कर शव को यहां फेंका गया है वहीं प्रतापगढ़ जिले में अंतू थाना क्षेत्र के चौबेपुर गांव में एक छह वर्षीय बालक का शव उसके घर के पास मिला घर के बगल आई बरात में शामिल होने के लिए गया था रात में ही वह बारात से गायब हो गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शवों को कब्जे में लेकर मामले में जांच पड़तार कर रही है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि फेफना थाना क्षेत्र स्थित आमडारी गांव में रविवार की रात से लापता रामजी वर्मा का पुत्र शिवम (10)पुत्र प्रेमचन्द वर्मा का शव एक बोरी में बंधा हुआ गांव में घर के पिछे मिला है। वह देर शाम को घर के बाहर से खेलते हुए लापता हो गया था काफी खोजबीन के बाद जब वो नहीं मिला तो परिजनों ने बेटे के लापता होने की जानकारी पुलिस को दी थी। थाना प्रभारी ने मामला दर्ज कर पुलिस फोर्स के साथ आसपास के पूरे क्षेत्र में ढूंढा, लेकिन वो नहीं मिला। सोमवार की सुबह गांव के ही प्रेमचन्द्र वर्मा के घर के पीछे बोरी में लापता किशोर का शव शव मिला है। तत्काल मौके पर पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, क्षेत्राधिकारी सदर, थाना स्थानीय की पुलिस फोर्स, फारेन्सिक टीम व स्वाट सर्विलांस टीम पहुंच गई। एसपी ने बताया कि परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली गई है। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। मैंने खुद भी मौके का निरिक्षण किया है। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कृपाशंकर के नेतृत्व में घटना की जांच के लिए चार टीमों का गठन किया हैं, शीघ्र ही खुलासा किया जाएगा।

## बारात गए बालक का शव खेत में मिला

उत्तर प्रदेश के चौबेपुर गांव निवासी बाबूलाल का पुत्र यश (6) घर के बगल आई बारात में शामिल होने के लिए गया था। आधी रात के बाद से वह बारात से गायब हो गया। उसकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चला। सुबह उसकी लाश घर के पास मिली। सुबह ग्रामीणों ने शव देखा तो सनसनी फैल गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। क्षेत्राधिकारी नगर प्रशांत राज ने बताया परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# सपरिवार राम मंदिर पहुंचे अवधेश प्रसाद, गर्भगृह में किया पूजन

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** 25 नवंबर के दिन हुए राम मंदिर ध्वजारोहण कार्यक्रम को लेकर अयोध्या से सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने आरोप लगाया था कि उन्हें इस कार्यक्रम में इसलिए आमंत्रित नहीं किया गया क्योंकि वह दलित समाज से आते हैं। राम मंदिर ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद सपा सांसद अवधेश प्रसाद अपने परिवार के साथ राम मंदिर गए और रामलला के दर्शन और पूजन किया।

गर्भगृह में विधि विधान से पूरा अर्चना की। जब सपा सांसद मंदिर से बाहर आ गए तो उन्होंने भाजपा सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए।

मीडिया से मुखातिब सपा सांसद ने मंदिर दर्शन के बाद कहा कि ध्वजारोहण कार्यक्रम में उन्हें इसलिए नहीं बुलाया गया था क्योंकि वह दलित हैं। कार्यक्रम में देश की राष्ट्रपति को भी इसलिए आमंत्रित नहीं किया गया था क्योंकि वह भी वंचित समाज से आती हैं। प्रभु राम के राज मेंभेदभाव नहीं था, भाजपा भेदभाव की राजनीति कर रही है। उन्हें कार्यक्रम से ठीक एक दिन पहले तक निमंत्रण का इंतजार था। 24 नवंबर तक हम इंतजार करते रहे। अगर हमें निमंत्रण मिलता तो हम नंगे पैर रामलला के चरणों में पहुंचते लेकिन हमें नहीं बुलाया गया क्योंकि हम दलित बिरादरी से आते हैं।

उन्होंने अयोध्या जिलाधिकारी से इस मामले को लेकर बात की थी, मगर उन्हें कोई साफ जवाब नहीं मिला। सपा सांसद ने राम मंदिर की तारीफ करते हुए कहा कि मंदिर बहुत सुंदर बना है। प्रभु श्रीराम की असीम कृपा है कि हमें अयोध्या में जन्म मिला।

मैं चाहता हूं कि धर्म ध्वजा सदा शान के साथ लहराती रहे। प्रभु राम पूरे देश को सुख और समृद्धि दें, आपसी भाईचारा बनाए रखें। उन्हें रामलला के दर्शन करने के बाद मन की शांति मिली है।

# बीएलओ की आत्महत्या की घटनाओं पर मायावती ने जताई चिंता

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एसआईआर की प्रक्रिया के

**संसद में गंभीर चर्चा की उठाई मांग**

दौरान बीएलओ की ओर से आत्महत्या करने की घटनाओं पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने चिंता जताई है। उन्होंने मांग उठाई कि संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान बीएलओ समेत प्रमुख मुद्दों पर सही से चर्चा होनी चाहिए। बसपा मुखिया मायावती ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म श्एक्सश् पर लिखा, ष्संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो रहा है, जिसके हर सत्र की तरह इस बार भी काफी हंगामेदार होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।उन्होंने लिखा, ष्हमारी पार्टी चाहती है कि संसद के दोनों सत्र सुव्यवस्थित व शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हों। देश व जनहित के जरूरी मुद्दों पर, खासकर राजधानी दिल्ली आदि में वायु प्रदूषण के कारण आ रही भारी परेशानी और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर व्यावहारिक तौर पर हो रही परेशानियों, आपत्तियों व इस कार्य के मुख्य कर्ताधर्ता बीएलओ की दिक्कतों, उनकी ओर से की जा रही खुदकुशी की दुखद घटनाओं पर सही से चर्चा हो सके। साथ ही साथ, इन समस्याओं का उचित समाधान निकलने की दिशा में सार्थक प्रयास हो सके। उन्होंने आग्रह करते हुए कहा कि सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप लगाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि व्यापक देश व जनहित साधने के लिए संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सत्ता और विपक्ष दोनों को राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर उठकर पूरी तरह से संवेदनशील और गंभीर होने की जरूरत है। ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश में इन दिनों एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है, जिसे लेकर विरोधी दल सरकार और चुनाव आयोग को घेर रहे हैं।

# ग्रीन-फील्ड लिंक एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिये पांच करोड़ रुपये मंजूर

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोडने् के लिए ग्रीन-फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना के तहत वृहद निर्माण कार्य के लिए पाँच करोड़ रूपये की धनराशि मंजूर की है। इस सम्बन्ध में औद्योगिक विकास विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि धनराशि का आहरण तात्कालिक आवश्यकता के अनुसार किया जाएगा और किसी भी वित्तीय अनियमितता के लिए यूपीडा उत्तरदायी होंगे।

# हर व्यक्ति को न्याय दिलाना सरकार की प्राथमिकता : मौर्य



**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार अपने लखनऊ कैम्प कार्यालय पर जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कई सैकड़ा लोगों की व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, वृद्धजन व युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने समस्याओं को सीधे उप मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया। अधिकतर प्रकरणों में भूमि विवाद, राजस्व संबंधित मुद्दे, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी की समस्याएं, पुलिस कार्यवाही से सम्बन्धित, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़े मामले रहे।श्री मौर्य ने कहा कि जनता दर्शन आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है, जिससे जमीनी हकीकत सामने आती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन मामलों में आवश्यक हो, वहां मौके पर जाकर निरीक्षण किया जाए और पीड़ितों को समयबद्ध राहत प्रदान की जाए। जरूरतमंदों व पात्र लोगों को हर सम्भव सरकारी सुविधाओं का भरपूर लाभ मिलना ही चाहिए। सरकार आम जनता की भलाई के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और जनहित सर्वोपरि है। उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सरकार हर संभव कदम उठाएगी और कोई भी पीड़ित निराश न लौटे-यही प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।श्री मौर्य ने जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण किया जाए।

# एक-एक फरियादी से मिले मण्डलायुक्त

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** मण्डलायुक्त ने जनसुनवाई के दौरान लापरवाह अफसरों के प्रति तेवर सख्त दिखा कर फरियादियों को जल्द न्याय दिलाने और कार्यवाही का आश्वासन दिया। सोमवार को ठीक दस बजे मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत अपने कार्यालय में बैठ जाते हैं,फरियादी सुबह से अपनी-अपनी अर्जी लेकर बैठे थे,उन्हें उम्मीद है कि मण्डलायुक्त की कलम से न्याय जरूर मिलेगा कुर्सी पर बैठते ही मण्डलायुक्त् अपने अर्दली से फरियादियों को बुलाना शुरू कर देते हैं। फरियादी लखनऊ जिले के अलावा हरदोई,सीतापुर,उन्नाव, रायबरेली,खीरी से आ रहे हैं। मण्डलायुक्त के पास जमीनों से जुड़े मामलों की ज्यादा अर्जी सामने प्रस्तुत हुयी। प्रत्येक पीड़ित और फरियादी की एक-एक बात सुनकर कार्यवाही के लिए मातहितों को निर्देश देते हैं। जनसुनवाई में मोहनलालगंज के पूर्व सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर दर्जनों फरियादियों के साथ पहुंचे। एक-एक फरियादी की अर्जी पर मण्डलायुक्त ने सुनवाई करके कार्यवाही के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त के दिवस अधिकारी राधेश्याम को आयुक्त की तरफ जो निर्देश मिल रहे थे,वह सम्बंधित अफसरों को कार्यवाही के लिए कह रहे थे। लखनऊ के बंथरा नगर पंचायत के अंतर्गत जमीनों पर अवैध कब्जे की शिकायतों पर कमेटी बनाने के निर्देश दिए इसी तरह पारा कनौसी क्षेत्र में नगर निगम की कीमती भूमि पर अवैध कब्जे की अर्जी पर सम्बंधित राजस्व विभाग के लेखपाल और नायब तहसीलदार से रिपोर्ट मांगी गयी।

स्वतंत्र भारत

## वर्गीकृत

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल 2012 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र अनुक्रमांक 2266264 वास्तव में कहीं खो गया है सन्दीप कुमार मिश्रा पुत्र-दिलीप कुमार मिश्रा माता-श्याम देवी पता-जानकीपुर, सिराथू कौशाम्बी।

सी.आर.-1879/ D-27

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता के सरनेम की स्पेलिंग मेरे हाईस्कूल के सर्टिफिकेट में त्रुटिवश RAIS UDDIN SIDDIKI लिखा है। जबकि सही स्पेलिंग RAIS UDDIN SIDDIQUI है। जो मेरे आधार पैन में भी अंकित है। मोहम्मद रेहान S/o RAIS UDDIN SIDDIQUI R/o- 23C/3C/1B करामत की चौकी करैली-प्रयागराज।

सी.आर.-1879/ D-36

### सूचना

सूच्य हो कि मेरा सही नाम राधादेवी पत्नी पुत्तीलाल निवासी भठिया पोस्ट असन्द्रा जिला बाराबंकी है। सरकारी अभिलेखों में भी यही नाम अंकित है। एलआईसी पॉलिसी न. 215441793 में गलती से ज्ञान कुमारी अंकित हो गया है। अतः मुझे राधादेवी के नाम से जाना पहचाना जाए व पॉलिसी में मेरा नाम राधादेवी अंकित किया जाये।

सी.आर.-1880/ D-41

### सूचना

सूचित किया जाता है मेरे पास सुरक्षित रखा बैनामा/बिक्री विलेख सिलसिला नम्बर 5546, दिनांक 10-07-2013, संबंधी संपत्ति ग्राम कुदौली जलालाबाद वास्तव में गुम हो गया है। उक्त दस्तावेज़ के किसी प्रकार का उपयोग वैध नहीं होगा अथवा दुरुपयोग माना जायेगा। सूरजपाल सिंह पुत्र गंगाराम अल्हागंज, शाहजहांपुर।

सी.आर.-1881/ D-41

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**(साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मेजा प्रयागराज**
**मूलवाद 2600 सन 2017**
**दिनेश आदि बनाम विजय शंकर आदि**

दिनेश उम्र करीब 30 वर्ष पुत्र सूर्यबली निवासी ग्राम केशव पट्टी, तहसील मेजा तप्पा-84 परगना खैरागढ़ इलाहाबाद (वादीगण)

**बनाम**

बैजनाथ उम्र करीब 38 वर्ष पुत्र नन्द किशोर निवासी ग्राम केशव पट्टी तहसील मेंजा टप्पा 84-परगना खैरागढ़ इलाहाबाद (प्रतिवादीगण)

चूंकि ... ऊपर नामांकित ने इस न्यायालय से आवेदन किया है आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025 के 12 के 16 दिवस को बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनादिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षी रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर सहित आज के दिवस को निकाला गया।

**नियत तिथि - 16/12/2025**

**न्यायाधीश**

सी.आर.-1879/ D-CN

## पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेण्डर ई निविदा सूचना संख्या एन-235-62 टेली टेण्डर 11-2025

उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/टेली/मुख्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर एवं कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेण्डर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले टेण्डरदारों से ई-टेण्डर आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना सं0:** एन-235-62 टेली टेण्डर 11-2025 **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के पीएफए कार्यालय, पीसीएमडी कार्यालय, पीसीई कार्यालय, विधि कार्यालय और पीसीसीएम कार्यालय में वर्कस्टेशनों और कॉम्पैक्टर्स प्रावधान के साथ-साथ दूरसंचार सुधार से सम्बंधित कार्य का प्रावधान। **निविदा लागत:** ₹ 27,85,103.73/- (सताईस लाख पचासी हजार एक सौ तीन रुपये एवं तिहत्तर पैसे मात्र) **बिड सिक्यूरिटी (बयाना धनराशि) : ₹ 55,700/- ऑफर की वैधता:** 60 दिन **निविदा खोलने एवं बंद होने का स्थान तिथि तथा समय :** कार्यालय मण्डल सिग्नल एवं दूर संचार इंजी/टेली, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर, दिनांक-23.11.2025 समय 11:00 बजे। **कार्य के पूर्ण करने की अवधि :** 03 (तीन) माह। मूल निविदा में किसी तरह के परिवर्तन के लिए कृपया इन्टरनेट वेबसाइट पर जारी शुद्धि पत्र का अवलोकन करें। विस्तृत निविदा सूचना निविदा प्रपत्र योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट http/www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। नोट: निविदादाता/बिडर को अपने बिड के साथ सभी निर्दिष्ट संलग्नों/फॉर्मेट/अनुलग्नक को अपलोड करना होगा।

**उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजी/टेली/मुख्य. गोरखपुर**

मुजाधि/सिगनल-70

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **23.12.2025** को **15:00** बजे तक है आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | **012602025 dated 29.11.2025** |
| कार्य का नाम | वरिष्ठ मंडल इंजीनियर चतुर्थ लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में SLN-ZBD खंड के ब्रिज संख्या 118 UP तथा AYC-SLN खंड के ब्रिज संख्या 80 पर 473 संख्या स्टील चैनल स्लीपरों को H-बीम स्टील स्लीपरों से बदलने तथा LKO-SLN-ZBD खंड में स्टील चैनल स्लीपरों के लिए आवश्यक कमी वाले फिटिंग्स के प्रतिस्थापन का कार्य। |
| अनुमानित लागत | ₹1,87,19,456.46 |
| धरोहर राशि | ₹ 2,43,600.00 |
| कार्य समापन की अवधि | स्वीकृति पत्र की तिथि से 12 माह |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 09.12.2025 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 23.12.2025 15:00 बजे |
| बेबसाईट | www.ireps.gov.in |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3715/2025

## कार्यालय नगर पंचायत बरवर-खीरी

पत्रांक 354/न0पं0ब0/ई-प्रोक्योरमेण्ट/निर्माण कार्य/15वांवि0आ0/2025-26 दिनांक 29.11.2025

**निविदा आमन्त्रण सूचना/ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस**

समस्त ठेकेदारो/फर्मों को सूचित किया जाता है कि पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाइड/अनटाइड) व अवस्थापना निधि योजना से नगर पंचायत बरवर खीरी को प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों की जिलाधिकारी महोदय खीरी की स्वीकृति दिनांक 30.07.2025 के कम में लिए ई-निविदा बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर **दिनांक 29.11.2025 को अपरान्ह 2:00 बजे से दिनांक 19.12.2025 को अपरान्ह 05:00 बजे तक** अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा की समस्त निविदाओं को **दिनांक 20.12.2025 को अपरान्ह 11.00 बजे** गठित निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से ज्ञात की जा सकती है।

**लिपिक** न0 प0 बरवर-खीरी | **अधिशासी अधिकारी** न0 प0 बरवर-खीरी | **अध्यक्ष** न0 प0 बरवर-खीरी

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

पत्रांक:- /98काम-गो0वृ0/25-26 दिनांक

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्षाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है ।

| क0 सं0 | जनपद/खण्ड/विधान साभ का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में) | धरोहर धनराषि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित) | ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | विधानसभा क्षेत्र-कटराबाजार | | | | | |
| 1 | गोण्डा/निर्माण खण्ड-2/ | मलौनाडीहा से घमसड़ा छतौरा स्कूल होते हुए बरबटपुर बाजार सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत | 81.50 | 6.10 | 2600.00 | 2 माह | ए.बी |
| 2 | गोण्डा/निर्माण खण्ड-2/ | सी0के0 रोड किमी0 24 से जगदीशपुर बल्दी से बसभरिया होते हुए मुंजेड़ सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य | 98.70 | 6.95 | 2600.00 | 5 माह | ए.बी |
| 3 | गोण्डा/निर्माण खण्ड-2/ | बहराईच मार्ग से तिवारीपुरवा पूरे पाठक होते हुए डीहा (उमरा) सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत | 37.30 | 3.75 | 2600.00 | 2 माह | ए.बी.सी |
| 4 | गोण्डा/निर्माण खण्ड-2/ | आर्यनगर खरगूपुर मार्ग पर गोकरन शिवाला से गौनरिया सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत | 43.70 | 4.20 | 2600.00 | 2 माह | ए.बी.सी |
| | | विधानसभा क्षेत्र-करनैलगंज | | | | | |
| 5 | गोण्डा/निर्माण खण्ड-2/ | चचरी प्रहलादगंज मार्ग से काशीपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 33.90 | 3.40 | 2600.00 | 2 माह | ए.बी.सी |
| 6 | गोण्डा/निर्माण खण्ड-2/ | रौतनपुरवा से खालेपुरवा बैशनपुरवा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 34.90 | 3.50 | 2600.00 | 2 माह | ए.बी.सी |
| 7 | गोण्डा/निर्माण खण्ड-2/ | कोनहटाडीहा सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 95.20 | 6.80 | 2600.00 | 5 माह | ए.बी |

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट- http://etender.up.nic.in पर दिनांक 04.12.2025 से 16.12.2025 तक दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 16.12.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 16.12.2025 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेबसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 16.12.2025 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई-पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा ।

**(विनोद कुमार त्रिपाठी)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, गोण्डा**

**(योगेन्द्र सिंह)**
**अधीक्षण अभियन्ता**
**गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा**

उ0प्र0 241755 दिनांक- 01.12.2025 Web.: www.upidadv.gov.in

# सिर्फ फाइलों तक सिमटा हजरतगंज मालखाना

## मालखाना में तैनात मुय आरक्षी सस्पेंड, जिमेदार अफसरों की अनदेखी उजागर

राजा शेख

**स्वतंत्र भारत लखनऊ।** किसी भी थाना या कोतवाली के दो मुख्य अंश होते हैं एक शस्त्रागार तो दूसरा मालखाना।

कमिश्नरेट लखनऊ की सबसे नामचीन कोतवाली हजरतगंज के बारे में यह जानकार आपको ताज्जुब होगा कि यहां के मालखाना इंचार्ज की मौत के बाद कई वर्षो से मालखाना इंचार्ज पोस्ट ही नहीं किया गया। जब काफी समय बिना इंचार्ज के बीत गया तब खाली पड़े मालखाना इंचार्ज के लिए मुख्य आरक्षी आशीष गुप्ता को पोस्ट किया गया लेकिन वह उसी दिन छुटटी पर चलते बने और कई माह तक वापस ही नहीं लौटे।




■ कई वर्षो से बिना इंचार्ज के पड़ा है मालखाना

आखिरकार इस लापरवाही के चलते दीवान आशीष को रविवार डीसीपी मध्य ने सस्पेंड कर दिया जिसके बाद फिर से मालखाना खाली हो गया। हजरतगंज कोतवाली मालखाना इंचार्ज प्रिय कुमार तिवारी की बीमारी के चलते मौत हो गयी थी। लापरवाही इस कदर की कई सालों से बिना इंचार्ज के ही मालखाना राम भरोसे चलता रहा। जब काम में दिक्कत आने लगी तो 2026 में मुख्य आरक्षी अशीष गुप्ता की पोस्टिंग की गयी लेकिन वह उसी दिन लंबी छुटटी पर चले गये और फिर न आने के तमाम बहाने लिखित में भेजते रहे। इस तरह से दीवान को गैर हाजिर हुए करीब चार से पांच माह बीत गये। जब चर्चा तेज हुई तब डीसीपी ने दीवान को सस्पेंड कर दिया। अब सवाल यह उठता है कि थाने की इस अहम विंग मालखाना की आखिरकार देख रेख कौन करेगा यह बड़ा सवाल है। ऐसे में मालखाना में जमा तमाम रिकवरी सोना चांदी असलहे वगैरह की देख रेख कैसे हो पायेगी।

सूत्रों की माने तो कुछ माह पूर्व मालखाने में हुई गड़बड़ी की वजह से कोई अपनी पोस्टिंग नहीं करा रहा है। उसे डर है कि कहीं पोस्टिंग के बाद कुछ गड़बड़ी हुई तो उसकी जिम्मेदारी उस पर आयेगी। आखिरकार इस महत्वपूर्ण पोस्टिंग पर अफसर गंभीर क्यों नहीं है। ऐसे तमाम अनसुलझे सवाल उत्पन्न हो रहे हैं और कोतवाली कई वर्षो से बिना मालखाना इंचार्ज के संचालित हो रही है।

# ट्रक ने स्कूल से लौट रहे छात्र को कुचला, मौत





**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बेकाबू ट्रक ने साइकिल सवार छात्र को रौंद दिया। ड्राइवर ने मौके से भागने के चक्कर में आगे चल रही कार को भी जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। घटना में छात्र की मौके पर मौत हो गई, जबकि कार सवार दो युवकों समेत ट्रक ड्राइवर घायल हो गया। हादसे के बाद हाईवे पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने तीनों घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना सोमवार को बीबीडी थाना क्षेत्र में किसान पथ पर हुई।

मृतक की पहचान बीबीडी थाना क्षेत्र के मेहोरा लौलाई के रहने वाले शनि (15) के रूप में हुई। शनि जुग्गौर के सरकारी स्कूल में नौवीं का छात्र था। शनि सोमवार शाम करीब सवा चार बजे साइकिल से स्कूल से वापस लौट रहा था। बाराबंकी के बहरौली का रहने वाला राकेश ट्रक (टाटा चेसिस) को लेकर गोसाईगंज की ओर जा रहा था। किसान पथ पर दुघरा गांव के पास साइकिल से स्कूल से लौट रहे शनि को चपेट में ले लिया। मौके से भागने के चक्कर में उसने आगे चल रही कार को जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे कार सवार सचिन यादव और उसका दोस्त आनंद यादव घायल हो गए।

हादसे में ट्रक चालक राकेश को भी चोट आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने शनि को मृत घोषित कर दिया। शनि के परिवार में मां सीता और दो भाई-बहन हैं।

घटना की जानकारी के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी। छात्र को चपेट में लेने के बाद ड्राइवर गाड़ी भगाता रहा।

इससे आगे चल रही कार में टक्कर मारी, जिससे गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। ट्रक चालक भी घायल हो गया, जिसे लोगों ने पकड़ लिया। घटना के बाद इंस्पेक्टर बीबीडी राम सिंह ने बताया- सचिन और आनंद का उपचार चल रहा है।

आरोपी ड्राइवर राकेश को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद हिरासत में लिया जाएगा।

## खबर एक नजर

### संदिग्ध हालात में किशोर लापता, गुमशुदगी दर्ज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** मड़ियांव थाना क्षेत्र से एक किशोर संदिग्ध हालात में लापता हो गया है। 15 वर्षीय शाहिदुल इस्लाम शुक्रवार से अपने घर नहीं लौटा है। वह मड़ियांव स्थित रामानुजम हाई स्कूल में कक्षा आठ का छात्र है। परिजनों के अनुसार, शाहिदुल इस्लाम शुक्रवार को स्कूल गया था। उसी दिन उसका जन्मदिन भी था और उसने अपने दोस्तों को पार्टी दी थी। छुट्टी के बाद उसके एक दोस्त ने बताया कि शाहिदुल मड़ियांव चौराहे की ओर चला गया था। जब शाहिदुल घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। शाहिदुल इस्लाम मड़ियांव थाना अंतर्गत नौबस्ता कल्लू बगिया में रहता है। इस मामले में मड़ियांव थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। नौबस्ता के बीट इंचार्ज अंकुर आनंद ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और किशोर की तलाश में पोस्टर भी जारी किए गए हैं। पुलिस किशोर को ढूंढने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

### दबंग युवक ने की युवती से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में एक युवती ने गांव के ही युवक पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुरौनी गांव निवासी मानसी लोधी ने बंथरा थाने में अमन रावत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मानसी के अनुसार, शनिवार रात करीब 10:30 बजे अमन रावत उसके घर के बाहर आया और बिना किसी कारण गाली-गलौज करने लगा। जब मानसी ने उसे रोका, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गई। मानसी का शोर सुनकर उसका भाई आशीष और छोटी बहन अंजू मौके पर पहुंचे। आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट की। इसके बाद अमन रावत जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। बंथरा पुलिस ने मानसी की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### किसान पथ के किनारे मिला युवक का शव

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। उसका शव किसान पथ के किनारे पड़ा मिला। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी उपेंद्र सिंह ने बताया- किसान पथ के किनारे एक युवक का शव मिला है। युवक की पहचान नहीं हो सकी है। शव मेन हाईवे पर पड़ा देख पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस टीम युवक की शिनाख्त में लगी है। प्रारंभिक जांच में हादसा लग रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ साफ हो पाएगा।

### पैदल जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** लखनऊ के गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में रविवार रात एक सड़क हादसे में 36 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना लखनऊ-सुल्तानपुर मार्ग पर सक्षम डायग्नोस्टिक के सामने रात करीब 10:30 बजे हुई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, भोला का पुरवा निवासी नीरज कुमार (36) पुत्र स्वर्गीय भारत सिंह पैदल जा रहे थे, तभी किसी वाहन ने पीछे से उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर से नीरज गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायल नीरज को सीएचसी गोसाईंगंज ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सीएचसी गोसाईंगंज से मिली सूचना के आधार पर मृतक का पंचायतनामा भरा गया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए लखनऊ मॉर्चुरी हाउस भेज दिया गया है। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश कर रही है। इस संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### लखनऊ में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ चेकिंग अभियान

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह सेंगर के निर्देश पर सोमवार को शहर के दक्षिणी जोन में झुग्गी-झोपड़ियों और अस्थायी बस्तियों में रह रहे संदिग्ध व अवैध घुसपैठियों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) निपुण अग्रवाल और एसीपी कृष्णनगर रजनीश वर्मा ने बताया कि बिजनौर थाना पुलिस के साथ संयुक्त रूप से एयरपोर्ट क्षेत्र तथा आसपास के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के पास स्थित बस्तियों में जांच की गई। टीम ने न्यू गुड़ौरा और एयरपोर्ट बाउंड्री वॉल के निकट रहने वाले लोगों के आधार कार्ड, वोटर आईडी, राशन कार्ड सहित अन्य पहचान पत्रों की गहन जांच की। चेकिंग के दौरान मौजूद व्यक्तियों से स्थाई पता, रोजगार और लखनऊ आने के कारणों से संबंधित जानकारी भी प्राप्त की गई। बरामद दस्तावेजों में दर्ज पतों के सत्यापन के लिए संबंधित जिलों व थानों को पत्राचार भेजा जा रहा है।

# कारागार महानिदेशक ने जेल का किया दौरा



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** महानिदेशक कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं पीसी मीना ने सोमवार को जिला कारागार सिद्धार्थनगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर की सुरक्षा, बेरकों की साफ-सफाई के साथ रशोई घर से लेकर अस्पताल, मुलाकात कक्ष, रिकार्ड रजिस्टर समेत विभिन्न इकाइयों का अवलोकन किया। उन्होंने जेल मैनुअल के अनुसार बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की भी जानकारी ली। महानिदेशक ने बंदियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और सुधारात्मक गतिविधियों में सहभागिता के बारे में बातचीत की दौरान उन्होंने बताया कारागार में चल रहे कौशल विकास कार्यक्रम, शिक्षा कक्षाएं, योग ध्यान गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कारागार कर्मियों को निर्देश दिया कि बंदियों के पुनर्वास हेतु और अधिक प्रभावी प्रयास किये जाने के साथ ही सभी सुधारात्मक कार्यक्रमों को और मजबूती प्रदान करने का आवाहन किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक सचिन वर्मा सहित अन्य कर्मचरिगण उपस्थित रहे।

# दूसरा निकाह कर पति सऊदी अरब रफूचक्कर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** राजधानी के मड़ियांव थाना क्षेत्र में एक महिला ने पति पर शादी के बाद छोड़कर विदेश भाग जाने का आरोप लगाया है। साथ ही पति पर तीन साल से कोई संबंध नहीं रखने की बात भी कही। जब वो बात करने ससुराल गई तो गाली देकर भगा दिया गया। पीड़ित महिला ने शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का निकाह साल 2022 में नौबस्ता, नबी नगर निवासी मोहम्मद आरिफ से हुआ था। पीड़िता इससे पहले भी शादीशुदा थीं। उनके पहले पति की मौत के बाद वे अपनी 7 साल की बेटी हिफ्ज़े अहमद मंसूरी के साथ मायके में रहती थीं। अकेलेपन के चलते परिजन रिश्ता करने को राजी हो गईं। परिचित इस्तियाक हाजी, रसूल बक्श और सलमान ने रिश्ता करवा दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरिफ ने खुद पहली पत्नी होने की बात स्वीकार करते हुए कहा था कि वह दोनों को साथ रखेगा। निकाह के बाद आरिफ पीड़िता को अपने घर ले गया, लेकिन महज चार दिन साथ रखने के बाद अचानक सऊदी अरब चला गया। तब से न फोन किया, न मिलने आया और न ही खर्चा भेजा। पीड़िता के मुताबिक आरिफ को गए लगभग तीन साल हो चुके हैं। करीब छह महीने पहले जब पीड़िता पति के घर पहुंची तो वहां उसके बहनोई सलीम मिले। आरोप है कि उन्होंने पीड़िता को गंदी-गंदी गालियां देकर भगा दिया। पीड़िता ने अब पूरे मामले की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। मामले में इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा का कहना है कि मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही है।

# रोडवेज बस ने महिला को कुचला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** रोडवेज बस ने महिला को कुचल दिया। इसमें महिला का सिर बुरी तरह सड़क पर पिचक गया। वह अपने तीन बच्चों के साथ लखनऊ अपनी मौसी के नए घर में प्रवेश के कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। लौटते समय हादसा हो गया। घटना चारबाग स्टेशन के बाहर की रविवार सुबह की है। उन्नाव के गंगाघाट थाना क्षेत्र के आदर्शनगर शुक्लागंज की संगीता रावत (40) के रूप में हुई। बेटे राहुल के मुताबिक, उसकी मां नगर निगम में फोर्थ ग्रेड कर्मचारी के तौर पर काम करती थीं। संगीता फुट ओवरब्रिज के पास से परिवार के साथ सड़क पार कर रही थीं। परिवार ने बस को हाथ दिखाकर सड़क पार करने के लिए पास मांगा। बस रुकी तो बड़ा बेटा राहुल आगे बढ़ गया। उसके बाद बस चल गई, जिसकी चपेट में महिला आ गई। दो छोटे बच्चों को (एक लड़का- एक लड़की) बस की हल्की टक्कर लगी। जैसे ही संगीता का एक्सीडेंट हुआ, आसपास के लोगों ने दौड़कर बस ड्राइवर को पकड़ लिया। उसके बाद पुलिस बुलाकर सौंप दिया। मृतका के दोनों घायल बच्चों को अस्पताल ले जाया गया, जहां से मामूली उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। टक्कर मारने वाली बस को जब्त करते हुए उसके ड्राइवर को हिरासत में ले लिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस ड्राइवर नशे में था। उसने महिला के ऊपर बस चढ़ाने के बाद भागने की कोशिश की। उसे लोगों ने पकड़ लिया। उसकी पिटाई भी की। बाद में सूचना देकर पुलिस के हवाले कर दिया। पोस्टमॉर्टम हाउस में कुछ परिजन, रिश्तेदार पहुंच गए। वहां मौजूद बेटे राहुल ने बताया कि मैंने हाथ दिखाकर सड़क पार की। बस रुक गई थी लेकिन मेरे पार होने के बाद बस तेजी से आगे बढ़ी। मेरी मां के ऊपर ड्राइवर ने बस चढ़ा दी। मेरे साथ अब दो छोटे भाई-बहन हैं। अब हमारे मां-बाप कोई नहीं बचा। हमारा कोई सहारा नहीं है।

# युवक ने लगाई फांसी, मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** 19 साल का युवक फांसी पर लटक गया। घटना के समय भाई नहाने बाथरूम गया था। नहा के वापस आया तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया। बार-बार आवाज देने पर भी जब भाई ने दरवाजा नहीं खोला तो उसने आस-पास के लोगों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर गई तो मृतक को पंखे से लटका पाया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना सरोजनी नगर में सोमवार दोपहर हुई। मृतक की पहचान सीतापुर जिले के लहरपुर थाना अंतर्गत लालपुर बाजार के रहने वाले दिव्यांशु राज के रूप में हुई। दिव्यांशु अपने छोटे भाई अर्पित राज के साथ सरोजनी नगर के शांति नगर में शैलेश चौरसिया के मकान में किराए पर रहता था। वह सीतापुर के एक कॉलेज से बीएससी प्रथम वर्ष की प्राइवेट पढ़ाई कर रहा था और पारा स्थित प्रतिभा अकादमी में क्रिकेट की ट्रेनिंग भी लेता था। दिव्यांशु का छोटा भाई अर्पित स्काई पब्लिक स्कूल में कक्षा 10 का छात्र है। घटना से तीन दिन पहले, दिव्यांशु का चचेरा भाई अभिषेक भी बार काउंसिल का पेपर देने लखनऊ आया था और उनके साथ ही रुका हुआ था। सोमवार सुबह अर्पित स्कूल चला गया था, जबकि अभिषेक बाथरूम में नहा रहा था। इसी दौरान सुबह करीब 9:30 बजे दिव्यांशु ने अपने कमरे के अंदर पंखे में चादर के सहारे लटककर फांसी लगा ली। जब अभिषेक नहाकर लौटा तो उसने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया।अभिषेक ने कई बार आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। उसने खिड़की से झांक कर देखा तो दिव्यांशु पंखे के हुक से चादर के सहारे लटका हुआ मिला। अभिषेक ने तुरंत आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी। सभी की मदद से दरवाजा तोड़कर दिव्यांशु को नीचे उतारा गया और तत्काल सरोजनी नगर सीएचसी ले जाया गया। सीएचसी में चिकित्सकों ने दिव्यांशु को मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता अमरेश कुमार अपने मूल गांव स्थित सरकारी जूनियर स्कूल में अध्यापक हैं। मां सरोजनी देवी की करीब 8 वर्ष पहले मौत हो चुकी है। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पुलिस के अनुसार, युवक द्वारा यह कदम उठाने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल, पुलिस मामले की गहन जांच पड़ताल कर रही है।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को रौंदा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** पारा में सड़क हादसे में 27 साल युवक सलमान की मौत हो गई। वह आलमबाग रेलवे कॉलोनी का निवासी था और पेंटिंग का काम करता था। यह घटना रविवार-सोमवार की दरमियानी रात को हुई। सलमान रविवार देर शाम अपने पड़ोसी शानू की शादी में शामिल होने के लिए बुद्धेश्वर चौराहे के पास स्थित एक मैरिज लॉन गया था। रात करीब 1 बजे वह अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, जब सलमान सरोज अस्पताल के पास तिकोनिया तिराहे के निकट पहुंचा, तभी एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने तेज रफ्तार और लापरवाही से उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सलमान सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों और परिवारजनों की मदद से सलमान को तत्काल लोकबंधु अस्पताल, आलमबाग ले जाया गया। उसकी हालत नाजुक होने के कारण डॉक्टरों ने उसे किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ रेफर कर दिया। इलाज के दौरान सोमवार सुबह सलमान ने दम तोड़ दिया। मृतक के पिता पप्पू खान ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पुलिस में तहरीर दी है और कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# रिटायर्ड आईएएस के मकान के बाहर मिला महिला का शव



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में गोमतीनगर थाना क्षेत्र के विशालखंड-दो में सोमवार को रिटायर्ड आईएएस प्रीतम सिंह के आवास पास एक महिला का शव मिला। मृतका की पहचान न होने पर मामला संदिग्ध मानकर गोमतीनगर पुलिस ने अज्ञात में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम भेजकर आगे की कार्रवाई में जुट गईं।

गोमतीनगर थाना प्रभारी ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि विशालखंड-दो में रिटायर्ड आईएएस प्रीतम सिंह के आवास के पास एक महिला के शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर वह स्वयं पुलिस बल के साथ पहुंचे तो देखा कि आवास के बाहर सड़क किनारे नाली के ऊपर शव को दीवार के सहारे टिकाकर रखा गया था। राहगीरों को कई घंटों तक यही लगा कि कोई महिला बैठी है, लेकिन दोपहर तक कोई हरकत न होने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो यह जांच में पता चला कि वह महिला की डेडबॉडी है। शरीर पर चोट के कई निशान पाए गए। पूरे शरीर पर घसीटने के कारण मिट्टी लगी हुई थी, जबकि पैरों पर पकड़कर खींचे जाने जैसे निशान भी मिले हैं। महिला की उम्र लगभग 45 वर्ष प्रतीत हो रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन शव की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है।

फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण और परिस्थितियों की पुष्टि हो सकेगी। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज पुलिस खंगाल रही है।

# संवाद व संवेदनशीलता से बनेंगे प्रभावी अधिकारी : योगी

■ आईपीएस के 2023 व 2024 बैच के 23 प्रशिक्षु अधिकारियों से मिले सीएम

■ आपकी तत्परता, भाषा और प्राथमिकता पर ही टिका होता है पीड़ित का विश्वास



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के बैच 2023 और 2024 के प्रशिक्षु अधिकारियों को सफल, प्रभावी और सिटीजन सेंट्रिक पुलिस अधिकारी बनने के लिए 'संवाद, संवेदनशीलता और सकारात्मकता' का मंत्र दिया है। सोमवार को 23 प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ औपचारिक भेंट के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसा विशाल राज्य पुलिस के लिए चुनौतियों वाला है। इसलिए आप प्रशिक्षु अवधि को सीखने, समझने और अपने पुलिसिंग मॉडल को मजबूत बनाने का सुनहरा अवसर मानें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपदों में प्रशिक्षण के दौरान यह सीखना सबसे आवश्यक है कि वास्तविक समस्याओं का प्रभावी और संतुष्टिपरक समाधान कैसे किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि पुलिस हमेशा फर्स्ट रिस्पांडर होती है। आपकी तत्परता,भाषा और प्राथमिकता पर ही पीड़ित का विश्वास टिका होता है।

मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षुओं को सलाह देते हुए कहा कि प्रशिक्षण अवधि में थाने का चार्ज, उसके प्रशासन, विवेचना, ड्यूटी मैनेजमेंट और स्थानीय विवादों की प्रकृति को बहुत बारीकी से समझें। मुख्यमंत्री ने कहा कि थाना बेहतर पुलिसिंग की नींव है। ह्यमन इंटेलिजेंस आज भी किसी भी पुलिस अधिकारी का सबसे बड़ा हथियार है। स्थानीय लोगों से संवाद, फील्ड में उपस्थिति और विश्वास ही आपको मजबूत बनाते हैं। मुख्यमंत्री ने 'थाना, सर्किल तथा पुलिस लाइन' तीनों की कार्यप्रणाली, संसाधनों और चुनौतियों को समझने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इन तीनों स्तरों का सामंजस्य ही किसी जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करता है। जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संवाद गरिमापूर्ण और संयमपूर्ण होना चाहिए। कैजुअल अप्रोच पुलिस अधिकारी के लिए उचित नहीं है। जनप्रतिनिधि जनता की आवाज होते हैं, उनके साथ तालमेल कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाता है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से महिलाओं के प्रति अपराध, साइबर क्राइम और अवैध ड्रग्स के नेटवर्क के खिलाफ सतर्कता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपराध की प्रकृति तेजी से बदल रही है, इसलिए आपकी प्रतिक्रिया और तैयारी भी उतनी ही आधुनिक और त्वरित होनी चाहिए। डिजिटल फॉरेंसिक, साइबर टूल्स और तकनीक का कुशल उपयोग सीखें। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि पुलिस सेवा में सत्यनिष्ठा, अनुशासन और मानवीय दृष्टि ही सबसे बड़ी पूंजी है। आपका आचरण आने वाले वर्षों में न केवल कानून-व्यवस्था को दिशा देगा, बल्कि प्रदेश की सुरक्षा और जनता के विश्वास को भी मजबूत करेगा।

# पिता की मौत, बहन ने मांगा जमीन में हिस्सा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो लखनऊ।** पिता के निधन के बाद जमीन में हिस्सा मांगने वाली अविवाहित नर्स/ बहन संयोगता (32) की उसके भाई श्योराज ने सिर पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। घर में ही घटना को अंजाम देकर अभियुक्त अपनी पत्नी और बच्चों को लेकर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। एसपी अमित कुमार आनंद ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस की तीन टीमें अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हैं। पुलिस के मुताबिक अविवाहित बहन संयोगता (32) की उसके भाई श्योराज ने सिर पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। दिनदहाड़े घर में ही घटना को अंजाम देकर अभियुक्त अपनी पत्नी और बच्चों को लेकर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। एसपी अमित कुमार आनंद ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस की तीन टीमें अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हैं। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के नन्हेड़ा अलियारपुर गांव में हुई। यहां पर दिवंगत भगवान दास का परिवार रहता है। भगवान दास सिंचाई विभाग में चपरासी रहे थे उनके परिवार में पत्नी हुकुम देवी के अलावा बेटा श्योराज और तीन बेटी शकुंतला, ममता और संयोगता हैं। बड़ी बेटी शकुंतला और ममता की शादी हो चुकी है। लिहाजा दोनों अपनी ससुराल में रहती हैं। जबकि संयोगता करीब पांच साल से मुरादाबाद के निजी अस्पताल में नर्स का काम करती थी और यहीं पर एक युवक के साथ लिव-इन में रहती थी। बीते 16 अक्तूबर को भगवान दास का निधन हो गया था जिसके बाद से संयोगता गांव में ही रहने लगी। पुलिस के मुताबिक, पिता की मौत के बाद संयोकता उनकी जमीन में बराबर का हिस्सा मांगती थी, जिसे लेकर संयोगता और उसके भाई श्योराज के बीच विवाद चल रहा था। सोमवार की सुबह करीब 11 बजे संयोगता, उसका भाई श्योराज और माता हुकुम देवी घर पर थे। जबकि श्योराज की पत्नी मनु और बच्चे खेत पर थे। इस बीच संयोगता और श्योराज के बीच जमीन को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी के दौरान जैसे ही उनकी माता हुकुम देवी नहाने के लिए बाथरूम गईं तभी श्योराज ने घर के भीतर चारपाई पर बैठी संयोगता के सिर पर धारदार हथियार या लोहे की रॉड से वार कर हत्या कर दी।

नहाकर कमरे में आईं हुकुम देवी ने बेटी को लहूलुहान हालत में पड़ा देखा तो उनकी चीख निकल गई। अभियुक्त भाई श्योराज घटना को अंजाम देकर भाग गया। थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही देहात थानाध्यक्ष सनोज प्रताप सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और जांच-पड़ताल की। सुरक्षा के लिहाज से सीओ सिटी अभिषेक यादव और डिडौली कोतवाली इंस्पेक्टर हरीश वर्धन सिंह भी मौके पर पहुंच गए।

एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर साक्ष्य जुटाए।

> जमीन को लेकर बहन की हत्या करने का आरोप उसके भाई पर लगा है मृतका और अभियुक्त की मां हुकुम देवी की तहरीर पर श्योराज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें में लगाई गई हैं जल्दी ही पकड़ लिया जाएगा घर से अभियुक्त की पत्नी और बच्चे फरार हैं। **अमित कुमार आनंद, पुलिस अधीक्षक अमरोहा**

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## गंभीर समस्या


इस समय नई पीढ़ी की बुनियाद में सबसे बड़ी दरार बनकर मोबाइल और उसमें इंटरनेट की व्यापक दुनिया खड़ी हो गई है। इसका बड़ा कारण यह है कि किशोर या नाबालिगों सहित नेट की सुविधा रखने वाला प्रत्येक व्यक्ति इसके अलग-अलग प्लेटफार्म पर मौजूद अराजक, आपत्तिजनक और अश्लील सामग्री तक अपनी पहुंच बड़ी आसानी से बना लेता है। यह रुझान इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि कई देशों ने सोशल मीडिया और इस तरह के अन्य इंटरनेट प्लेटफार्म को अवयस्कों एवं किशोरों के लिए प्रतिबंधित भी कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया और डेनमार्क जैसे देशों ने तो बाकायदा इसके लिए कानून भी बना दिए। हमारे देश में भी इस समस्या को लेकर आवाज उठाई जा रही है कि इसके लिए कारगर और ठोस नियमन निर्धारित किया जाए। अब तो सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा है कि एक स्वायत्त नियामक संस्था बनाई जाए जो उसे पर रोक लगा सके। उसका सुझाव है कि इंटरनेट पर मौजूद अश्लील या वयस्क प्रकृति की सामग्री को बच्चों से दूर रखने के लिए आधार की संख्या से आयु की पुष्टि करने की व्यवस्था बनाने पर भी सोचा जाना चाहिए। दरअसल इंटरनेट के उपयोग को लेकर दो पहलू हैं। पहला तो यह कि पढ़ाई-लिखाई से लेकर रोजगार तक और मनोरंजन आदि के लिए नेट से काफी हद तक मदद मिलती है। इसलिए इस पर निर्भरता का क्षेत्र काफी विस्तृत हुआ है। लेकिन दूसरा पक्ष यह है कि जिस साइबर तकनीकी ने इतनी सुविधा दे रखी है, उसी में ऐसी सामग्री भी बहुतायत में है जो उतने ही विस्तृत रूप से बेहद नुकसानदायक है। समस्या इस लक्ष्य के समस्या इस लक्ष्य के मद्देनजर भी जटिल हो जाती है कि नई तकनीक और प्रौद्योगिकी के तेजी के साथ होते जा रहे विस्तार के वर्तमान समय में समाज तथा इसका व्यवस्थागत ढांचा भी बड़े पैमाने पर बदल रहा है। ऐसे में नियमन का प्रारूप और प्रक्रिया निर्धारित करते समय यह सावधानी भी बरतनी बहुत आवश्यक होगी कि इसके नाम पर लोकतंत्र और अभिव्यक्ति के अधिकार का हनन होने पाए। वर्तमान पढ़े-लिखे समाज की बौद्धिक गतिविधियां जिस तरह हर क्षेत्र में बढ़ रही हैं, उसमें ऐसे टकरावों-विवादों का उभरना अब कई बार सामने आया है। इसलिए एक अत्यंत व्यापक दायरे के परिप्रेक्ष्य में इंटरनेट के नकारात्मक प्रभाव से निपटने के लिए कदम उठाना जरूरी होता जा रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि अन्य देशों की तरह भारत सरकार भी इस बारे में प्रभावी पहल शीघ्र करेगी।

## उचित निर्देश

सरकारी और निजी बसों के दिल दहला देने वाले हाथ से अब नहीं बात नहीं रह गए हैं देश भर के किसी न किसी हिस्से से ऐसी दुर्घटनाओं की खबरें बराबर आती रहती हैं उत्तर प्रदेश में भी ऐसे मामले हुए हैं हादसे हुए ऐसे भी हुए जिनमें चलती बस में आग लग गई और कई यात्रियों की जलकर मौत हो गई यह साधारण घटनाएं नहीं है लेकिन खेत जनक बात यह कि इन्हें उसे गंभीरता से नहीं लिया गया जिसमें कोई प्रभावी कदम उठाया जाता जांच और कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई गई हालांकि इसे लेकर सरकारी तौर पर अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया लेकिन एक शिकायत का संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने जरूर कदम बढ़ा दिए हैं आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाली स्लीपर कोच बसों को हटाने का निर्देश दिया है मुद्दा यह था कि कुछ बसों में ड्राइवर का केबिन यात्री डिब्बे से पूरी तरह अलग होता है जिससे किसी आपात स्थिति में आज का समय पर पता लगा पाना और सूचना देना मुश्किल हो जाता है आयोग से भी यह कहा गया कि सार्वजनिक परिणाम बेसन की डिजाइन मेंगंभीर खामियां यात्रियों के जीवन को खतरे में डाल रही हैं यह कोई बहुत रहस्य की बातें नहीं है जो एकाएक सामने लगी गई हो हर ऐसे हादसे के बाद उन्हें उठाया जाता रहा है लेकिन केवल खाना पूरी करने के परंपरा निभाते हुए उनकी पूरी तरह उपेक्षा कर दी जाती है रही या ना तो जिम्मेदारी निभाने वाली बात है और ना ही इसमें मानवी संवेदना का ही कोई कंवेक्शन है यह कुछ ऐसा है कि बस मालिकों और परिवहन विभागों को केवल भारी भरकम किराया चाहिए वह तो हो गया बाकी बात खत्म आगे जिसका जैसा मुकद्दर हो किसी सार्वजनिक या निजी सेवा के लिए ऐसा गद्य में धारा खानी रवैया कतई उचित नहीं हो सकता वह भी तब जब सेवा के बदले में मनमाना पैसा लिया जा रहा हो व्यवसाय तो व्यवसाय ही है लेकिन उसमें नैतिकता का लोप तो नहीं होना चाहिए। एनएचआरसी की शक्ति से यह स्थिति सुधर जाए तो उसे बहुत बड़ी उपलब्धि माना जाएगा वैसे यह कोई अच्छा चलन नहीं है कि जब तक आधार से या आयोग आदेश निर्देश न दें तब तक कोई सरकारी काम सही ढंग से नहीं होगा।



## कांव-कांव



♦♦♦

तीन राज्यों से तीन आतंकी गिरफ्तार
**खोजते रहिए अभी और मिलेंगे!**

पाकिस्तान गाजा में सेना भेजने को तैयार
**इसी बहाने हमास की मदद तो हो जाएगी!**

बलिया में मंत्री के विवादास्पद बोल
**कह देंगे बयान तोड़ा-मरोड़ा गया!**

देश में 10.66 प्रतिशत वयस्क किसी मानसिक विकार से पीड़ित
**खुराफात करते रहेंगे तो और क्या होगा!**

पुलिस बनकर 80000 की ठगी
**यह है 'एडवांटेज खाकी'!**

तेंदुलकर से 'विराट' हुए कोहली
**लोग तो आपकी चली-चला की सोच रहे थे!**

♦♦♦

# मजदूरों की मुश्किलें

**– अजीत द्विवेदी**

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार का एक स्थायी दावा होता है कि वह जो भी काम कर रही है वह सबसे बड़ा काम है या ऐसा काम पहले कभी नहीं हुआ। तभी छह साल पहले 2019 में भारतीय संसद से पास चार श्रम कानूनों को लागू करते हुए ऐसा ही दावा किया गया है। हैरानी की बात है कि अनेक मीडिया समूह भी अपने संपादकीय में इन कानूनों को इसी रूप में पेश कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास में किसी भी केंद्र सरकार द्वारा किया गया सबसे बड़ा आर्थिक सुधार है। ध्यान रहे अब तक 1991 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव और उनके वित्त मंत्री मनमोहन सिंह की ओर से लागू किए गए उदारीकरण के फैसले को सबसे बड़ा आर्थिक सुधार माना जाता रहा है। अब उसकी जगह श्रम कानूनों को सबसे बड़ा आर्थिक सुधार बताया जा रहा है। लेकिन सवाल है कि क्या यह सबसे बड़ा कथित आर्थिक सुधार भारत की अर्थव्यवस्था को वैसे ही बदल पाएगा, जैसे 1991 के आर्थिक सुधारों ने बदला था? और क्या इससे श्रमिकों की हालत में कोई गुणात्मक परिवर्तन आएगा? इसकी संभावना कम है।

बुनियादी रूप से ये चारों कानून कोई बड़ा बदलाव नहीं कर रहे हैं। इनकी जो एकमात्र बड़ी खासियत दिखाई दे रही है वह ये है कि पहले से मौजूद 29 केंद्रीय कानूनों को इन चार कानूनों में समेटा गया है। इस आधार पर दावा किया जा रहा है कि पहले इन 29 कानूनों की वजह से उद्योग व कारोबारी समूहों को इनके अनुपालन में समस्या आती थी तो दूसरी ओर श्रमिकों के लिए जरूरी लाभ उपलब्ध कराना मुश्किल होता था। लेकिन असली सवाल तो यह है कि इससे मजदूरों को कैसे फायदा होगा? इस सवाल पर विचार से पहले चारों कानूनों के बारे में संक्षेप में जानना जरूरी है। ये चार कानून वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्य शर्तें संहिता हैं। पहला कानून यानी वेतन संहिता यह सुनिश्चित करेगा कि सभी मजदूरों को एक निश्चित वेतन मिले, वेतन समय पर मिले और वह उचित हो। पहले वेतन, भत्ता, पेंशन, बोनस आदि के लिए अलग अलग कानून थे, जिससे परेशानी होती थी। इसमें एक खास बात यह है कि महिलाओं को पुरुषों के समान काम के लिए समान वेतन का प्रावधान किया गया है। हालांकि उचित और समय पर वेतन मिलना कैसे सुनिश्चित होगा यह कानून लागू होने के बाद पता चलेगा। दूसरा कानून औद्योगिक संबंध संहिता हैं, जिसके तहत कर्मचारी और कंपनी के संबंधों की व्याख्या की गई है और साथ ही दोनों के बीच विवाद के त्वरित निपटान की व्यवस्था भी बनाई गई है। इसमें हड़ताल और विरोध प्रदर्शन के नियम भी शामिल किए गए हैं और सबसे ज्यादा विरोध इसी नियम का हो रहा है।

तीसरा कानून सामाजिक सुरक्षा संहिता का है, जिसमें असंगठित मजदूरों, ऐप आधारित सेवाओं में काम करने वाले लोग, जिन्हें गिग वर्कर्स कहा जा रहा है उनके लिए जरूरी प्रावधान किए गए हैं। इस कानून में कहा गया है कि कंपनियां इनके लिए सामाजिक सुरक्षा फंड बनाएंगी। इस कानून के जरिए स्वास्थ्य, बीमा और मातृत्व सुविधा जैसे लाभों को हासिल करना आसान बनाया जाएगा। चौथा और अंतिम कानून व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्य शर्तें संहिता है, जिसमें कर्मचारियों, मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रावधान है साथ ही कार्यस्थल पर होने वाली परेशानियों को दूर करके उसे बेहतर बनाने के उपाय भी किए गए हैं। पहले से मौजूद 13 कानूनों मिला कर इसे बनाया गया है। इसमें महिलाओं के रात में काम करने का प्रावधान भी किया गया है।

दावा किया जा रहा है कि यह अद्भुत संतुलन वाला कानून है, जिससे मजदूरों और कर्मचारियों को भी फायदा होगा तो उद्योग समूहों को भी लाभ होगा। सवाल है कि जब दोनों के लिए फायदे वाला कानून है तो इसे लागू करने में सरकार को छह साल क्यों लग गए? दूसरा सवाल यह है कि अगर ये कानून मजदूरों के हित में हैं तो देश के ज्यादातर बड़े मजदूर संगठन इसका विरोध क्यों कर रहे हैं? असल में संसद में पास करने से लेकर इनके नियम बना कर इन्हें लागू करने तक जब भी इन कानूनों की बात होती है तो दावा किया जाता है कि इनसे मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा मिलेगी, स्वास्थ्य की बेहतर सुविधा मिलेगी, समय पर व उचित वेतन मिलेगा तो दूसरी ओर कंपनियों को एक ऐसा सरल ढांचा मिलेगा, जिसके अनुपालन में उनको कोई समस्या नहीं आएगी। लेकिन यह सिर्फ सदिच्छा है। वास्तव में इसका कितना लाभ मिलता है यह इन कानूनों के अनुपालन के बाद पता चलेगा।परंतु उससे पहले इस कानून के कई प्रावधान ऐसे हैं, जिनको मजदूर फ्रेंडली कतई नहीं माना जा सकता है। उनसे ऐसा प्रतीत होता है कि मजदूरों को नियमों में बांधने, उनके विरोध करने की क्षमता को कम करने और उनकी नौकरी को असुरक्षित बनाने के प्रावधान इन कानूनों में निहित हैं। मिसाल के तौर पर औद्योगिक संबंध संहिता में प्रावधान किया गया है कि तीन सौ तक मजदूर और कर्मचारी वाला उद्योग सरकार की अनुमति के बगैर छंटनी कर सकता है। पहले एक सौ मजदूरों तक की कंपनियों को यह छूट मिली थी। यह दायरा बढ़ाने का मतलब है कि देश की ज्यादातर कंपनियां और उद्योग अपने यहां पहले



से ज्यादा आसानी से छंटनी कर पाएंगे। इसमें लगभग पूरा एमएसएमई सेक्टर आ जाता है। ध्यान रहे भारत में ज्यादातर कंपनियां इतने की मजदूरों या कर्मचारियों वाली हैं। इसका मतलब है कि सरकार ने ज्यादातर मजदूरों को कंपनियों की मर्जी के हवाले कर दिया है। इतना ही नहीं मजदूरों के हड़ताल या विरोध प्रदर्शन के अधिकार को भी सीमित कर दिया गया है। नए कानून में प्रावधान है कि हड़ताल से 60 दिन यानी दो महीने पहले नोटिस देना होगा। सोचें, अगर कर्मचारी या मजदूर अपनी किसी समस्या के लिए तत्काल विरोध प्रदर्शन या हड़ताल नहीं कर पाएंगे तो उनकी समस्या को निराकरण कैसे होगा? आवश्यक सेवाओं पर लागू होने वाले कानून को हर तरह के मजदूरों और कर्मचारियों पर लागू कर दिया गया है। इससे उनके विरोध प्रदर्शन को नियंत्रित करना आसान हो जाएगा। इतना ही नहीं कानून में यह भी प्रावधान किया गया है कि यूनियन की मान्यता पाने के लिए कंपनी के कुल कर्मचारियों की संख्या के 10 फीसदी या एक सौ मजदूरों का, जो भी ज्यादा हो, उसमें शामिल होना जरूरी है। इससे छोटी यूनियन के समाप्त होने का खतरा है।

सामाजिक सुरक्षा वाले तीसरे कानून में गिग वर्कर्स और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए सोशल सिक्योरिटी फंड की बात कही गई है। लेकिन यह फंड कैसे बनेगा? कंपनियां कितना योगदान करेंगी और मजदूरों को उसका लाभ कैसे मिलेगा इस बारे में बहुत स्पष्टता नहीं है। इसी तरह व्यावसायिक सुरक्षा वाले चौथे कानून में रोज के काम के घंटे का विस्तार 12 घंटे तक कर दिया गया है। कंपनियां आठ से 12 घंटे काम करा सकेंगी। हालांकि एक हफ्ते में काम की अधिकतम सीमा 48 घंटे निर्धारित है लेकिन सबको पता है कि इस सीमा का पालन कहीं नहीं होता है। नया कानून लागू होने के बाद कंपनियां लंबे कार्य दिवस लागू कर सकती हैं, जिससे मजदूरों का शोषण बढ़ेगा।असल में नए श्रम कानून जैसा कि हमेशा होता है उद्योग समूहों और निवेशकों के हितों को ध्यान में रख कर बनाए गए हैं। इनका मकसद ज्यादा से ज्यादा निवेश आकर्षित करना और उद्योग समूहों का विस्तार करना है। सभी सरकारें मानती रही हैं कि उद्योगों का विकास होगा, निवेश बढ़ेगा तो रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे और संपन्नता आएगी। लेकिन वास्तविकता यह है कि हर कानून शोषण और गैर बराबरी को बढ़ाता है। ये कानून भी अपवाद नहीं हैं। इनमें भी फिक्स्ड टर्म नौकरी पर जोर दिया गया है, जिसका मतलब है कि स्थायी नौकरियां कम होंगी और ठेके पर काम ज्यादा उपलब्ध होगा। इससे सामाजिक सुरक्षा बढ़ेगी नहीं कम होगी। इसी तरह कंपनियां नियमों का कैसे अनुपालन करती हैं उसकी जांच और निगरानी की व्यवस्था कमजोर कर दी गई है।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### तृतीय अध्याय

**(गतांक से आगे)**

(15/7) - मनसहित इन्द्रियों से जो कार्य इस जन्म में होता है, उनके संस्कार लेकर जीवात्मा पुराने शरीर को त्यागकर नवीन शरीर में प्रवेश कर जाता है। इसमें जन्मदाताओं का क्या लगा? उनके विकास में कोई अन्तर नहीं आया। अतः स्त्रियों के दूषित होने से वर्णसंकर नहीं होता। स्त्रियों के दूषित होने और वर्णसंकर से कोई सम्बन्ध नहीं है। शुद्ध स्वरूप की ओर अग्रसर न होकर प्रकृति में बिखर जाना ही वर्णसंकरता है। यदि महापुरुष सावधान होकर क्रिया (नियत कर्म) में बरतते हुए लोगों से क्रिया न कराये तो वह उस सारी प्रजा का हनन करनेवाला, मारनेवाला वने। साधना-क्रम में चलकर उस मूल अविनाशी की प्राप्ति ही जीवन है और प्रकृति में बिखरे रहना, भटक जाना ही मृत्यु है। किन्तु वह महापुरुष इस सारी प्रजा को यदि क्रिया-पथ पर नहीं चलाता, इस सारी प्रजा को बिखराव से रोककर सत्पथ पर नहीं चलाता तो वह सारी प्रजा का हनन करनेवाला हत्यारा है, हिंसक है और क्रमशः चलते हुए जो चला लेता है वह शुद्ध अहिंसक है। गीता के अनुसार शरीरों का निधन, नश्वर कलेवरों का निधन मात्र परिवर्तन है, हिंसा नहीं।

सक्ताः कर्मण्यविद्वांसो यथा कुर्वन्ति भारत।
कुर्याद्विद्वांस्तथासक्तश्चिकीर्षुर्लोकसङ्ग्रहम् ।।25।।

हे भारत ! कर्म में आसक्त हुए अज्ञानीजन जैसे कर्म करते हैं, वैसे ही अनासक्त हुआ विद्वान्, पूर्णज्ञाता भी लोक-हृदय में प्रेरणा और कल्याण-संग्रह चाहता हुआ कर्म करे। यज्ञ की विधि जानते और करते हुए भी हम अज्ञानी हैं। ज्ञान का अर्थ है प्रत्यक्ष जानकारी। जब तक लेशमात्र भी हम अलग हैं, आराध्य अलग है तब तक अज्ञान विद्यमान है। जब तक अज्ञान है, तब तक कर्म में आसक्ति रहती है।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**गुणैरुत्तमतां याति नोच्चैरासनसंस्थितः।**
**प्रासादशिखरस्थोऽपि काकः किं गरुडायते॥**

मनुष्य सर्वश्रेष्ठ या उत्तम तभी बनता है जब उसके गुण उत्तम होते हैं । किसी भी व्यक्ति को उसके पद के आधार पर सर्वश्रेष्ठ नहीं माना जा सकता है। यह बिल्कुल वैसा ही है जैसे कौआ महल के शिखर पर बैठकर गरुड नहीं बन जाता।

♦♦♦

# जिहाद की बौद्धिक जड़ों पर सभ्य समाज प्रायः चुप

**– बलबीर पुंज**

जिहाद की बौद्धिक जड़ों पर सभ्य समाज प्रायः चुप रहता है, जबकि जिहाद से निर्णायक संघर्ष तभी संभव है, जब उसके मूल विचारों पर सीधी बहस की जाए। क्या मौजूदा दौर में ऐसा संभव है? कश्मीरी डॉक्टर उमर नबी, अनंतनाग अस्पताल में डॉक्टर आदिल अहमद राठर, फरीदाबाद के अल-फलाह अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर मुजम्मिल अहमद गनई और लखनऊ निवासी महिला डॉक्टर शाहीन सईद जैसे शिक्षित, संपन्न और समाज में मान-सम्मान पाने वाले मुस्लिमों ने यह मार्ग क्यों अपनाया? 10 नवंबर की शाम राजधानी दिल्ली एक फिदायीन आतंकी हमले से दहल उठी। लालकिला मेट्रो स्टेशन के बाहर चलती कार में हुए भीषण विस्फोट से कई निर्दोष हताहत हो गए। यह हमला एक बार फिर से जिहाद पर बनी पुरानी धारणाओं को चुनौती दे रहा है। साथ ही यह भी सोचने पर मजबूर कर रहा है कि आखिर सभ्य समाज इसपर आजतक निर्णायक विजय क्यों नहीं पा सका है?

पिछले कुछ दशकों में भारत जब भी आतंकवाद का शिकार हुआ, तब इसे वामपंथी मुस्लिम समाज में व्याप्त 'अशिक्षा, बेरोजगारी, गरीबी' से जोड़ देते है। यदि ऐसा ही है, तो कश्मीरी डॉक्टर उमर नबी, अनंतनाग अस्पताल में डॉक्टर आदिल अहमद राठर, फरीदाबाद के अल-फलाह अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर मुजम्मिल अहमद गनई और लखनऊ निवासी महिला डॉक्टर शाहीन सईद जैसे शिक्षित, संपन्न और समाज में मान-सम्मान पाने वाले मुस्लिमों ने जिहाद का मार्ग क्यों अपनाया? दरअसल, इस्लाम में जिहादी सोच को मजबूती देने में मदरसा शिक्षा पद्धति की बड़ी भूमिका है। अधिकतर मुस्लिम परिवारों के बच्चे प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा यही ग्रहण करते है, जिसका माहौल कट्टरपंथी इस्लामी पहचान तक सीमित– अर्थात् 'काफिर-कुफ्र-शिर्क' अवधारणा से युक्त और सह-अस्तित्व प्रेरित बहुलतावाद से मुक्त रहता है। अक्सर आधुनिकीकरण के नाम पर मदरसों में छात्रों को गणित, विज्ञान और कंप्यूटर आदि विषयों को भी पढ़ाया जाता है। वास्तव में, यह विषय केवल माध्यम हैं– इनका उपयोग या दुरुपयोग लोगों की मानसिकता पर निर्भर करता है। यही कारण है कि डॉ.उमर, डॉ.आदिल, डॉ.मुजम्मिल और डॉ.शाहीन आधुनिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद भी जिहाद का रास्ता नहीं छोड़ पाए। भारत सहित शेष विश्व में इस तरह के उच्च-शिक्षित (डॉक्टर-प्रोफेसर सहित) जिहादियों की एक लंबी फेहरिस्त है। न्यूयॉर्क के भीषण 9/11 आतंकी हमले के गुनहगार (लादेन सहित) आधुनिक शिक्षा में



दक्ष थे। कड़वा सच यह है कि जब जिहादी मानसिकता का मेल विज्ञान-गणित-कंप्यूटर से होता है, तो वह और भी अधिक खतरनाक हो जाता है। दिल्ली में हालिया जिहादी हमले की कड़ियां कश्मीर से लेकर हरियाणा और उत्तरप्रदेश तक जुड़ी है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डॉ.आदिल को श्रीनगर की दीवारों पर आतंकी संगठन %जैश-ए-मोहम्मद' के पर्चे चिपकाने के आरोप में 6 नवंबर को उत्तरप्रदेश के सहारनपुर से गिरफ्तार किया था। जब पुलिस ने अस्पताल स्थित उसके लॉकर की तलाशी ली, तो वहां से एके-47 सहित कई हथियार बरामद हुए।पूछताछ में डॉ.मुजम्मिल का नाम सामने आया, जिसके फरीदाबाद स्थित किराए के मकान से 2,900 किलोग्राम विस्फोटक, हथियारों का जखीरा और बम बनाने के उपकरणों को जब्त किया गया। इसी कार्रवाई में पुलिस ने डॉ.शाहीन को भी घातक हथियारों के साथ धरदबोचा। हालिया जिहादी वारदात में जिस कार का इस्तेमाल हुआ, उसे बकौल जांचकर्ता डॉ.उमर चला रहा था।

यह जिहादी मानसिकता केवल फिदायीन हमले तक सीमित नहीं है। गुजरात पुलिस ने हाल ही में डॉ.अहमद मोहिउद्दीन सैयद को उसके दो सहयोगियों के साथ गिरफ्तार किया था। सैयद अरंडी के बीजों से घातक राइसिन जहर बना रहा था, जिसे पानी-भोजन में मिलाकर बड़े नरसंहार को अंजाम देने की योजना थी।

क्या धन-दौलत के लिए मुस्लिम समाज का एक वर्ग जिहाद का रास्ता अपनाता है? सच तो यह है कि भारतीय उपमहाद्वीप (भारत सहित) में एक बड़ा मुस्लिम वर्ग उन्हीं इस्लामी आक्रांताओं– गजनवी, गोरी, बाबर, औरंगजेब, अब्दाली, टीपू सुल्तान आदि को अपना 'नायक' या फिर स्वयं को उनका 'वैचारिक-उत्तराधिकारी' मानता है, जिन्होंने 'काफिर-कुफ्र' चिंतन से प्रेरित होकर भारत में असंख्य हिंदुओं का कत्लेआम किया, उनकी महिलाओं से बलात्कार किया, उनके हजारों मंदिरों को तोड़ा और सांस्कृतिक प्रतीकों-मानबिंदुओं को रौंदा। इस वर्ग की धारणा है कि भारतीय उपमहाद्वीप के अधूरे 'गजवा-ए-हिंद' का मजहबी दायित्व उसपर है।

वास्तव में, बीते दशकों में हुए अनेकों जिहादी हमलों (26/11 सहित) की प्रेरणा और शताब्दियों पूर्व भारत में इस्लामी आक्रांताओं का चिंतन– एक ही है। इसका एक विवरण वर्ष 1908 में जी.रुस-केपेल और काजी अब्दुल गनी खान द्वारा अनुवादित 'तारीख-ए-सुल्तान महमूद-ए-गजनवी' पुस्तक में मिलता है। इसके अनुसार, जब महमूद गजनवी (971-1030) को एक पराजित हिंदू राजा ने मंदिर नष्ट नहीं करने के बदले अपार धन देने की पेशकश की, तो उसने कहा– हमारे मजहब में जो कोई मूर्तिपूजकों के पूजास्थल को नष्ट करेगा, वह कयामत के दिन बहुत बड़ा इनाम पाएगा और मेरा इरादा हिंदुस्तान के हर नगर से मूर्तियों को पूरी तरह से हटाना हैज। इसी प्रकार वर्ष 1398 में भारत पर आक्रमण कर लाखों निर्दोष हिंदुओं का नरसंहार करने वाले तैमूर ने अपनी आत्मकथा 'तुजुक-ए-तैमूरी' में लिखा था– हिंदुस्तान आने का मेरा एक उद्देश्य काफिरों से जिहाद और सवाब अर्जित करना है। यहां तक, बाबर ने जिहाद की बुनियाद पर 'काफिर' हिंदू राजा राणा सांगा को पराजित करके मुगल साम्राज्य की स्थापना की और खुद को 'गाजी' घोषित किया था। बीते कुछ समय से एक और विषाक्त नैरेटिव बनाया जा रहा है, जिसमें मुस्लिम समाज में व्याप्त 'असहिष्णुता', 'कट्टरता' और 'आक्रमकता' को मोदी सरकार की नीतियों से जोड़ दिया जाता है।

## प्रेरक प्रसंग

## वचन का प्रभाव

परम विरक्त संत स्वामी कृष्णबोधाश्रम जी महाराज गढ़मुक्तेश्वर तीर्थ क्षेत्र में गंगा के किनारे पैदल भ्रमण करते हुए एक गांव में पहुंच गए। वह गांव के बाहर गंगा तट पर एक मंदिर में रुक गए। वहां सुबह-शाम गंगा स्नान करते और दिन भर साधना में लगे रहते। गांव के बुजुर्गों को पता चला कि मंदिर में एक संत आया हुआ है और वह तीन दिनों से निराहार है। एक बुजुर्ग स्वामी जी के पास पहुंचा और उसने कहा, 'महाराज जी, आज आप हमारे यहां भोजन करने की कृपा करें।'

स्वामी जी ने उत्तर दिया, 'हम उसी के घर में भोजन ग्रहण करते हैं, जिस घर का एक भी सदस्य तंबाकू, शराब तथा मांस का सेवन न करता हो।' ज्यादातर परिवार मांस-मदिरा का सेवन नहीं करते थे, लेकिन हुक्का-बीड़ी का चलन तो घर-घर था। गांव का एक भी घर ऐसा नहीं निकला जिसके यहां बना भोजन स्वामी जी ग्रहण कर पाते। स्वामी जी हफ्ताभर बिना भोजन के रहे। 8वें दिन गांव के बुजुर्गों ने बैठक की। उनके मुखिया ने कहा कि कितने दुर्भाग्य की बात है कि हमारे गांव में एक भी घर ऐसा नहीं है, जिसका एक भी सदस्य नशा न करता हो। कितनी शर्म की बात है कि एक संत कई दिनों से भूखा है। इसके बाद एक-एक करके कुछ बुजुर्ग उठे और उन्होंने संकल्प लिया कि आज से वे हुक्का-बीड़ी नहीं पिएंगे। कुछ ने शराब और मांस छोड़ने का संकल्प लिया। उसी दिन शाम को कुछ लोग स्वामी जी के पास पहुंचे। वे हुक्के और शराब की बोतलें भी अपने साथ ले गए। इन सभी ने हाथ में गंगाजल लेकर मांस-मदिरा और तंबाकू का सेवन न करने की शपथ ली। तब स्वामी जी ने आशीर्वाद देते हुए एक घर की भिक्षा ग्रहण की। स्वामी कृष्णबोधाश्रम जी महाराज ने बिना दुराग्रह के भोजन ग्रहण करने के नियम की शर्त पर सैकड़ों गांवों को व्यसनों से मुक्ति दिलाई।

## आपका पत्र मिला

# अभी और उभरेगी सियासत की गर्मी

दिल्ली की ठिठुरन भले ही इस समय बढ़ रही हो, लेकिन भारतीय राजनीति का तापमान अब शीतकालीन सत्र के साथ और भी तेजी से उभरने वाला है। एक दिसंबर से शुरू होकर 19 दिसंबर तक चलने वाला यह सत्र कागजों में भले ही पंद्रह दिनों का हो, पर भीतर छिपे संकेत कहीं अधिक गहरे और असहज करने वाले हैं। लोकतंत्र की सेहत के लिहाज से यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में संसद के सत्र इतने संकुचित होने चाहिए कि सांसदों को बोलने के लिए समय ही न बचे?भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में जहां 780 से अधिक सांसद जनता की नब्ज़ लेकर संसद तक पहुंचते हैं, वहां पंद्रह दिन का सत्र किसी औपचारिकता जैसा लगता है। यह चौंकाने वाली गणित है कि हर सांसद को यदि पांच मिनट का समय भी दिया जाए तो बहस-संचालन के लिए पैंसठ घंटे से अधिक समय चाहिए। जबकि पूरे सत्र की वास्तविक कार्यवाही लगभग नब्बे घंटों के आसपास होती है। इस समय में प्रश्नकाल, विधेयक, सरकारी एजेंडा और शून्यकाल की अनिवार्यता जोड़ लेने के बाद प्रभावी बहस के लिए बचा समय लोकतंत्र की सिरिंकिंग स्पेस को उजागर करता है। संसद, जिसे संवाद का मंदिर कहा जाता है, वहां संवाद अब रस्म की तरह रह गया है–संक्षिप्त भाषण, जल्दबाजी में पारित विधेयक और विपक्ष की सीमित बात। यह प्रवृत्ति केवल समय की कमी नहीं बल्कि लोकतांत्रिक ढांचे में आ रही संरचनात्मक कमजोरी को दर्शाती है।

इसलिए आवश्यकता केवल लंबे सत्रों की नहीं, बल्कि सार्थक सत्रों की है। जरूरत बहस की पुनर्स्थापना की है, जहां सत्ता और विपक्ष दोनों अपनी जिम्मेदारी को समझें। संसद का समय जनता का समय है, और उसकी कीमत हर मिनट करोड़ों में है। इसे शोरगुल में गंवाना लोकतंत्र को धीरे-धीरे मौन की ओर धकेलना है, और मौन लोकतंत्र का सबसे बड़ा शत्रु है।

**– विभूति बुपक्पा**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**

**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
*E-mail : swatantrabharat77@gmail.com*

# जगत के पालनहार भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं में छिपे हैं बड़े गहरे तत्व

भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गाई गई दिव्य गीता, केवल एक ही पूजनीय भगवान हैं श्रीकृष्ण, केवल एक ही मंत्र है उनका पवित्र नाम तथा केवल एक ही कर्तव्य है- परम पूजनीय श्रीकृष्ण की भक्तिमय सेवा। कृष्ण लीला पुरुषोत्तम हैं। उनका प्रत्येक कार्य लीला ही है। लीलाओं में बड़े गहरे तत्व छिपे हैं। जैसे जन्म लीला ही का दर्शन करें तो सबसे पहले प्रश्न है कि भगवान ने जन्म के लिए रोहिणी नक्षत्र क्यों चुना।

एकम् शास्त्रम् देवकी-पुत्र-गीतम् एको देवो देवकी-पुत्र एव।
एको मंत्र तस्य नामानि अर्थात कर्मप्य एकम् तस्य देवस्य सेवा।

इस श्लोक का भावार्थ यह है कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गाई गई दिव्य गीता ही पवित्र शास्त्र है।

अजन्मत नारायण जन्म यस्य असौ अजनजन्मा ब्रह्मा।
तस्य ऋक्षं रोहिणीम प्रजापतिदैवस्याम।

प्रजापति (ब्रह्मा) का नक्षत्र रोहिणी है। उस समय रोहिणी का गर्भ खाली था, देवकी का भरा हुआ। भगवान रोहिणी के गर्भ में चले जाते, पर भगवान ने वहां बलराम जी को भेजा और स्वयं देवकी के गर्भ में गए। ऐसे में रोहिणी के साथ अन्याय न हो, इसलिए उन्होंने जन्म नक्षत्र के रूप में रोहिणी को चुना। यह भगवान की सदाशयता है। जैसे मालिक के आने से सेवक शांत हो जाते हैं, वैसे ही सारे ग्रह नक्षत्र शांत हो गए। दिशाएं प्रसन्न हो गईं। गगन ने अपने हीरे बिखेर दिए और पृथ्वी ने कहा हमारे स्वामी आ रहे हैं। धरती ने अपने पुत्र मंगल को गोद में ले लिया। नदियों का जल निर्मल हो गया कि कालिंदी से विवाह कर भगवान हमारे बहनोई बनेंगे। गोविंद का जन्म हुआ तो स्वर्ग में दुंदुभियां अपने आप बजने लगीं। नगाड़ों ने कहा हम आज भी पीटकर बजे तो धिक्कार है हम पर। वे भी अपने आप बजने लगे। नेदुर्दुन्द्भयो दिवि। सिद्ध और चारण स्तुति करने लगे। मुनि और देवता सब बृज की ओर दौड़ पड़े, यह कहकर कि प्रकट हो जाइए, प्रकट हो जाइए। जैसे पूर्व दिशा में चंद्रमा का उदय होता है, ऐसे ही सबकी हृदय गुहा में रहने वाले परमब्रह्म परमात्मा प्रकट हो गए। ब्रह्मा जी जिसके पुत्र हैं, ऐसा बालक पैदा हुआ। ऐसा मंगल पैदा हुआ। तमद्भुतं बालकमम्बुजेक्षणं चतुर्भुजं शंखगदार्युदायुधम्। चार हाथ - धर्म, अर्थ, काम मोक्ष। जैसे यह कहना चाहते हों कि मेरे प्यारे भक्तो, ये हमारे चार रूप हैं - वासुदेव, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध और संकर्षण। यही इनकी चार भुजाएं हैं, इनके द्वारा भगवान सारा काम करते हैं। चार आयुध हैं- चक्र, शंख, गदा, कमल। शत्रु यदि दूर हो तो चक्र से मारें, पास हो तो गदा से और जब जीत हो जाए तो शंख बजाएं और अपना हृदय कमल उनको दे दें। अपने हृदय कमल को भगवान हाथ में ले लेते हैं कि कब कोई भक्त मिल जाए, तो उसे सौंप दें।

श्रीवत्सलक्ष्मं गलशोभि कौस्तुभंपीताम्बरं सान्द्रपयोदसौभगम्।

आओ ना, दर्शन करो श्रीवत्सलक्ष्मं। गले में कौस्तुभमणि है, बिना किसी छिद्र के बिना किसी बंधन के। प्रेम हो और उसको बांधकर रखना पड़े? यह तो प्रेम का अपमान हुआ? अरे हमारा बड़ा प्रेम है, हम तुमको बांध कर रखेंगे तो क्या यह प्रेम होगा। कौस्तुभ मणि की परछाईं भगवान की छाती पर जाती है। उस भौंरी पर जो छाया पड़ती है उसको श्रीवत्स कहते हैं। वह लक्ष्मी जी को बहुत प्यारा है, क्योंकि वह सुनहरा है ना।

पीतांबर धारण किए है वह बालक। वेद रूप पीतांबर ढक देता है भगवान को। भगवान राधा रानी के अंग के रंग को धारण करके आए हैं। भगवान का सौंदर्य रसवर्षी है, जिसे देखकर भक्तों का मन तृप्त हो जाता हैं।



## बजरंगबली क्यों कहलाए हनुमान?

पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब भगवान हनुमान छोटे थे, तब उन्हें एक दिन भूख लगी। उस दौरान उनके समक्ष कोई नहीं था। तभी उन्होंने आकाश की ओर देखा और उन्हें सूर्य देव नजर आएं। सूर्य देव को सुंदर फल समझकर हनुमान जी आकाश की ओर उड़कर पहुंच गए और उन्होंने उन्हें फल समझकर अपने मुख के अंदर कर लिया, जिससे पूरे जगत में अंधेरा छा गया। देवी -देवताओं के लाख समझाने पर भी उन्होंने सूर्य देव को मुख से नहीं निकाला। अंत में इंद्र देव उनके पास पहुंचे और उन्होंने गुस्से में आकर उनपर वज्र से प्रहार कर दिया। इससे उनकी ठुड्डी यानी कि हनु पर चोट लग गई और उनका मुंह खुल गया, जिससे भगवान सूर्य बाहर आ गए, लेकिन इस वजह से उनकी ठुड्डी टूट गई और तब से उन्हें हनुमान कहा जाने लगा। हालांकि बाद में वायु देव के कुपित होने पर देवताओं ने उनसे माफी मांगी और उन्हें कई सारे दिव्य वरदान और आशीर्वाद प्रदान किए।

**ऐसे करें संकटमोचन की पूजा**

बजरंगबली की पूजा करने के लिए शाम का समय ज्यादा अच्छा माना जाता है। ऐसे में पवित्र स्नान के बाद उनके किसी मंदिर जाकर उन्हें लाल सिंदूर चढ़ाएं। इसके बाद उन्हें लाल रंग का चोला और लाल लंगोट अर्पित करें। वीर हनुमान को तुलसी की माला अति प्रिय है, इसलिए तुलसी पत्र की माला अवश्य चढ़ाएं। लड्डू का भोग लगाएं। फिर चमेली के तेल का दीपक जलाएं और हनुमान चालीसा का पाठ करें। अंत में आरती से पूजा को समाप्त करें। साथ ही पवनपुत्र का आशीर्वाद लें।

सनातन धर्म में सप्ताह के सभी दिन किसी न किसी देवी-देवता को समर्पित है। इसी कड़ी में मंगलवार के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही इस दिन संकटों को दूर करने के लिए व्रत भी किया जाता है। व्रत के दौरान खानपान के नियम का पालन जरूर करना चाहिए।



मंगलवार का दिन भक्त हनुमान जी को अति प्रिय है। धार्मिक मान्यता है कि मंगलवार के दिन बजरंगबली की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। साथ ही जीवन में आने वाले संकटों से छुटकारा मिलता है। सच्चे मन से मंगलवार का व्रत करने से जातक पर हनुमान जी की कृपा सदैव बनी रहती है और सम्मान, बल, और साहस में वृद्धि होती है। अगर आप भी मंगलवार व्रत को कर रहे हैं, तो खानपान के नियम का पालन जरूर करें।

# महादेव के मंत्र जप से मिलती है ऊर्जा

***जीवन की बहुत गहन समझ से ही हम उस ध्वनि पर पहुंचे हैं, जिसे हम शिव कहते हैं। हम जानते हैं कि 'शि-व' ध्वनियां आपके लिए चमत्कारी चीजें घटित कर सकती हैं। अगर आप पर्याप्त ग्रहणशील हैं, तो यह ध्वनि विस्फोटक हो सकती है। सिर्फ एक उच्चारण आपके अंदर बहुत शक्तिशाली रूप में विस्फोट कर सकता है।***

इसमें इतनी शक्ति है। यह ऐसा विज्ञान है, जिसे अपने भीतर बहुत गहन अनुभव से समझा गया है। हमने बहुत गहराई से इसे देखा है। 'शिव' में 'शि' का मूल अर्थ है 'शक्ति या ऊर्जा'। भारतीय जीवनशैली में हमने हमेशा स्त्रीत्व को शक्ति का प्रतीक माना है। अंग्रेजी भाषा में भी स्त्रीत्व के लिए यही शब्द 'शी' मिलता है। शि का मूल अर्थ शक्ति या ऊर्जा है। लेकिन अगर आप बहुत ज्यादा शि करेंगे, तो यह आपको असंतुलित कर देगा। इसलिए उसे मंद करने और संतुलन बनाए रखने के लिए इस मंत्र में 'व' जोड़ा गया है। व, वाम से आया है, जिसका मतलब है, प्रवीणता या अधिकार।

**शिव मंत्र से मिलती है विशेष दिशा**

'शि-व' मंत्र के रूप में, एक ऊर्जा देता है और दूसरा उसे संतुलित करता है या उस पर नियंत्रण करता है। दिशाहीन ऊर्जा किसी काम की नहीं होती, वह विनाशकारी हो सकती है। इसलिए जब हम 'शिव' कहते हैं, तो हम उस ऊर्जा को एक विशेष रूप में, एक विशेष दिशा में प्रेरित करने की बात करते हैं। जब आप 'शिव' कहते हैं, तो इसका किसी पंथ से लेना-देना नहीं है। आज दुनिया पंथ के आधार पर बंटी हुई है। इसकी वजह से, जब आप कुछ बोलते हैं, तो ऐसा लगता है कि आप किसी 'संप्रदाय' से जुड़े हैं। शिव पंथ का नहीं, आंतरिक विकास का विज्ञान है। आपको शिव की पूजा करने की जरूरत नहीं है। मैं नहीं करता। जब मैं 'शिव' कहता हूं, तो वह मेरे लिए सब कुछ है। आपको उस ध्वनि की शक्ति पता होनी चाहिए। अपने तार्किक मन में न उलझें। यह आपको आपकी मौजूदा स्थिति से परे ले जाने का तरीका है। यह उन सीमाओं से परे जाने का तरीका है, जिनमें व्यक्ति बंधा हुआ है।



**1. पॉवर ऑफ यूनिटी**

भगवान शिव ने जिस तरह से अपनी शिखा पर गंगा को धारण किया है, उससे एकजुट होने की सीख मिलती है। बिखरे हुए केशों को एकत्र करके शिव ने गंगा के विकराल रूप को शांत स्वरूप में परिवर्तित कर दिया।

**2. ब्रॉड विजन**

शिव त्रिनेत्र हैं। मष्तक पर स्थित उनका तीसरा नेत्र बताता है कि दूरगामी परिस्थियों को नियंत्रित करने के लिए सिर्फ बाहरी नेत्रों का प्रयोग न करें, बल्कि सोच-समझकर निर्णय लें। सदैव दूरगामी परिणामों पर अपनी नजर रखें।

**3. पेशंस**

शिव, शशि शेखर हैं, जिन्होंने अपने मस्तक पर चंद्रमा को धारण कर रखा है। चंद्रमा शीतलता और शांति का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में शिव भगवान से सीख मिलती है कि कैसी भी परिस्थिति हो अपना धीरज बिलकुल ना खोएं और मन पर नियंत्रण बनाए रखें।

**4. एक्सप्रेशन**

शिव का एक रूप नीलकंठ भी है, जो कि क्रोध को सहने की सीख देता है। क्रोध सदैव बुद्धि को भ्रमित कर स्वयं और अन्य को परेशानी में डालने वाला माना गया है। ऐसे में क्रोध को पीकर अपने धैर्य से खत्म करें।

# बुधवार के दिन ये पांच चीजें चढ़ाने से मिलता है गणेश जी का आशीर्वाद

हिंदू धर्म में भगवान गणेश को विघ्नहर्ता, सिद्धि-बुद्धि के दाता और मंगलकर्ता माना गया है। शास्त्रों में बताया गया है कि गणेश पूजा में कुछ विशेष वस्तुओं का अत्यंत महत्व होता है। इन्हें अर्पित करने से भगवान गणेश शीघ्र प्रसन्न होते हैं और भक्त के जीवन से विघ्न-बाधाएँ दूर होती हैं। यहाँ पाँच ऐसी वस्तुओं का उल्लेख किया जा रहा है जिन्हें धार्मिक और पौराणिक मान्यताओं के अनुसार गणेश जी को चढ़ाना अत्यंत शुभ माना गया है।

**1. दूर्वा घास - गणेश जी की सबसे प्रिय भेंट**

दूर्वा को गणेश जी का हृदय-प्रिय माना गया है। गणेश पुराण में वर्णित कथा के अनुसार अनलासुर दैत्य को निगलने के बाद गणेश जी का शरीर अत्यधिक गर्म हो गया था। तब देवी-देवताओं ने उन्हें दूर्वा अर्पित की, जिससे उनके शरीर की तपन शांत हुई। तभी से दूर्वा को उन्हें चढ़ाने का विशेष महत्व माना गया। पूजा में 21 दूर्वाओं का एक गुच्छा चढ़ाने से मन की शांति, ग्रहदोषों का नाश, विद्या में वृद्धि और पारिवारिक सुख-समृद्धि प्राप्त होती है।



**2. मोदक - आनंद, बुद्धि और सम्पन्नता का प्रतीक**

भगवान गणेश को मोदक अत्यंत प्रिय है, इसलिए उन्हें मोदकप्रिय भी कहा गया है। पौराणिक कथाओं में वर्णित है कि देवताओं ने अनेक दिव्य व्यंजन अर्पित किए, पर मोदक उन्हें सबसे अधिक पसंद आया। मोदक ज्ञान, आनंद और सिद्धि का प्रतीक है। भक्त 21 मोदक चढ़ाकर गणेश जी की विशेष कृपा प्राप्त करते हैं। मोदक अर्पण से घर में लक्ष्मी का आगमन, कार्यों में सफलता और परिवार में सौहार्द बढ़ता है।

**3. सिंदूर - सौभाग्य और शक्ति का पवित्र स्वरूप**

गणेश जी पर सिंदूर चढ़ाने की परंपरा प्राचीनकाल से चली आ रही है। माना जाता है कि सिंदूर चढ़ाने से नकारात्मक शक्तियाँ दूर होती हैं, साहस बढ़ता है और जीवन की बाधाएँ शांत होती हैं। मंगलवार या चतुर्थी के दिन सिंदूर अर्पण अत्यंत फलदायी माना जाता है।

**4. लाल फूल - सकारात्मक ऊर्जा और मंगल का प्रतीक**

गणेश जी की पूजा में लाल रंग के फूल विशेष रूप से शुभ माने जाते हैं, खासकर लाल गुड़हल । लाल रंग उत्साह, साहस और ऊर्जा का प्रतीक है। पौराणिक विश्वास है कि लाल फूल चढ़ाने से मनोबल बढ़ता है, बाधाएँ दूर होती हैं और सभी कार्यों में सिद्धि प्राप्त होती है। ÷? गं गणपतये नमः÷ मंत्र जपते हुए लाल फूल अर्पित करने से मनोकामनाएँ शीघ्र पूरी होती हैं।

**5. शमी पत्र - पौराणिक मान्यता में अत्यंत शुभ**

शमी पत्र को भगवान गणेश के साथ-साथ भगवान शिव और देवी दुर्गा का भी प्रिय माना गया है। शमी का वृक्ष पवित्र, सात्विक और रक्षा देने वाला माना गया है। गणेश जी को शमी पत्र अर्पित करने से शत्रु बाधाएँ शांत होती हैं, व्यापार में उन्नति मिलती है और कठिन समस्याओं का समाधान मिलता है। धर्मग्रंथों में शमी पत्र को 'विजय का प्रतीक' बताया गया है। विशेष रूप से गणेश चतुर्थी, संकष्टी चतुर्थी या बुधवार के दिन शमी पत्र अर्पित करने से अत्यंत शुभ फल मिलता है।

# प्रमोशन और कार्यस्थल की सफलता पाने के लिए इन मंत्रों का करें जाप

हर व्यक्ति अपने करियर में सफलता पाने की ख्वाहिश रखता है। कभी-कभी मेहनत के बावजूद भी सफलता नहीं मिलती और काम में बाधाएं आती हैं। शास्त्रों में ऐसे कई मंत्रों का उल्लेख है, जिनका नियमित जाप करने से भगवान प्रसन्न होते हैं और नौकरी में सफलता और प्रमोशन के मार्ग खुलते हैं।

**सफलता के लिए मुख्य मंत्र और उनका महत्व**

**ॐ गणपतये नमः**

इस मंत्र का जाप करने से भाग्य के बंद दरवाजे खुलते हैं। यह मंत्र भगवान गणेश को समर्पित है, जो बाधाओं को दूर करने, शिक्षा और सुख-समृद्धि प्रदान करने वाले देवता माने जाते हैं। इसे नियमित रूप से जप करने से नौकरी और करियर में सकारात्मक बदलाव आते हैं।

**ॐ ह्रीं नमः**

इस मंत्र से ऊर्जा और आत्मविश्वास बढ़ता है। यह तनाव कम करने, मन को शांत रखने और सकारात्मकता बनाए रखने में मदद करता है। नौकरी में सफलता पाने के लिए यह मंत्र बहुत लाभकारी है।

**ॐ श्रीं क्लीं क्लीं क्लीं गं गणपतये वाघश्य वामनाय क्लीं क्लीं क्लीं स्वाहा-** यह मंत्र गणपति बप्पा को समर्पित है और करियर में सफलता और प्रमोशन में आने वाली बाधाओं को दूर करने में मदद करता है। नियमित जाप करने से कार्यस्थल पर प्रतिष्ठा बढ़ती है और काम की गति में सुधार होता है।

**ॐ ऐं ह्रीं क्लीं शिवाय नमः**

यह मंत्र हर क्षेत्र में सफलता दिलाने वाला माना जाता है। इंटरव्यू या महत्वपूर्ण कामों से पहले इस मंत्र का जाप करने से आत्मविश्वास बढ़ता है और कार्यों में तेजी आती है।

## गीता के इन उपदेशों से खुलते हैं सफलता के मार्ग


हिंदू धर्म में गीता को अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके जरिए व्यक्ति जीवन जीने की कला और समस्याओं का निवारण करना सीखता है। इस भागदौड़ भरे दौर में हम सभी किसी न किसी रूप में तनाव, बेचैनी और गुस्से का सामना करते हैं। माना जाता है कि भगवान कृष्ण ने गीता का पाठ अर्जुन को तब पढ़ाया था, जब उनके कदम युद्ध के लिए डगमगाने लगे थे। फिर श्रीकृष्ण की बातों को सुनकर अर्जुन अपने लक्ष्य को पूरा करने की ओर अग्रसर हुए। तभी से ऐसा माना गया है कि जीवन की विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य को हमेशा गीता के उपदेशों का स्मरण करना चाहिए। गीता में भगवान कृष्ण ने मनुष्य को सफलता के सूत्र बताए हैं।

**गीता के सफलता मंत्र**

**हतो वा प्राप्यसि स्वर्गम् जित्वा वा भोक्ष्यसे महिम्।**
**तस्मात् उत्तिष्ठ कौन्तेय युद्धाय कृतनिश्चय।**

इसका श्लोक का अर्थ है कि, यदि तुम युद्ध में मारे जाओगे, तो तुम्हें स्वर्ग मिलेगा। यदि तुम जीत जाओगे, तो तुम पृथ्वी का राज्य और उसके सुख का भोग करोगे। इसलिए, हे कौन्तेय (अर्जुन), उठो और दृढ़ निश्चय के साथ युद्ध के लिए तैयार हो जाओ।

# वास्तु के अनुसार निद्रा की सही दिशा क्या होनी चाहिए



- राजीव आचार्य
ज्योतिषाचार्य एवं वास्तुशास्त्री

घर में शयन कक्ष और शयन की दिशा यदि वास्तुशास्त्र के अनुसार नही है तो उस घर में पॉजिटिव एनर्जी में तेजी से कमी आएगी और नकारात्मक प्रभाव बढ़ेगा। जिसका प्रभाव उस घर में निवास करने वाले व्यक्तियों के स्वास्थ्य , सुख समृद्धि , आपसी तालमेल और मन पर पड़ता है। शयन कक्ष एक ऐसा स्थान है जो वहां रहने वाले व्यक्तियों को न सिर्फ नींद बल्कि स्वप्नों , आचार व्यवहार , स्वास्थ्य , सुख समृद्धि , पति पत्नी के आपसी प्रेम को भी प्रभावित करता है। निद्रा की दिशा वास्तु के अनुसार होनी चाहिए जिससे घर में निवास करने वाले व्यक्तियों के भीतर पॉजिटिव एनर्जी का विकास हो। घर में सुख समृद्धि, शांति , प्रेम , आपसी सद्भाव , मेल मिलाप रहे। निद्रा की दिशा उतनी ही ज्यादा महत्वपूर्ण है जितनी कि शयन कक्ष की दिशा और स्थान। यदि शयन कक्ष सही दिशा में है परंतु निद्रा की दिशा वास्तु सम्मत नही है तो भी अनेकों प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। अनिद्रा , स्वास्थ्य लगातार खराब रहना , बनते हुए कार्य बिगड़ जाना , मानसिक अशांति आदि गलत दिशा में निद्रा के परिणाम हो सकते हैं। सोने की दिशा के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए-

1- वास्तु के अनुसार सोने की सबसे उत्तम दिशा दक्षिण से उत्तर की ओर है।अर्थात दक्षिण दिशा में सिर रखकर पैर उत्तर दिशा की ओर करके सोने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है , अच्छी नींद और मन में शांति रहती है। उत्तर दिशा में धन के देवता कुबेर का स्थान माना जाता है।सुबह उठते समय व्यक्ति का मुख उत्तर दिशा में रहने से सुख समृद्धि, धन धान्य की प्राप्ति होती है। घर के स्वामी , नवदम्पत्ति के लिए , तथा संतान सुख के लिए यह दिशा वास्तु के अनुसार सर्वोत्तम मानी गई है।

2 - सोने की दूसरी उत्तम दिशा पूर्व से पश्चिम की ओर है। पूर्व दिशा में सूर्य का आधिपत्य है। यह दिशा भी वास्तु के अनुसार उचित है। इस दिशा में सोने से स्मरण शक्ति, चित्त में एकाग्रता , सात्विकता रहती है साथ ही स्वास्थ्य भी अनुकूल रहता है। विधार्थियो , प्रोफेसर , रिसर्चर, अविवाहित संतानों के लिए यह दिशा अतिउत्तम है।

3 - पश्चिम दिशा में सिर रखकर पूर्व दिशा में पैर रखकर सोना बहुत उचित नहीं है।

इस दिशा में सोने से आर्थिक उन्नति रुकती है और मानसिक तनाव रहता है। इस दिशा में पति पत्नी के सोने से उनके आपसी रिश्तों में तनाव बढ़ सकता है। पश्चिम दिशा का स्वामी शनि को माना जाता है।इस दिशा में सोने से कार्यों में असफलता , पैरो में समस्या विशेषकर घुटनों की समस्या , मन में अशांति होने की संभावना रहती है।इस दिशा में सोने से बचना चाहिए।

4 - उत्तर दिशा में सिर रखकर पैर दक्षिण दिशा में रखना सोने की सबसे अनुचित दिशा मानी जाती है। इस दिशा में सोने से नेगेटिव एनर्जी का विस्तार होता है, स्वास्थ्य में कठिनाई , मानसिक तनाव, अवसाद जैसी बीमारियां हो सकती हैं। दक्षिण दिशा में मृत्यु के देवता यम का स्थान माना जाता है। हिंदू धर्म में मृतक को दक्षिण दिशा में पैर कर रखा जाता है। नवदम्पत्ति के इस दिशा में सोने से संतान सुख में कमी , गर्भपात , जैसी समस्याएं हो सकती है। यह दिशा वास्तु सम्मत नही मानी गई है।

5- वास्तु के अनुसार पौधे नेगेटिव एनर्जी को दूर करते है और पॉजिटिव एनर्जी को बढ़ाते हैं। शयन कक्ष में बांस का पौधा , मनी प्लांट , आरिका पाम , स्नेक प्लांट , लेवेंडर प्लांट जैसे पौधे को रखने से मन की शांति और सुख समृद्धि में वृद्धि होती है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ
## मंगलवार, 2 दिसंबर 2025

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते हेमंत ऋतौ मार्गशीर्ष मासोत्तमे शुक्ल पक्षे 12 तिथौ मंगल वासरे 15/18/ अश्विनी नक्षत्रे 20/52/ वरियान योग 21/09/ बालव करणे 15/58/ मेष राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** यौम प्रदोष व्रत। अनंग त्रयोदशी व्रत। सूर्य ज्येष्ठा नक्षत्र में घं. 25 मि. 14 पर।

**मेष :** स्वास्थ्या संबंधी समस्या का निराकरण होगा।धन की बचत करें। हनुमान जी की पूजा करें। संयम से कार्य करें।

**तुला :** खर्चे पर नियंत्रण रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम से बचें। यात्रा का योग है। स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां आ सकती हैं।

**वृष :** सम्मान का लाभ मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुख मय होगा। यात्रा से लाभ होगा। शासन सत्ता का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक :** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** जीवन का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। णन पद प्रतिष्ठा की दिशा में लाभ होगा। धन सम्मान के क्षेत्र में लाभ होगा।

**धनु :** परिवार का सहयोग मिलेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**कर्क :** पारिवारिक जीवन सुख में होगा भागदौड़ रहेगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति रहेगी। यात्रा से बचें।

**मकर :** यश कीर्ति में वृद्धि होगी। परिवार के लोगों का सहयोग एंव प्रेम मिलेगा। पारिवारिक कष्ट रहेगा। खर्च बढ़ेगा।

**सिंह :** दांपत्य जीवन सुख मय होगा। लाभ का मार्ग प्रशस्त रहेगा।

**कुंभ :** दांपत्य जीवन सुख मय होगा। खर्च पर नियंत्रण रखें। सम्मान का लाभ मिलेगा। धन और यश की प्राप्ति होगी। यात्रा का योग है।

**कन्या :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा की स्थिति सुखद एंव लाभकारी रहेगी।

**मीन :** जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। धन पद प्रतिष्ठा की दिशा में लाभ होगा।

## खबर एक नजर

### अज्ञात वाहन के खिलाफ एक्सीडेंट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू

**महराजगंज रायबरेली।** चंदापुर थाना क्षेत्र में रविवार को खेत में युवक का शव मिलने के मामले में चंदापुर पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ एक्सीडेंट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं पीएम के बाद गांव पहुंचे युवक के शव का पुलिस की मौजूदगी में गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। बताते चलें कि सोमवार की सुबह चंदापुर थाना क्षेत्र के सरसों के खेत में एक युवक के शव मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई थाना क्षेत्र के पूरे तालेवंद मजरे ज्यौना गांव निवासी संतोष कुमार गोस्वामी पुत्र रामकेवल गोस्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भाई दीपक गोस्वामी 40 वर्ष नशे का आदी था तथा परिवार से मतलब नहीं रखता था, शनिवार को वह पूरे गुरुदत्त सिंह गांव में आई बारात में डीजे के आगे पीछे नाच रहा था, इसी दौरान किसी वाहन ने टक्कर मार दी होगी। जिससे वह चोटिल हो गया और उसका शव रविवार की सुबह अयोध्या पासी के सरसों के खेत में मिला। सूचना पर करीब आठ बजे सुबह मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पीएम के बाद युवक का शव रविवार की देर शाम गांव पहुंचा, जहां गांव में ही सोमवार की सुबह पुलिस की मौजूदगी में युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सपा जिला सचिव ने की वार्ता, गांव पहुंच कर जानी स्थिति

**रायबरेली।** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर प्रक्रिया को लेकर समाजवादी पार्टी निचले स्तर पर अपने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को अहम जिम्मेदारी सौंप कर एसआईआर फॉर्म भरने से कोई भी मतदाता वंचित न रह जाए इसको लेकर हर क्षेत्र की जिम्मेदारी एक अहम सदस्य को सौंप गई। समाजवादी पार्टी जनपद के जिला सचिव मोहम्मद मुशीर को एसआईआर लालगंज प्रभारी नियुक्त किया गया। जिसको लेकर मोहम्मद मुशीर के द्वारा लगातार गांव गांव जाकर हर एक मतदाता को एसआईआर फॉर्म भरने के लिए प्रेरित के साथ फार्म भरवाए जा रहे हैं। बीते सोमवार को मोहम्मद मुशीर के द्वारा खंड विकास अधिकारी लालगंज के साथ वार्ता की गई और किसी भी प्रकार की समस्या से निजात दिलाने को लेकर अधिकारियों से विचार विमर्श किया। इस दौरान मोहम्मद मुशीर के द्वारा लगभग एक दर्जन गांव पहुंच कर समाजवादी कार्यकर्ताओं को मतदान प्रक्रिया को मजबूत बनाने को लेकर एसआईआर फॉर्म भरवाने तथा इस प्रक्रिया से कोई वंचित न रह जाए इसको लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस दौरान सरिस्ताबाद, मोहन सिंह का पुरवा, भुरकुष पुर, बहाई, जमुनावा, कानमऊ सहित अन्य गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों के फार्म भरवाए गए। इस दौरान सरेनी विधानसभा अध्यक्ष जेपी यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**खीरों, रायबरेली।** विकास क्षेत्र खीरों के न्यू सरस्वती ज्ञान मन्दिर इण्टर कॉलेज में सोमवार को बच्चों की तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह एवं विद्यालय के प्रबंधक बीडी चक्रवर्ती ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। सोमवार को प्रतियोगिता के पहले दिन कक्षा 8 के बालक वर्ग की 100 मीटर लम्बी दौड़ में अंकित कुमार ने प्रथम, कृष्ण सिंह ने द्वितीय और आदित्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में मानवी ने प्रथम, नित्या जायसवाल ने द्वितीय एवं शैलजा सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 7 बालक वर्ग में शुभम प्रथम, अंशुमान सिंह द्वितीय, सीमांत सिंह तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में स्नेहा सिंह प्रथम, श्रुति सिंह द्वितीय, तेजल राजपूत तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 6 के बालक वर्ग में आर्यन यादव ने प्रथम, यश ने द्वितीय एवं नैतिक गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में आनवी ने प्रथम, हिमांशी ने द्वितीय एवं शगुन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक खेल शिक्षक आदित्य सिंह, अनूप मिश्रा व अनुग्रह मिश्रा थे। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव मंगल सिंह, विजय कुमार शर्मा, संयोजक कमल, अवधेश कुमार सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी और छात्र छात्रायें उपस्थित थे।

### मानवता के कल्याण के उद्देश्य से की जा रही है धम्म चारिका -भिक्खू डॉ चंद्रिमा

**रायबरेली।** धम्मा लर्निंग सेंटर सारनाथ वाराणसी के अध्यक्ष पूज्य भिक्खू डॉ चंदिमा महाथेरो और उनका भिक्खु संघ सारनाथ से संकिसा के लिए चारिका करते हुए रायबरेली शहर पहुंचा। यहां जनपद के डॉ भीमराव अम्बेडकर बुद्ध विहार समिति पंचशील नगर बालापुर के बैनर तले समिति के अध्यक्ष चन्द्र शेखर बौद्ध के नेतृत्व में एंव राजेश कुरील के संचालन में विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक और धार्मिक संगठनों के लोगों ने शहर की सीमा भटपुरवा शारदा नहर पर पहुंच कर भिक्खू संघ का फूल वर्षा कर स्वागत अभिनन्दन किया गया। धम्म यात्रा का स्वागत मीरगंज, जैतुपुर, पटेल नगर, मथुरा का पुरवा, मालिक मऊ आइमा, जवाहर विहार कालोनी चौराहा, झलकारी बाई चौक गोल चौराह, अम्बेडकर नगर, छजला का पुरवा, कछ्छू का पुरवा, एकता विहार, रतापुर चौराहे में अधिक से संख्या में अम्बेडकर वादी, बहुजन वादी, समता वादी, संविधान पसन्द एंव बौद्ध धम्म के उपासक-उपासिकाओ एंव स्थानीय जनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर भिक्खू संघ की आरती उतार कर फूल वर्षा से भव्य अभिनन्दन किया। त्रिपुला चौराह मौर्या मार्केट गंगा उत्सव लॉन में चक्रवर्ती सम्राट अशोक चेतना संस्थान के संयोजन में बौद्ध धम्म देशना का आयोजन किया गया जहां पर पूज्य बौद्ध भिक्खू डॉ चंदिमा महाथेरो ने लोगों को धम्म देसना दिया और कहा कि यह यात्रा विश्व शांति, सत्य, अहिंसा और मानवता के कल्याण के उद्देश्य से निकाली गई है। धम्म यात्रा एंव धम्म देशना में शामिल हजारों भगवान बुद्ध के श्रद्धालु जनों एंव अम्बेडकर वादी, बहुजन वादी ईएस के आर्या, अनिल कांत, विमल किशोर सब्बरा, सूबेदार हरि प्रसाद शास्त्री, राजेन्द्र बौद्ध, मास्टर श्रीराम, पराग लाल, सुनील दत्त, आशा राम रावत, रोहित प्रतिपक्षी, संजय, श्रीकान्त दिवाकर, शुभम् चौधरी, ललित, माया आर्या, विद्या आर्या, सुनीता अम्बेडकर, रेखा राजेश कुरील, राम खिलाड़ी लाल, आरएस त्यागी, राम संजीवन धीमान, सीबी गौतम, राम प्रसाद बौद्ध, एडव सरवन बौद्ध, संगीता रावत, कमला बौद्ध, सरोज बाला, एक स्वर से बौद्ध धर्म को पुनः स्थापित करने वाले बाबा साहब डॉ0 अम्बेडकर का सपना बौद्ध मय भारत बनाए जाने के लिए संकल्प बद्ध हुए।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने बिटिया को गोल्ड मेडल हासिल करने पर किया सम्मानित

**बछरावां रायबरेली।** बछरावां विकासखंड की सेंहगो ग्राम सभा की निवासिनी मधुलिका को बीते 17 नवंबर को बाबू बनारसी दास सभागार में बीजेएमसी में गोल्ड मेडल हासिल करने पर सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित किया गया था। पत्रकारिता के क्षेत्र में गोल्ड मेडल हासिल करने पर आज नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने मधुलिका पुत्री राजेश कुमार के आवास पर जाकर ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा व बुके देकर सम्मानित किया व नगर पंचायत सभासद प्रतिनिधि आशीष कुमार उर्फ बाबी ने भी प्रतिमा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रथम प्रत्याशी शिरीष कुमार ने भी राधा कृष्ण की प्रतिमा देकर बालिका को सम्मानित किया। प्रतिभाएं क्षेत्र की बालिकाएं शिक्षा की क्षेत्र में नित नए आयाम का सृजन कर रही है। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने बालिका को अग्रिम उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी ज्ञापित की।

# कोलकाता के 'रेल उत्सव' में आरेडिका जीएम की लिखी दो पुस्तकों का हुआ विमोचन

### भारतीय रेलवे के विकास में पूर्व रेलवे की रही महत्वपूर्ण भूमिकाः जीएम पीके मिश्रा

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली के महा प्रबन्धक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने ईस्ट इंडियन रेलवे (ईआईआर) की विरासत पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी और अपनी दो प्रतीक्षित पुस्तकें द हाईवे ऑफ हिंदोस्तानः द ईस्ट इंडियन रेलवे (1841-1871) और ट्रैक्स ऑफ नेसेसिटी रेलवे, फेमाइन एंड एम्पायर इन डेक्कन÷ लान्च कीं। यह कार्यक्रम रेल उत्सव के तहत कलकत्ता यूनिवर्सिटी इंस्टिट्यूट, कोलकाता में रेल उत्साही समाज (रेल इंथुजियास्ट सोसाइटी) द्वारा आयोजित किया गया था। 'रेल उत्सव' में इन पुस्तकों का विमोचन भारतीय रेलवे की समृद्ध विरासत और इसके देश के इतिहास पर परिवर्तनकारी प्रभाव की निरंतर रुचि को उजागर करता है। बताते चलें कि ÷द हाईवे ऑफ हिंदोस्तानः द ईस्ट इंडियन रेलवे (1841-1871)÷ ईस्ट इंडियन रेलवे के प्रारंभिक वर्षों का सबसे व्यापक और प्रामाणिक इतिहास प्रस्तुत करती है। यह पुस्तक पूरी तरह प्राथमिक स्रोतों पर आधारित है और दिखाती है कि कैसे इस रेलवे की स्थापना साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षा से राष्ट्रीय परिवर्तन तक पहुंची। इसमें इंजीनियरिंग चमत्कार, औपनिवेशिक राजनीति, भूले-बिसरे मजदूरों और दूरदर्शी सुधारकों के जीवन को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह केवल ट्रेनों की कहानी नहीं है, बल्कि साम्राज्य, प्रतिरोध और उस लोहे की रेल की कहानी है जिसने पूरे उपमहाद्वीप को जोड़ा। इसी प्रकार ट्रैक्स ऑफ नेसेसिटी रेलवे, फेमाइन एंड एम्पायर इन डेक्कन दक्षिणी मराठा रेलवे (एसएमआर) और वेस्ट ऑफ इंडिया पुर्तगाली गारंटीड रेलवे (डब्लूआईपीजीआर) का विस्तृत इतिहास बताती है। कठिनाइयों के बीच जन्मी दक्षिणी मराठा रेलवे केवल लोहे की पटरी नहीं थी, बल्कि गरीब समुदायों के लिए जीवनरेखा साबित हुई। इसे एक विशाल फूड फॉर वर्क परियोजना के




रूप में विकसित किया गया और यह औपनिवेशिक भारत की सबसे गतिशील रेलवे प्रणालियों में से एक बन गई। साथ ही, डब्लूआईपीजीआर ने ब्रिटिश भारत को पुर्तगालियो के अधीन स्थित गोवा से जोड़ा, धारवाड़ के कपास खेतों से मर्मुगाओ के गहरे बंदरगाह तक को जोड़ा। पुस्तक में भूले-बिसरे अभिलेखों के माध्यम से उस युग की महत्वाकांक्षा, राजनीतिक समझौते, मेहनती इंजीनियरो और धनी निवेशकों की कहानियां जीवंत रूप में प्रस्तुत की गई हैं। यह बताती है कि कैसे लोहे की पटरी ने अकाल-ग्रस्त क्षेत्रों, अलग-अलग उपनिवेशों और महत्वाकांक्षी सपनों को जोड़कर भारतीय उपमहाद्वीप की पहली रेलवे प्रणाली बनाई। भारतीय रेलवे सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और रेलवे इतिहास लेखक पीके मिश्रा ने कहा कि भारतीय रेलवे के विकास में पूर्व रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भारत में सबसे शुरुआती दौर में इस इलाके में रेल लाइनें बिछी, ट्रेनें चलीं। पूर्वी रेलवे तमाम तरह की चुनौतियों का सामना करते हुए अस्तित्व में आया और संबर्धित व विकसित हुआ। श्री मिश्रा कोलकाता में आयोजित रेल उत्सव में आयोजित एक व्याख्यान माला में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। पीके मिश्रा आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के महाप्रबंधक हैं। वे कपूरथला रेल कोच फैक्ट्री के महाप्रबंधक के अतिरिक्त प्रभार में भी हैं। संगोष्ठी में उन्होंने पूर्व रेलवे के निर्माण, इतिहास और विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भी रेलवे ने महत्वपूर्ण रोल अदा किया है। श्री मिश्र ने रेलवे के इतिहास से संबंधित कई अनछुए पहलुओं पर प्रकाश डाला। कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक जानकारियों से रेल अधिकारियों को अवगत कराया। बताते चलें कि पीके मिश्र आसनसोल, मालदा और अलीपुरद्वार मंडल के डीआरएम रह चुके हैं। उन्होंने रेलवे के इतिहास पर महत्वपूर्ण शोध किया है। अपने विभिन्न स्थानों पर पदस्थापना के दौरान रेलवे के प्राचीन इमारतों और महत्वपूर्ण प्रतीकों को सजाने संवारने के महत्वपूर्ण काम भी किया है। इस मौके पर संजय मुखर्जी (सेवानिवृत्त सदस्य, वित्त रेलवे बोर्ड), वीएन माथुर (अध्यक्ष, रेल इंथुजियास्ट सोसाइटी), एसएस डे (सचिव, पब्लिशर्स गिल्ड) एवं जस्टिस एस पाल (अध्यक्ष,ब्न्), विशाल कपूर (डीआरएम हावड़ा), अतुल्य सिन्हा (रेल साहित्य विशेषज्ञ), आशीमा मेह्रोत्रा (एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर/हेरिटेज रेलवे बोर्ड), सौरसंखा माजी (रेल शोधकर्ता और रेल इंथुजियास्ट सोसाइटी सदस्य), सचिन सुशील (फिल्म निर्देशक), देबाशीष मुखोपाध्याय, आशाद सिद्दीकी (प्रसिद्ध रेलवे क्विज़ मास्टर), यतीश कुमार (मुख्य कार्यशाला प्रबन्धक लिलुआह वर्कशॉप), सत्येंद्र नाथ तिवारी (वरिष्ठ डिविजनल मैकेनिकल इंजीनियर हावड़ा), आरएन तिवारी (सचिव/महाप्रबंधक और मुख्य जनसंपर्क अधिकारी एमसीएफ), अनिल कुमार श्रीवास्तव (जन संपर्क अधिकारी एमसीएफ), अभिजित बरुआ (कॉमर्शियल इंस्पेक्टर ईस्टर्न रेलवे) और अमितेश कुसवाहा (प्रोटोकॉल इंस्पेक्टर) आदि मौजूद रहे।

## एम्स ईएनटी विभाग में राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** एम्स रायबरेली के कान नाक और गला विभाग ने 29 नवंबर को राष्ट्रीय न्यूरो-ओटोलॉजी कार्यशाला का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य वेस्टिबुलर रोगों, चक्कर के निदान और उपचार में नैदानिक दक्षता बढ़ाना था। इस विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूरे भारत से शिक्षाविद, विशेषज्ञ और प्रतिनिधि शामिल थे। एम्स रायबरेली की कार्यकारी निदेशक और सीईओ प्रो डॉ अमिता जैन ने अपने उद्घाटन भाषण में भारत सरकार के सुगम और तकनीकी रूप से उन्नत स्वास्थ्य सेवा के उद्देश्य के अनुरूप ईएनटी और न्यूरो-ओटोलॉजी सेवाओं के विकास के लिए संस्थान के समर्पण पर जोर दिया। उन्होंने विभाग की उपलब्धियों, जैसे कि चक्कर आने की प्रयोगशाला की स्थापना और उन्नत ओटोलॉजिकल सर्जरी, पर



प्रकाश डाला और आयोजन टीम के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यशाला का आयोजन नाक, कान एवं गला सर एवं गर्दन सर्जरी, विभाग द्वारा डॉ अनन्या सोनी आयोजन अध्यक्ष और डॉ अरिजीत जोतदार आयोजन सचिव के नेतृत्व में किया गया था।

रेजिडेंट, ऑडियोलॉजिस्ट और नर्सिंग अधिकारियों ने वैज्ञानिक सत्रों और व्यावहारिक मॉड्यूल के सुचारू संचालन में योगदान दिया। डॉ अमित केशरी, डॉ अनीता भंडारी और अन्य सहित प्रख्यात संकाय सदस्यों ने वेस्टिबुलर फि जियोलॉजी, चक्कर आने के नैदानिक कारणों और व्यावहारिक वीडियो निस्टाग्मोग्राफ ी वीएनजी प्रशिक्षण को कवर करते हुए व्याख्यान दिए और वेस्टिबुलर पुनर्वास का मार्गदर्शन किया।

## कैंप लगाकर बिजली बिल उपभोक्ताओं को दी गई राहत, मूलधन में छूट

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज रायबरेली।** योगी सरकार की महत्वाकांक्षी बिजली बिल राहत योजना के तहत लालगंज क्षेत्र के सोंडासी ग्राम सभा के पूरे नया में बिजली कैंप लगाकर उपभोक्ताओं को भारी भरकम छूट के साथ बकाया जमा करने का मौका दिया गया। राज्य सरकार और यूपीपीसीएल ने 1 दिसंबर से बिजली बिल माफी राहत योजना लागू कर दी। जिसके तहत बीते सोमवार को इस योजना का लाभ उपभोक्ताओं को दिया गया क्षेत्र के पूरे नया गांव में कैंप लगाकर लगभग 100000 से ज्यादा का बकाया बिल जमा कराया गया। जानकारी देते हुए अवर अभियंता विद्युत विभाग बृजेश कुमार मौर्य ने बताया इस योजना का उद्देश्य लंबे समय से बकाया बिजली बिलों के बोझ से दबे घरेलू और छोटे व्यावसायिक उपभोक्ताओं को राहत देना है सरकार के द्वारा चालू की गई इस योजना के तहत छूट प्राप्त कर उपभोक्ता अपना बकाया बिल जमा कर सकते हैं तथा इस योजना के तहत निर्धारित शुल्क जमा करने पर उपभोक्ताओं के बकाए की गणना नई दरों पर की जाएगी। जिसमें ब्याज पूरी तरह माफ होगा। इसके बाद उपभोक्ताओं को एकमुस्त भुगतान या आसान



किस्तों में बिल चुकाने का मौका मिलेगा। जिससे बिल जमा करने में काफी आसानी होगी तथा जो उपभोक्ता बकाया जमा नहीं करते हैं। उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी। इस मौके पर एसडीओ शिवम वर्मा, एक्सियन दयाशंकर यादव, अधिशासी अभियंता राजकुमार कुर्मी, टीजी लाइन जितेंद्र सिंह, समीम, कन्हैयालाल आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## अच्छे कार्य व्यवहार और समय से ड्यूटी करने वाले होमगार्ड को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, महराजगंज रायबरेली।** प्रत्येक माह की भांति इस माह भी अच्छे कार्य व्यवहार और समय से ड्यूटी करने वाले होमगार्ड राम सुफल यादव को कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव व प्लाटून कमांडर इंद्रमणि सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्लाटून कमांडर इंद्रमणि सिंह चौहान ने बताया कि प्रत्येक माह की एक तारीख को अच्छी कार्य ड्यूटी एवं बेहतर कार्यशैली को देखते हुए होमगार्ड को सम्मानित किया जाता है। इसी के तहत होमगार्ड राम सुफल यादव को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया है। इस दौरान होमगार्ड एसीसी बुद्धसेन शर्मा, छिटई प्रसाद, रामदास यादवए,राम यश मौर्य, रामराज यादव, लाल मोहम्मद, रमापति बाजपेई, रामकुमार सिंह, आशीष कुमार द्विवेदी, रमेश कुमार मिश्रा, तेज कुमार, शिवकरण यादव, शिव शंकर मिश्रा, रामकुमार यादव, सुरेश कुमार यादव, दिनेश सिंह व राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## बीएमपीएस में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद स्पर्धा का शुभारंभ, बच्चों ने उत्साह से लिया भाग

### मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने फीता काट कर किया उद्घाटन

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद स्पर्धा 2025 का शानदार शुभारंभ हुआ। खेल का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंहने विद्या देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ फीता काटकर किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार सिंह और प्रबन्ध निदेशक सुनील सिंह बीएमपीएस खेल पताका फ हराकर मैत्री और शांति का संदेश देने वाले कबूतर की जोड़ी को छोड़ कर छोड़कर मैत्री और शांति का संदेश दिया। मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार सिंह ने अपने



सम्बोधन में कहा कि छात्र-छात्राओं को विद्यालय स्तर से ही खेलकूद में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। खेल में हार जीत का कोई मतलब नहीं। उन्होंने जीतने वाले खिलाड़ियों को आशीर्वाद देने के साथ-साथ हारने वाले खिलाड़ियों के भी विशेष सहानुभूति दिखाते हुए कहा कि हारने वाला ही जीतने का प्रयास करता है, इसलिए कभी हार से घबराना नहीं चाहिए। बालिकाओं को भी खेल के प्रति उत्साहित करते हुए कोतवाल ने उन्हें खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। पहले दिन नर्सरी से प्राइमरी स्तर तक के बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छोटे बच्चों की फ्रॉग रेस, सैक रेस, लेमन स्पून रेस में छोटे बच्चों ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन कर पदक हासिल किया। 50 मीटर, 100 मीटर की बालक-बालिका रेस में भी जबरदस्त स्पर्धा देखने को मिली। अपनी टीम को विजय दिलाने के लिए खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रति स्पर्धा दिखाई। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से पदक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इसके पूर्व प्रबंधक शांतनु सिंह, प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह, प्रधानाचार्य अभिषेक रंजन ने आए हुए मुख्य अतिथि कोतवाल प्रमोद सिंह को विद्यालय परिवार की ओर से प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर अतुल त्रिपाठी, शीतला गुप्ता, योगेंद्र त्रिवेदी, अभिषेक शर्मा, अजय सिंह, शम्मी सिंह, पुत्तन सिंह सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# सीडीओ ने एड्स नियंत्रण जागरूकता परेड को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**स्वतंत्र भारत संवाददाता, रायबरेली।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज जनपद रके एनसीसी कैडेट तथा छात्रों द्वारा एड्स नियंत्रण कार्यक्रम में आयोजित विश्व एड्स दिवस परेड के माध्यम से जन जागरूकता फैलाई गई। इस जागरूकता परेड को जनपद की मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चन्द्रा, प्राचार्य रत्नेश कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला क्षयरोग अधिकारी/नोडल एड्स अधिकारी डॉ अनुपम सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरविंद तथा जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डीएस अस्थाना, जिला प्रोग्राम समन्वयक अभय मिश्रा, जिला पब्लिक प्राइवेट मिक्स समन्वय मनीष श्रीवास्तव, पीएमडीटी समन्वयक अतुल कुमार एवं क्षय रोग विभाग के कर्मचारियों सहित जनपद में कार्य समस्त आईसीटीसी एआरटी, एसएसके



एनजीओ सेंटर के क्रम में द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चन्द्रा ने बताया जनपद में वर्ष 2011 से आर्ट सेंटर ऊंचाहार की स्थापना हुई थी जिससे अब तक 2163 मरीजों की खोज की गई वर्तमान में यह आर्ट केंद्र जिला मुख्यालय पर स्थित जिला चिकित्सालय परिसर रायबरेली में विगत दो वर्षो से स्थापित है जब से यहां पर और भी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है इस समय जिला पुरुष चिकित्सालय में 5360 मरीजों की जांच की गई जिनमें से 54 में इस बीमारी के संक्रमण का पता चला इसी के साथ एम्स रायबरेली में भी इस बीमारी की जांच की जा रही है और वहां पर 3226 जांच की जा चुकी है। जिसमें से 31 मरीज खोजे गए इसी प्रोग्राम को और सशक्त करने के लिए जिला महिला चिकित्सालय रायबरेली में भी इस सुविधा का लाभ दिया जा रहा है।

यहां पर आने वाले सभी प्रसुताओं और अन्य महिलाओं की जांच होती है जिसमें से लगभग 12413 मरीजों की जांच की गई। जिसमें 9 में संक्रमण की पुष्टि हुई। इसी क्रम में सीएससी लालगंज और बछरावां में भी इनकी जांच की जा रही है और वहां पर भी इस संक्रमण से ग्रसित लगभग 15 मरीज निकले हैं जिनको उपचार पर रखे गए हैं पिछले साल वर्ष 25 में 106 मरीज इस बीमारी के संक्रमण से ग्रसित निकले थे।

सभी को इलाज पर रख लिया गया है और उनको इलाज दिया जा रहा है। टीबी से संक्रमित एचआईवी के मरीज भी पाए गए हैं ऐसे 13 के मरीज है और उनका टीबी का तथा एचआईवी दोनों ही इलाज सफलतापूर्वक किया जा रहा है। इस बीमारी से बचाव ही एकमात्र उपाय है जिसके लिए जिले की सभी 18 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर यह जांच की जा रही है। इस वर्ष का स्लोगन जो भारत सरकार द्वारा सभी को दिया गया है वह है बाधाएं होगी दरकिनार एचआईवी और एड्स पर होगा सशक्त प्रहार इस स्लोगन के माध्यम से हमें सभी के लिए यह संदेश देना है की जांच से संबंधित व उपचार से संबंधित कोई भी बधाए नहीं आएंगे और उन्हें समुचित उपचार जिले के सभी उपचार केन्द्रों से प्राप्त होंगे।

## खेलेगा यूपी, तभी तो आगे बढ़ेगा यूपी



**स्वतंत्र भारत संवाददाता, सलोन, रायबरेली।** कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग रायबरेली द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत खेलकूद स्पर्धा का आज विधानसभा सलोन के विकास खंड सलोन स्थित मिनी स्टेडियम सूची में मुख्य अतिथि सलोन विधायक अशोक कुमार कोरी ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। इस दौरान समस्त ऊर्जावान खिलाड़ियों को संबोधित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विजेताओं को ट्रॉफ ी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। विधायक अशोक कुमार कोरी ने कहा सेहतमंद रहने के लिए रोज़ाना थोड़ी देर खेलना बेहद आवश्यक है। खेल से शरीर मजबूत होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है नियमित खेल मन को तनाव मुक्त और खुश रखता है। इससे एकाग्रता, अनुशासन और आत्मविश्वास भी सेहतमंद रहने के लिए रोज़ाना थोड़ी देर खेलना बेहद आवश्यक है। खेल से शरीर मजबूत होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। नियमित खेल मन को तनाव मुक्त और खुश रखता है। कहा गांव की प्रतिभा को मंच देना हमारी प्राथमिकता है! खेल हमें सिखाता है कि जीत से पहले हार को स्वीकारना और फिर नईं ऊर्जा से प्रयास करना कितना ज़रूरी है।

# डीआईजी ट्रैफिक ने गोष्ठी में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** पुलिस उपमहानिरीक्षक, यातायात एवं सड़क सुरक्षा, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात प्रबन्ध के सम्बन्ध मे क्रिटिकल कारिडोर टीम व जनपदीय स्टेक होल्डर्स के साथ समीक्षा गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस उपमहानिरीक्षक, यातायात एवं सड़क सुरक्षा, उ0प्र0, लखनऊ अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा आज जनपद में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से रिजर्व पुलिस लाइन्स बाराबंकी स्थित सभागार में जीरो फेटैलिटी डिस्ट्रिक्ट कार्यक्रम के अन्तर्गत गठित क्रिटिकल कारिडोर टीम (सीसी टीम) के कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनपदीय स्टेक होल्डर्स- एन.एच.ए.आई., पी.डब्लू.डी, स्वास्थ्य विभाग एवं एन.आई.सी. के नोडल अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से समीक्षा गोष्ठी की गई। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व दक्षिणी, क्षेत्राधिकारी यातायात एवं अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा ब्लैक स्पॉट चिह्नीकरण और सुधार, जन जागरूकता अभियान, यातायात उपकरणों की समीक्षा, प्रवर्तन कार्रवाई जैसे- ओवरस्पीडिंग, नशे में ड्राइविंग, और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई करने, बुनियादी ढांचे में सुधार जैसे सड़कों पर चेतावनी संकेतों, रोड मार्किंग, और आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर (सफेद पट्टी सहित) की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई तथा सभी स्टेक होल्डर्स एवं सीसी टीमों को सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और जनपद को सुरक्षित बनाने में सक्रिय रहकर समन्वित रूप से कार्य करने के दिशा निर्देश दिये गये। गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटना से होने वाली मृत्यु दर में शत-प्रतिशत कमी लाना तथा जनपद को 'ज़ीरो फेटैलिटी डिस्ट्रिक्ट' के मॉडल के रूप में स्थापित करना है।

# हाइवे से लेकर रामनगर कस्बा तक लगता रोज जाम, राहगीरों को होती है परेशानी

**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** मुख्य हाइवे,फतेहपुर रोड व कस्बे में लग रहे जाम से यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराती दिख रही है। मुख्य चौराहा और फतेहपुर मोड़ पर दैनिक रूप से लगने वाला जाम अब लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गया है वहीं कस्बे के अंदर भी लंबा जाम लगने लगा है जो आम लोगों के लिए मुसीबतों का सबब बनता जा रहा है।दुकानदारों के लिए भी समस्या बनी रहती। जाम से उनकी दुकानदारी भी प्रभावित रहती है। बताते हैं कि हाइवे से फतेहपुर की तरफ मुड़ने वाले वाहनों तथा कस्बे के अंदर प्रवेश करने वाले चारपहिया व भारी वाहनों के कारण मोड़ पर कई-कई मिनट तक लंबा जाम लगा रहता है। स्थिति यह होती है कि दोनों दिशाओं में वाहनों की कतारें आधा किलोमीटर तक खड़ी हो जाती हैं।स्थानीय लोगों ने बताया कि कटका पुल की मरम्मत के चलते बड़े वाहन मरकामऊ मार्ग होकर निकाले जा रहे



हैं। भारी वाहनों का यह अतिरिक्त दबाव रामनगर कस्बे की गलियों और मोड़ पर जाम को और बढ़ा रहा है। इसके अलावा अगानपुर पुल की चौड़ाई बेहद कम होने से स्थिति और बिगड़ जाती है। पुल संकरा होने के कारण एक समय में सिर्फ एक ही वाहन निकल पाता है, जिसके चलते आवागमन लगातार बाधित रहता है और दोनों ओर जाम बन जाता है।व्यापारियों और स्थानीय निवासियों का कहना है कि सुबह-शाम स्कूल व ऑफिस समय में हालात सबसे ज्यादा खराब रहते हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि फतेहपुर मोड़ और मुख्य चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था सुधारी जाए, भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किया जाए और अगानपुर पुल को चौड़ा करने की कार्रवाई शीघ्र शुरू की जाए, ताकि कस्बे को बढ़ते जाम से राहत मिल सके।

# दोबारा पटाखा बनाने की कोशिश में हुआ घायल

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** जनपद में थाना सतरिख क्षेत्र के ग्राम तिंदवानी निवासी 12 वर्षीय सुमित, पुत्र श्रीराम, आज दोपहर एक गंभीर हादसे का शिकार हो गया। वह अपने घर के पास दगे हुए गोला पटाखे से बारूद निकालकर दोबारा पटाखा बनाने की कोशिश कर रहा था।इसी दौरान लगभग दोपहर 2 बजे बारूद में अचानक आग लग गई और तेज धमाके के साथ विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज था कि बारूद के कण सुमित के चेहरे पर तेजी से जा लगे, जिससे उसके चेहरे पर कई जगह गहरी चोटें आई।हादसे के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही 108 सेवा की जाटा बरौली स्थित एंबुलेंस टीम मौके पर पहुंची। पायलट सत्यम और ईएमटी नित्यानंद वर्मा ने तुरंत सुमित को एंबुलेंस में शिफ्ट किया और मौके पर ही प्राथमिक उपचार प्रदान किया। इसके बाद बच्चे को सीएचसी जाटा बरौली में भर्ती कराया गया।चोट अधिक होने के कारण चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, सुमित की हालत अब स्थिर और सामान्य है। डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। इस हादसे के बाद ग्राम तिंदवानी में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों ने बच्चों द्वारा पटाखों के अवशेष से खिलवाड़ न करने की अपील की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## श्रवण, दृष्टि व बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए बड़ी सौगात

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सरकार ने दिव्यांग बच्चों के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। रामनगरी अयोध्या में श्रवणबाधित, दृष्टिबाधित व बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए आधुनिक बचपन डे-केयर सेंटर तेजी से निर्माणाधीन है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के अंतर्गत करीब 3.19 करोड़ रुपये की लागत से नजूल की भूमि पर बन रहे इस सेंटर से 3 से 6 वर्ष की आयु के उन दिव्यांग बच्चों को विशेष देखभाल, प्रारंभिक शिक्षा और थेरेपी मिलेगी, जिनके माता-पिता दिनभर काम पर रहते हैं।

## खबर एक नजर

### अवैध शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी ।** कोतवाली पुलिस ने साढ़े चार लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्त मोहित राजपूत पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी जगतपुर थाना शिवरतनगंज बताया जा रहा हैं। कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक अमन सैनी को रात्रि गश्त के दौरान सोमवार की भोर मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक कस्बा स्थित कर्बला के निकट पिपिया में शराब लेकर किसी को देने के लिए खड़ा है।

### पंचायत सचिवों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

**स्वतंत्र भारत हैदरगढ़ बाराबंकी ।** केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर ऑनलाइन उपस्थिति व सचिवों से लिये जा रहे गैर विभागीय कार्यों के विरोध में सोमवार से शुरू हुए सत्याग्रह आंदोलन के तहत विकास खंड त्रिवेदीगंज में कार्यरत पंचायत सचिवों ने सोमवार की दोपहर ब्लॉक मुख्यालय पर काली पट्टी बांधकर जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार से एफ आर एस प्रणाली हटाने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से प्रफुल वर्मा, श्रवण कुमार, निर्देश शर्मा, पवन गौतम, संयम मिश्रा, ज्ञान सिंह, विनय शुक्ला व बिंदराज यादव सहित कई सचिव शामिल थे। पंचायत सचिवों ने कहा कि उनकी नौकरी 24 घंटे की है और पंचायतों के कार्यों को निपटने का पहले से ही काफी दबाव रहता है। उन्होंने ऑनलाइन हाजिरी एफआईएस लगाने में आ रही दिक्कतों का हवाला देते हुए सरकार से इसको हटाने की मांग की।विनय शुक्ला ने बताया कि 4 दिसम्बर तक काली पट्टी बांधकर शासकीय कार्य किया जायेगा यदि फिर भी मांगे न मानी गई तो 5 दिसंबर को सभी सचिव धरना कार्यक्रम एवं ज्ञापन प्रेषण के अलावा जनपद के सभी सरकारी व्हाट्सअप ग्रुपों से लेफ्ट हो जायेंगे। इसके अलावा 10 दिसम्बर 2025 से सभी सचिव अपने निजी वाहन का प्रयोग बन्द कर देंगे तथा 15 दिसम्बर को सभी सचिव अपने डोंगल ब्लाक मुख्यालय पर जमा करने को मजबूर हो जायेंगे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, एक गम्भीर

**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी।** रविवार की देर रात्रि बाईक से फेरी कर घर लौट रहे सगे भाइयो की बाईक को बड़ागांव क्रासिंग पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी गंभीर रूप से घायल भाइयो को सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया गया जिसमे 27 वर्षीय छोटे भाई की मौत हो गयी तथा बड़े भाई का इलाज चल रहा है।थाना क्षेत्र के ग्राम जमालपुर मजरे धरौली निवासी 30 वर्षीय सलमान अपने छोटे भाई 27 वर्षीय इरफान के साथ बाईक से फेरी लगाकर हींग, रंग, बाली बुंदे बेचने का कार्य करता है। रविवार की देर रात्रि दोनो भाई बाईक से घर वापस लौट रहे थे कि मसौली थाना मुख्यालय से थोड़ी दूरी पर स्थित बड़ागांव क्रासिंग मोड पर जैसे ही मुडे तभी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनो भाई गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया गया। जिसमे छोटे भाई इरफान की इलाज के दौरान मौत हो गयी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने बताया है कि दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई अज्ञात वाहन का अभी पता नहीं चला है वाहन का पता लगाया जा रहा है।

### एसआईआर को लेकर की पंचायत अध्यक्षों की बैठक

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप ने आज अपने आवास पर जिले के नगर पंचायत और नगर पालिका अध्यक्षों के साथ बैठक की। यह बैठक निर्वाचन आयोग द्वारा किए जा रहे मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर आयोजित की गई।गोप ने सभी अध्यक्षों को एसआईआर प्रक्रिया में पूरी मुस्तैदी बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन आयोग से एसआईआर प्रक्रिया को तीन माह तक बढ़ाने की मांग भी की।पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने बताया कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ता लगातार निर्वाचन आयोग के कर्मचारियों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि किसी भी नागरिक का नाम मतदाता सूची से न कटे। उन्होंने जोर दिया कि लोकतंत्र में मतदान सबसे बड़ी ताकत है और इस अधिकार के बिना किसी व्यक्ति की कोई पहचान नहीं रहेगी।गोप ने कहा कि सपा इस बात को सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बना रही है कि किसी का नाम मतदाता सूची से न हटे। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता रोज बैठकें कर रहे हैं और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।उन्होंने पल्लवी पटेल के उस बयान पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह एसआईआर का फॉर्म नहीं भरेंगी।

### मोक्षदा एकादशी श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**स्वतंत्र भारत, बाराबंकी।** मोक्षदा एकादशी के पावन अवसर पर सोमवार को कस्बे के मुहल्ला फैयाजपुरा स्थित खाटू श्याम मंदिर बाबा जारकबीर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से शुरू हुआ दर्शन-पूजन का क्रम देर शाम तक लगातार जारी रहा। दूर-दराज से पहुंचे भक्तों ने बाबा खाटू श्याम के समक्ष मत्था टेका और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।मंदिर परिसर दिनभर भक्ति और आस्था से सराबोर रहा। महिलाओं ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ श्याम बाबा के भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। देर शाम मंदिर में भव्य मंगल आरती का आयोजन किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।इस अवसर पर खाटू श्याम बाबा का विशेष और अलौकिक श्रृंगार किया गया। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचे और श्रृंगार दर्शन कर स्वयं को धन्य महसूस किया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने में मंदिर समिति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# इंचार्ज दरोगा के ठेंगे पर उच्च न्यायालय भी... कौन करायेगा हत्याभियुक्तों की गिरफ्तारी?

**स्वतंत्रभारत, बाराबंकी।** (सुरेश बहादुर सिंह ''कौशिक'') आज प्रदेश शासन में उसी अधिकारी व कर्मचारी की सबसे अधिक हनक है जो मुख्यमंत्री जी के सर्वाधिक नजदीक माना जाता हैं। वह इतना निरंकुश हो जाता है कि उसके लिए न अधिकारी और न अदालतें कोई मायने नही रखती। इसमें भी खाकी वर्दी की निरंकुशता तो चरम पर पहुंच रही है। इसके अनेकों उदाहरण दिये जा सकते हैं किन्तु यहां जिले के थाना सफदरगंज का उदाहरण ही काफी है।जनपद के अधिकांश थानों को कोतवाली का दर्जा देकर वहां कोतवाल के रुप में इन्सपेक्टर की तैनाती की गई है लेकिन यहां के वर्तमान कोतवाली इन्चार्ज मात्र उपनिरीक्षक होते हुए जिले के कई थानों का निरंतर प्रभार संभालते रहते हैं जिससे यह बात स्वतः सिद्ध हो जाती है कि उसकी पकड़ मुख्यमंत्री या उनके खास करीबी से है जिसकी छत्र छाया में वह अट्ठहास करता जा रहा है। आज तो वह जिला अदालत की कौन कहे माननीय उच्च न्यायालय के आदेश तक को ठेंगा दिखा रहा है वह भी दो-दो बार होने वाले आदेश के बावजूद अपनी मनमानी कार्यशैली के लिए कुख्यात हो रहा है।यहां का मामला एक हत्या से जुड़ा हुआ है। इस थाने के ग्राम बबुरिहा मजरे डमौरा में विगत 15 अक्टूबर को गांव के दरबारीलाल का पुत्र धीरेन्द्र कुमार अपनी ट्राली को रात्रि 9:30 बजे खुद के शौचालय के पास खड़ी कर दिया था। उसके बाद इसी गांव के निवासी व दबंग बशंराज की धान ट्राली निकली जो उसकी ट्राली से छू गयी जिससे बोरा में खरोच आ गई और थोड़ा धान गिर गया इसी से नाराज होकर बंशराज के चारों पुत्र सुनील कुमार, कमल कुमार, सुभाष चन्द्र व ललित कुमार एक राय होकर वहां आये और पहले धीरेन्द्र को गाली गुप्तारी देने लगे जब बात बड़ी तो उन लोगों ने उसे पकड़ कर जमकर मारा पीटा तथा उसके पेट पर सांघातिक चोटें पहुंचायी। उसके बाद मरणासन्न होने पर उसे जान व माल की धमकी देते हुए धरवालों के पहुंचने पर भाग निकले। इस स्थिति



में परिजन मरणासन्न धीरेन्द्र को लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचे, भर्ती कराया, उपचार शुरु हुआ किन्तु उसे पहुंचायी गई प्राणधातक चोटों के चलते वह बच नही सका मर गया। पुलिस ने दूसरे दिन उसका पोस्टमार्टम कराकर उसकी लाश परिजनों को सौंप दी।दूसरे दिन मृतक धीरेन्द्र के पिता दरबारीलाल द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 105, 352, 351(3) के तहत रिपोर्ट नामजद दर्ज करके विवेचना शुरु की। फारेंसिक टीम ने मौकाए वारदात का मुआयना करके हत्यारों की मजम्मत करते हुए शीघ्र कार्यवाही का भरोसा दिया। दूसरी तरफ अभियुक्तों ने थानाध्यक्ष से मिलकर न्यायालय से अग्रिम जमानत कराने का मौका प्राप्त करके जिले की अदालत से प्रयास किया मगर मामले की स्थिति गम्भीर होने के कारण न्यायालय ने उन्हें अग्रिम जमानत देने से इन्कार कर दिया। इसके बावजूद पुलिस ने उन्हें गांव में रहने के बाद भी नही छुआ। वे सभी उच्च न्यायालय पहुंचे वहां से भी न्यायालय ने उन्हें अग्रिम जमानत देने से इंकार कर दिया। फिर भी पुलिस ने उन सभी को खुलेआम घूमने का मौका दिया और वे लोग पीड़ित परिवार को शान्ति से न बैठने पर उन्हें भी बेटे के पास भेज देने व लाश को गायब कर मामले को हजम कर जाने की धमकी देते रहे। इसी बीच आरोपित माननीय उच्च न्यायालय में दुबारा अग्रिम जमानत के लिए न्यायमूर्ति पंकज भाटिया के यहां आवेदन किया लेकिन उन्होने भी उसे 28 नवम्बर को दुबारा खारिज कर दिया। इसके पश्चात भी पुलिस उन्हें गिरफ्तार नही कर रही है। बताते हैं कि पुलिस ने एक अपराधी को तो जांच में से ही हटा दिया है।पीड़ित परिवार ने आज मुख्यमंत्री जी को इस बारे में आईजीआरएस पर फरीयाद भेजकर कार्यवाही की मांग की है। इसके बाद भी पुलिस अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं भविष्य बतायेगा।

## रानी बाजार में शिवमहापुराण कथा शुरू

**अयोध्या।** रानी बाजार अमौना मोकलपुर स्थित माधव सर्वोदय इंस्टिट्यूशंस में सोमवार को श्रीशिवमहापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर लोकमंगल के लिए धूमधाम से कलश शोभायात्रा निकाली गई। सिहोरा महाकाल उज्जैन स्थित पं अनिल पाराशर महाराज ने इस यात्रा का नेतृत्व किया। कलश यात्रा माधव सर्वोदय इंस्टिट्यूशंस से प्रारंभ होकर चंद्रभान का पुरवा ,रानी बाजार ,गायत्री नगर, नौवा का कुआं से गुजरी। यात्रा पुनः कथास्थल पर लौटी, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यासपीठ का पूजन संपन्न हुआ।इस कलश यात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु अपने सिर पर आस्था के कलश धारण किए हुए थे। वे राधाकृष्ण के भक्ति गीतों में लीन होकर चल रहे थे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। कथा की शुरुआत मुख्य आयोजक माधव प्रसाद पाठक, श्रीमती रामलली पाठक ने वैदिक विधि-विधान से कराई।

# अधीक्षण अभियंता ने किया कैम्प का शुभारंभ



**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी ।** बिजली बिल राहत योजना 2025 का शुभारम्भ आज पंचायत भवन बड़ागांव मे कैम्प लगाकर किया गया कैम्प का शुभारंभ अधीक्षण अभियंता राजबाला ने किया तथा उपभोक्ताओं से योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अपील की। कैम्प मे 65 उपभोक्ताओं का पंजीकरण करते हुए 5 लाख 85 हजार की राजस्व वसूली की गयी तथा दो ब? बकायेदारो के कनेक्शन काटे गये।विद्युत उपखंड अधिकारी विमलेश मौर्य अवर अभियंता लाल जी सिंह के नेतृत्व में बिजली राहत बिल योजना के अंतर्गत दिसंबर माह के प्रथम दिन पंचायत भवन ब?गांव मे विद्युत बिल राहत शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में विद्युत बिल बकायेदारों ने अपना विद्युत बिल जमा कर इस योजना का लाभ उठाया। विद्युत राहत बिल योजना का शुभारंभ करते हुए अधीक्षण अभियंता राजबाला ने गरीब उपभोक्ताओं को बिल अदायगी मे राहत देने के लिए बहुत ही बेहतर योजना है उन्होंने बताया कि विद्युत बिल राहत योजना के तहत यह शिविर तीन चरणों में चलाया जाएगा जिसमें पहला चरण 1 दिसंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक चलाया जाएगा इसके अंतर्गत विद्युत बकायेदारों को सौ प्रतिशत ब्याज माफ के साथ ही 25 प्रतिशत मूलधन में भी राहत मिलेगी , दूसरे चरण में 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक सौ प्रतिशत ब्याज माफी के साथ मूलधन में से 20 प्रतिशत छूट मिलेगी तथा तीसरे चरण 1 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक सौ प्रतिशत ब्याज के साथ मूलधन में से 15 प्रतिशत छूट का लाभ मिल सकेगा। शिविर मे 65 उपभोक्ताओं का पंजीकरण कर 5 लाख 85 हजार रुपये की राजस्व वसूली की गयी। इस दौरान लाइन विजयपाल, रहबर अली, प्रदीप कुमार यादव, मायाराम व दानिस सहित विद्युतकर्मी मौजूद रहे।

# रेलवे की मनमानी का खामियाजा भुगत रहे हैं राहगीर, रोजाना घंटों लगता है जाम



**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** रेलवे के द्वारा कराये जा रहे हैं निर्माण कार्य में जिम्मेदार लोगों के द्वारा मनमानी की जा रहे इसका खामियाजा राहगीरों को पकड़ना पड़ रहा है। सोमवार को रेलवे क्रॉसिंग केसरपुर के फाटक बंद करके मालगाड़ी से गिट्टी गिरने का कार्य किया गया जिसके चलते घंटा यातायात बंद रहा क्रॉसिंग पर जाम लग गया जाम में तमाम लोग फंसे रहे।लिखते हैं कि वर्तमान समय में रेलवे पटरी के चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है चौकाघाट के बीच में दो रेलवे क्रॉसिंग पड़ती है दोनों क्रॉसिंग पार करके जोड़ने वाले मार्ग हाईवे से जुड़े हुए हैं केसरीपुर जाने वाला मार्ग लोधेश्वर महादेवा मंदिर से जुड़ा हुआ जिसके चलते भारी संख्या में वाहनों का आवागमन रहता है। लेकिन निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदार कर्मचारी और अधिकारी पूरी तरह से मनमानी कर रहे। निर्माण कार्य में लगे वाहनों को गलत तरीके से खड़ा करना मिट्टी ढुलाई कर रहे डंपरों का तेज रफ्तार से चलना इनका शगल बन गया है। इनकी मनमानी का शिकार प्रत्येक दिन स्कूल जाने वाले छात्र-छात्रा अधिकारी कर्मचारी बीमार एवं राहगीर हो रहे हैं। सोमवार को भी इन जरा देखने को मिला गिट्टी लेकर आयी मालगाड़ी को क्रॉसिंग बंद करके खड़ा कर दिया गया और गिट्टी उतारी गई घंटों भीषण जाम लग रहा लोग हलकान रहे।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में काली पट्टी बांधकर पंचायत सचिवों ने जताया विरोध



**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** एक दिसंबर से पंचायत सचिवों की उपस्थिति ऑनलाइन किये जाने के विरोध में सोमवार को सभी पंचायत सचिवों ने प्रांतीय संगठन के आह्वान पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। 4 दिसंबर तक पंचायत सचिवों के द्वारा काली पट्टी बांध कर विरोध जताया जाएगा इसके बाद 5 दिसंबर को धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन सभी विकास खण्डों में सौंपा जाएगा। संगठन ने पंचायत सचिवों के प्राइवेट नंबरों पर चल रहे सभी व्हाट्सएप ग्रुप से बाहर होने, विभागीय दायित्वों के अलावा अन्य कार्य न किये जाने का ऐलान किया है साथ ही क्षेत्र भ्रमण के लिए मिलने वाले200 साइकिल भत्ते में भी कार्य करने में असमर्थता जताई है पंचायत सचिवों का कहना है कि ?200 मासिक में मिलने वाले भत्ते से मोटरसाइकिल का अन्य वाहनों से चलना संभव नहीं इसलिए बस जीप साइकिल टेंपो आदि से भ्रमण किया जाएगा। यही नहीं पंचायत सचिव ने जटिल ई ग्राम स्वराज एवं गेट वे प्रकिया का भी विरोध जताया है। सभी ने मोबाइल ऐप के माध्यम से भुगतान की प्रक्रिया लागू किए जाने की मांग की है। विकासखंड रामनगर में काली पट्टी बांधकर विरोध जताने वालों में मुख्य रूप से अभय शुक्ला रवि अवस्थी रत्नेश कुमार विजय कुमार निखिल कनौजिया बीना चतुर्वेदी अंकिता सिंह दयानंद आदि लोग शामिल रहे।

# ऋण अदा किए जाने के बाद भी बैंक ने वापस नहीं किये बैनामा के कागजात

**स्वतंत्र भारत, रामनगर बाराबंकी।** उपभोक्ता ने बैंक शाखा पर ऋण अदा किए जाने के बाद भी बैनामा के कागजात वापस न किए जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने के लिए रामनगर थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है मामला थाना व कस्बा रामनगर का है। यहां के निवासी मोहम्मद रेहान पुत्र रिजवान ने थाने में दी गई तहरीर में कहा है कि उसने ग्रामीण बैंक की शाखा रामनगर से 28 सितंबर 2016 को तीन लाख रुपए का लोन लिया था उसके द्वारा ऋण की अदायगी कर बैंक से 29 नवंबर 2025 को नौड्यूज भी प्राप्त कर लिया गया। लेकिन शाखा प्रबंधक के द्वारा गारंटी के तौर पर बैंक में रखें गए बैनामा के असली कागजात वापस नहीं किए गए। शाखा प्रबंधक के द्वारा कहा जा रहा है कि कागजात कही खो गए। भुक्तभोगी का कहना है कि बैनामा के कागजात न मिलने से उसका अन्य कार्य बाधित हो रहा है। रामनगर थाने पर तहरीर देकर रेहान ने मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है। पुलिस ने बताया पीड़ित की तहरीर मिली है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला मोर का शव

**स्वतंत्र भारत, जैदपुर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के कस्बा मसौली के मोहल्ला भूलीगंज निवासी डा0 रोहित की सागौन की बाग मे राष्ट्रीय पक्षी मोर का संदिग्ध परिस्थितियों शव पड़ा मिला। राष्ट्रीय पक्षी के शव की जानकारी मिलते ही तमाम ग्रामीण एकत्रित हो गये सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने कस्बा मसौली के मोहल्ला भूलीगंज निवासी डा0 रोहित की सागौन की बाग मे राष्ट्रीय पक्षी मोर का शव देख लोगो मे रोष व्याप्त हो गया मोर की किन परिस्थितियों मे मौत हुई लोगो के बींच.चर्चा होने लगी जानकारी होने पर पहुंचे हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के जिला प्रभारी (छोटा योगी) मोहित हिंदू ने वन विभाग को जानकारी दी लेकिन घंटों इंतजार के बाद वन विभाग की टीम पहुंची जिसे ग्रामीणों में काफी आक्रोश झेलना पड़ा वन विभाग की टीम ने राष्ट्रीय पक्षी के शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# सीमित ओवर प्रारूप में भारत की आक्रामक बल्लेबाजी का श्रेय रोहित, द्रविड़ को : अश्विन



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने सीमित ओवर प्रारूप में भारत की आक्रामक बल्लेबाजी की रणनीति का श्रेय पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को दिया। टीम को इस रवैये से पिछले कुछ वर्षों में काफी सफलता मिली है। अश्विन ने कहा कि इन दोनों दिग्गजों ने ना केवल अधिक आक्रामक शैली अपनाने पर जोर दिया बल्कि खुद भी उदाहरण पेश किया। इससे टी20 अंतरराष्ट्रीय और वनडे में भारत के रवैये में बदलाव आया। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर कहा, ''कप्तान के रूप में रोहित हमेशा टीम को यह दिखाते रहे हैं कि वह उनसे क्या चाहते हैं। टी20 और वनडे क्रिकेट में भारत जिस परिवर्तनकारी बल्लेबाजी (आक्रामक अंदाज बल्लेबाजी करना) से गुजरा है उसका बहुत सारा श्रेय रोहित और राहुल भाई को जाता है।'' उन्होंने कहा, ''उन्होंने रास्ता दिखाया, राहुल भाई ने कहा कि हमें इस तरह खेलना है और रोहित ने खुद इस तरह की पहल की और इसने भारतीय बल्लेबाजी की धारणा बदल दी। सफेद गेंद वाले क्रिकेट में बल्लेबाजी सिर्फ औसत नहीं बल्कि स्ट्राइक रेट पर भी निर्भर करती है।'' भारत ने आईसीसी टूर्नामेंटों में लगातार निराशाजनक अभियानों के बाद इस तरह का रवैया अपनाया। टीम ने 2023 में घरेलू सरजमीं पर खेले गये विश्व कप में आक्रामक मानसिकता के साथ लीग चरण में दबदबा बनाया। टीम को इस तरह की रवैये से वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले गये 2024 टी20 विश्व कप में भी जीत मिली। दिग्गज रोहित और विराट कोहली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब सिर्फ वनडे प्रारूप में खेलते है ऐसे में अश्विन ने प्रशंसकों से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके शेष समय का लुत्फ उठाने का आग्रह किया। अश्विन ने कहा, ''मैं एक बात कहूंगा हमें विराट कोहली और रोहित शर्मा की बल्लेबाजी का लुत्फ उठाना चाहिये। उनके पास जितना भी समय है, हमें उनके खेल का जश्न मनाना चाहिये। क्योंकि जब वे खेल को अलविदा कह देंगे तब यह कहने का कोई मतलब नहीं होगा कि वे कितने शानदार खिलाड़ी थे, उन्हें फिर से वापसी करनी चाहिये।'' अश्विन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में हरफनमौला हार्दिक पंड्या की गैरमौजूदगी के बावजूद नितीश कुमार रेड्डी को एकादश से बाहर रखे जाने के बाद भारतीय टीम के चयन पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा, ''हार्दिक पंड्या की गैरमौजूदगी में भी अगर हम उस टीम में नितीश कुमार रेड्डी के लिए जगह नहीं ढूंढ पा रहे हैं तो टीम के चयन में कुछ गड़बड़ है।''

# मैं सिर्फ एक ही फॉर्मेट खेल रहा हूं : कोहली

**नई दिल्ली।** रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में अपनी टीम की जीत और मैच जिताऊ शतक के बाद, भारतीय बल्लेबाज़

- **टेस्ट वापसी की अटकलों पर पूर्ण विराम!**



विराट कोहली ने अपनी तैयारी और खेल के प्रति अपने दृष्टिकोण के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह ज़्यादा तैयारी में विश्वास नहीं रखते, बल्कि उनका सारा क्रिकेट मानसिक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह खेल का सिर्फ़ एक ही प्रारूप खेलेंगे। 2027 के वनडे विश्व कप से पहले अपने वनडे भविष्य को लेकर चल रही तमाम चर्चाओं के बीच विराट ने प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करना जारी रखा। कोहली ने अपना 52वां वनडे शतक जड़ा और एक बल्लेबाज़ द्वारा एक ही प्रारूप में सर्वाधिक शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया। 120 गेंदों में 11 चौकों और सात छक्कों की मदद से विराट ने 135 रन बनाए, जिससे यह हाल के दिनों में उनके सबसे यादगार शतकों में से एक बन गया। मैच के बाद की प्रस्तुति के दौरान बोलते हुए, विराट ने कहा कि वह आनंद के माहौल में रहना चाहते हैं। इस साल मई में संन्यास की घोषणा के बाद, घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 0-2 से मिली हार के बाद बीसीसीआई द्वारा उनसे टेस्ट क्रिकेट में वापसी का अनुरोध किए जाने की मीडिया रिपोर्टों के बीच, विराट ने स्पष्ट किया कि वह खेल का केवल एक ही प्रारूप खेल रहे हैं और यह इसी तरह चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि आज इस तरह से मैच में उतरना वाकई बहुत अच्छा लगा। पिच पहले 20-25 ओवरों में ठीक-ठाक खेली, फिर धीरे-धीरे धीमी पड़ने लगी। बस आनंद के माहौल में बने रहना था। बेशक, जब आपको शुरुआत मिलती है, आप स्थिति के अनुसार ढल जाते हैं, आपको पता होता है कि क्या करना है। अनुभव काम आता है। मैं कभी भी तैयारी में यकीन नहीं रखता। मेरा सारा क्रिकेट मानसिक रहा है। जब तक मेरा शारीरिक स्तर अच्छा है और मानसिक तीक्ष्णता है, तब तक सब ठीक है। मैंने मैच से पहले एक दिन की छुट्टी ली थी। मैं 37 साल का हूँ और मुझे ठीक होने के लिए समय चाहिए। मैच के बाद प्रेज़ेंटेशन सेरेमनी में विराट ने कहा कि ऐसा ही हमेशा होता है - मैं खेल का सिर्फ एक ही रूप खेल रहा हूँ। अगर आपने 300 से ज़्यादा मैच और इतना क्रिकेट खेला है, तो आप जानते हैं कि जब आप अभ्यास में गेंदें मारते हैं, तो आपको पता होता है कि रिफ़्लेक्सेस मौजूद हैं, और लंबे समय तक बल्लेबाज़ी करने की शारीरिक क्षमता है। जब तक आप गेंद को अच्छी तरह से मार रहे हैं और अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं, तब तक शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से तैयार और उत्साहित रहना ज़रूरी है।

## भारत ने जूनियर महिला विश्व कप में नामीबिया को 13-0 से हराया

**नई दिल्ली।** हिना बानो और कनिका सिवाच की हैट्रिक की बदौलत भारत ने सोमवार को यहां नामीबिया को 13-0 से हराकर जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। हिना (35 वां , 35 वां, 45 वां मिनट) और कनिका (12 वां, 30 वां, 45 वां मिनट) के गोलों के अलावा साक्षी राणा (10 वां, 23 वां मिनट) ने दो गोल किए, जबकि बिनीमा धान (14 वां मिनट), सोनम (14 वां मिनट), साक्षी शुक्ला (27 वां मिनट), इशिका (36 वां मिनट) और मनीषा (60 वां मिनट) ने भी गोल किए। इस जीत के साथ भारत तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। भारत ने शुरुआती क्वार्टर में चार मिनट के अंदर चार गोल कर अपना दबदबा कायम करने के बाद नामीबिया को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। साक्षी ने शानदार रिवर्स फ्लिक से गोल कर खाता खोला और कनिका ने एक दमदार फिनिश के साथ भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। बिनिमा ने टीम के लिए तीसरा गोल किया, जबकि सोनम ने कुछ बेहतरीन तालमेल के बाद चौथा गोल दागा, जिससे शुरुआती पंद्रह मिनट में भारत 4-0 की बढ़त बना चुका था। टीम ने दूसरे क्वार्टर में अपनी बढ़त को 7-0 और तीसरे क्वार्टर के बाद 12-0 कर लिया। आखिरी क्वार्टर की शुरुआत में कुछ बदलाव करते हुए भारत ने लगातार मौके बनाए और बेंच पर बैठे खिलाड़ियों को भी अपनी छाप छोड़ने का मौका मिला। मनीषा ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को 13-0 से आगे कर दिया।

# रायपुर में भी तय है किंग का 53वां शतक!

## बुधवार को दूसरे वनडे में फिर नज़र आएगा रोहित-विराट का तूफ़ान

**नई दिल्ली।** रविवार को रांची में खेले गए एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले को भारत ने शानदार तरीके से अपने नाम किया। साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के पहले वनडे को 17 रनों से जीतने के बाद टीम इंडिया के हौसले सातवें आसमान पर है। टेस्ट सीरीज में मिली हार के गम से उबरते हुए क्रिकेट फैंस ने भी इस मुकाबले का जमकर लुत्फ उठाया। यह मैच कई मायनों में खास रहा। फैंस को जिस चीज का सबसे ज्यादा इंतजार होता है, उन्हें वही देखने को भी मिला। रोहित शर्मा और विराट कोहली की जोड़ी ने रांची के स्टेडियम में जमकर बल्लेबाजी की और मैदान के चारों तरफ तूफानी छक्के लगाए। इस मुकाबले में रोहित शर्मा ने जहां 51 गेंदों में 57 रनों की पारी खेली, तो वहीं क्रिकेट के किंग कहे जाने वाले विराट कोहली का बल्ला भी जमकर गरजा। कोहली ने महज 120 गेंदों में ही 135 रन जड़ दिए। उनकी पारी में 11 चौके और 7 शानदार छक्के भी शामिल रहे। इस मैच में कई बड़े रिकॉर्ड बने और टूटे। रोहित शर्मा ने एकदिवसीय क्रिकेट में पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी के 351 छक्कों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया, तो वहीं किंग कोहली ने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ते हुए एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले खिलाड़ी बन गए। बहरहाल, अब टीम इंडिया का अगला मुकाबला 3 दिसंबर को रायपुर के शहीद वीर नारायण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। रायपुर में लंबे वक्त के बाद कोई अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला आयोजित हो रहा है। ऐसे में रायपुर और छत्तीसगढ़ के क्रिकेट फैंस को पूरी उम्मीद है कि तूफानी बल्लेबाजी का जैसा नजारा कोहली और रोहित की जोड़ी ने रांची के मैदान में पेश किया, वैसी ही बल्लेबाजी एक बार फिर से उन्हें रायपुर में देखने को मिलेगी और कोहली यहां अपना 53वां एकदिवसीय शतक जड़ने में कामयाब होंगे।

अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ दौर से गुजरने के बाद अधिकांश खिलाड़ी घर पर अपने परिवार और कुत्ते के साथ रहना पसंद करते हैं, लेकिन सैंतीस वर्ष के विराट कोहली अभी भी मैदान पर चुस्ती के साथ दौड़ते और डाइव लगाते देखे जा सकते हैं, और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन खेलने को लेकर उनके इसी जुनून के कायल हैं। टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले कोहली ने दिखाया कि वनडे क्रिकेट में अब भी उनका कोई सानी नहीं है। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में यहां अपने करियर का 52वां शतक लगाया। स्टेन ने जियोस्टार से कहा, ''जब आप 37 या 38 साल के अधिकांश खिलाड़ियों से बात करते हैं तो वे कहते हैं कि उन्हें घर, अपने कुत्ते, अपने बच्चों को छोड़ना पसंद नहीं है। लेकिन कोहली मानसिक रूप से ऐसी स्थिति में हैं जहां वह पहले की तरह भारत के लिए खेलने के लिए उत्सुक हैं। आप इसे विकेटों के बीच दौड़, फील्डिंग करते और डाइव लगाते हुए देख सकते हैं। वह मानसिक रूप से युवा और तरोताजा हैं और क्रिकेट में बने रहना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''कोहली ने पिछले 15-16 साल में 300 से अधिक वनडे खेले हैं, इसलिए वह काफी अनुभव रखते हैं। यह उनके शरीर और दिमाग में है। अगर वह तीन दिन की बारिश के बाद भी यहां पहुंचते तो भी उनकी तैयारी पर कोई असर नहीं पड़ता। वह मानसिक रूप से मजबूत हैं, अच्छी तरह से सोच सकते हैं और गेंद को बल्ले पर आते हुए देख सकते हैं। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी यही करते हैं।'' स्टेन ने कहा, ''वह स्वयं पर भरोसा रखते हैं क्योंकि वह पिछले लंबे समय से खेल रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वह अब भी पहले की तरह खेलने को लेकर उत्साहित रहते हैं।''

## खत्म हुआ इंतिजार

**लखनऊ।** लंबे इंतजार के बाद राजधानी में एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी हो रही है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा टी20 मुकाबला लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में 17 दिसंबर को खेला जाएगा। इस मुकाबले के टिकट का अनावरण आज एकाना स्टेडियम में किया गया। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी ने कहा कि क्रिकेट प्रेमी जल्द से जल्द टिकट बुक कर ले, क्योंकि इसकी कीमतें डायनेमिक रखी गई है, कम दिन बचने पर टिकट खुद-ब-खुद महंगा हो जाएगा। स्टेडियम में मैच देखने के लिए सबसे कम टिकट की कीमत 999 रुपये से शुरू होकर अधिकतम 25,000 रुपये तक निर्धारित की गई हैं। यानि सबसे कम रेट की टिकट 999 रुपए और सबसे अधिक रेट की टिकट 25000 रुपए की है। क्रिकेट प्रेमी टिकट जोमैटो के 'डिस्ट्रिक्ट' प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन बुक कर सकते हैं। वहीं, ऑफलाइन बिक्री के लिए बॉक्स ऑफिस की तैयारियां भी लगभग पूरी कर ली गई हैं और कुछ दिनों में काउंटर से भी टिकट उपलब्ध हो जाएंगे।

## बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने जीत का श्रेय हर्षित को दिया

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे मैच में मिली जीत का श्रेय हर्षित राणा को दिया है। सितांशु का कहना है कि नई गेंद से हर्षित के स्पैल ने मैच का रुख पलटा। हर्षित ने अपने पहले ही ओवर में रेयान रिक्लेटन तथा क्विंटन डिकॉक को आउट किया और इसके बाद डेवाल्ड ब्रेविस को भी अपना शिकार बनाया। हर्षित ने 10 ओवर में 65 रन देकर तीन विकेट झटके। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को पहले वनडे में 17 रन से हराकर तीन मुकाबलों की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली। रांची के जेएससीए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विराट कोहली के शतक और रोहित शर्मा तथा केएल राहुल के अर्धशतकों की मदद से 50 ओवर में आठ विकेट खोकर 349 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 49.2 ओवर में 332 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। मेहमानों की तरफ से मैथ्यू ब्रीत्जके (72), मार्को यानसेन (70) और कॉर्बिन बॉश (67) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। भारत के लिए कुलदीप यादव ने चार विकेट लिए, जबकि हर्षित राणा ने तीन सफलताएं हासिल कीं। इसके अलावा अर्शदीप को दो और प्रसिद्ध कृष्णा को एक विकेट मिला। हर्षित के इस शानदार प्रदर्शन की कोटक ने सराहना की और कहा कि अगर वह शुरुआत में विकेट नहीं लेते तो भारत के लिए 350 रनों के लक्ष्य का बचाव करना आसान नहीं होता। कोटक ने कहा, शुरुआती विकेट लेने का बहुत सारा श्रेय हर्षित को जाता है। कूकाबुरा गेंद से आपको केवल शुरुआती दो से पांच ओवर तक ही स्विंग मिलती है और उसने इसका पूरा फायदा उठाया। इस पिच पर 350 रन बनाना सही स्कोर था, लेकिन ओस इतनी ज्यादा थी कि गेंदबाज सही से गेंद पकड़ भी नहीं पा रहे थे। गेंद सीधे बल्ले पर आ रही थी, लेकिन हर्षित को हमें श्रेय देना होगा क्योंकि अगर वह शुरुआत में विकेट नहीं लेते तो जिस हिसाब की ओस थी उसे देखते हुए हमारे लिए लक्ष्य का बचाव करना मुश्किल हो जाता।

# लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार; सेंसेक्स 65 अंक टूटा, निफ्टी 26200 के नीचे

**नई दिल्ली।** भारी मुनाफावसूली और विदेशी फंडों की निकासी के कारण बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को अपने नए सर्वकालिक उच्च स्तर को छूने के बाद मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 64.77 अंक या 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85,641.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, सेंसेक्स 452.35 अंक या 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ 86,159.02 अंक के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 27.20 अंक या 0.10 प्रतिशत गिरकर 26,175.75 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान यह 122.85 अंक या 0.46 प्रतिशत चढ़कर 26,325.80 अंक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। अमेरिकी मुद्रा की मजबूत बाजार मांग के कारण सोमवार को



रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 8 पैसे की गिरावट के साथ 89.53 (अनंतिम) पर बंद हुआ।

**आरबीआई की ब्याज दरों में कमजोर कटौती की उम्मीदों ने बाजार पर डाला असर**

एक विशेषज्ञ ने कहा कि दूसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर जीडीपी वृद्धि के बाद इस हफ्ते आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें धूमिल होने से बाजारों में उच्च स्तर पर गिरावट देखी गई। जुलाई-सितंबर में भारत की अर्थव्यवस्था के उम्मीद से ज़्यादा 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने के बाद निवेशकों का रुझान सकारात्मक होने से बाजार अपने रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गए, जो पिछली छह तिमाहियों में सबसे तेज़ वृद्धि थी।

**सेंसेक्स की कंपनियों का हाल**

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, ट्रेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक और बजाज फिनसर्व प्रमुख रूप से पिछड़े रहे। वहीं, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, मारुति, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक, अडानी पोर्ट्स और एचसीएल टेक के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई।

**जीएसटी संग्रह में नरमी के कारण बाजार में सतर्कता दिखी**

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि नई ऊंचाई पर पहुंचने के बाद बाजार सीमित दायरे में रहा। दूसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर जीडीपी वृद्धि और रुपये में तेज गिरावट के बाद दिसंबर में आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें धूमिल हो गईं। नवंबर में कम ब्याज दरों के कारण जीएसटी संग्रह में नरमी के कारण बाजार में थोड़ा सतर्कता का रुख रहा।

**यूरोपीय बाजारों में दिखी गिरावट**

एशियाई बाजारों में, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी और जापान का निक्केई 225 सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

**ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 63.60 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा**

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.96 प्रतिशत बढ़कर 63.60 डॉलर प्रति बैरल हो गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 3,795.72 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 4,148.48 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। शुक्रवार को सेंसेक्स 13.71 अंक या 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85,706.67 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 12.60 अंक या 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 26,202.95 पर बंद हुआ।

# सोने के भाव में 3040 रुपये का उछाल चांदी की कीमतों में 5800 की तेजी



**नई दिल्ली।** मजबूत मांग के बीच राजधानी दिल्ली में सोने का भाव 3,040 रुपये बढ़कर 1,33,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 3,040 रुपए बढ़कर 1,32,600 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। वहीं चांदी की कीमत 5,800 रुपये बढ़कर 1,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है।

सर्राफा बाजारों में कीमती धातुओं की चमक लगातार ब?ती जा रही है। वैश्विक संकेतों और ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के बीच सोना और चांदी अब तक के अपने सर्वोच्च शिखर पर पहुंच गए हैं। विशेष रूप से चांदी की कीमतों में आई भारी तेजी ने निवेशकों और बाजार विश्लेषकों को चौंका दिया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी पीली धातु की चमक बरकरार है। हाजिर सोना 1 प्रतिशत (42.29 डॉलर) की ब?त के साथ 4,261.52 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है। वर्ष 2025 की शुरुआत से अब तक सोने में लगभग 63.6त्न की वृद्धि दर्ज की गई है।

**चांदी की कीमतों में लगातार पांचवें दिन तेजी**

चांदी में भी रिकॉर्ड तोड़ रैली है। एक दिन में कीमतों में 5,800 रुपये की छलांग दिखी है। एसोसिएशन के मुताबिक, चांदी में लगातार पांचवें दिन तेजी जारी रही। घरेलू बाजार में चांदी 5,800 रुपये उछलकर 1,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

वैश्विक बाजारों में, हाजिर चांदी लगातार छठे दिन बढ़त के साथ 57.85 डॉलर प्रति औंस के नए रिकॉर्ड पर है। पिछले हफ्ते चांदी में 15.7त्न की तेजी आई है और 2025 में अब तक इसकी कीमत दोगुनी (100त्न वृद्धि) हो चुकी है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज), सौमिल गांधी ने बाजार की इस रैली के पीछे के कारणों को स्पष्ट करते हुए कहा, ÷सोने में पिछले सप्ताह की तेजी को अमेरिकी डॉलर में नरमी, अगले सप्ताह फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों, प्रमुख बैंकों के उत्साहजनक पूर्वानुमानों और केंद्रीय बैंकों की लगातार मजबूत खरीदारी से समर्थन मिला है।÷ डॉलर सूचकांक में 0.19 प्रतिशत की गिरावट (99.27 पर) ने भी सर्राफा कीमतों को मजबूती प्रदान की है।

**अमेरिका में फेड के फैसले पर बाजार की नजर**

कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी (कमोडिटी रिसर्च), कायनात चैनवाला ने बताया कि बाजार की नजर अब अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों पर है। उन्होंने कहा, अमेरिकी विनिर्माण पीएमआई, एडीपी रोजगार, और फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल की टिप्पणियों से पहले हाजिर सोने ने अपनी बढ़त बरकरार रखी और 4,230 डॉलर प्रति औंस से ऊपर कारोबार किया।

ऑग्मोंट की अनुसंधान प्रमुख, रेनिशा चैनानी ने चांदी के प्रदर्शन को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा, चांदी की कीमत केवल 11 महीनों में लगभग दोगुनी हो गई है। जहाँ 2025 में सोने में 60त्न की वृद्धि हुई, वहीं चांदी ने 100त्न का रिटर्न दिया है। चैनानी ने इसे 2025 का 'सिल्वर बबल' करार देते हुए कहा कि यह तेजी कम आपूर्ति, उच्च भारतीय मांग, औद्योगिक खपत और टैरिफ के संयोजन पर आधारित है। उन्होंने यह भी अनुमान लगाया कि अर्थव्यवस्था 2026 तक धीमी रह सकती है, और फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में कटौती से निवेशक सुरक्षित निवेश की ओर लौट रहे हैं।

## जीएसटी संग्रह नवंबर में 1.70 लाख करोड़ रुपये; दर कटौती से घरेलू राजस्व पर 2.3 प्रतिशत का दबाव

**नई दिल्ली।** सकल जीएसटी संग्रह नवंबर महीने में 0.7 प्रतिशत की धीमी गति से बढ़कर 1.70 लाख करोड़ रुपये हो गया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार घरेलू राजस्व में गिरावट के कारण यह वृद्धि हुई। वहीं पिछले साल नवंबर में जीएसटी संग्रह 1.69 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। नवंबर में वस्तुओं के आयात से राजस्व 10.2 प्रतिशत बढ़कर 45,976 करोड़ रुपये हो गया।

**जीएसटी सुधारों के कारण सकल घरेलू राजस्व में आई गिरावट**

सकल घरेलू राजस्व 2.3 प्रतिशत घटकर 1.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक रह गया। यह गिरावट 22 सितंबर से प्रभावी 375 वस्तुओं के लिए जीएसटी दरों में कटौती के बाद आई है।

**रिफंड में मिश्रित गति देखी गई**

रिफंड में मिश्रित गति देखी गई क्योंकि कुल रिफंड 18,196 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। पिछले वर्ष की तुलना में 4 प्रति. कम है, निर्यात रिफंड में 3.5 प्रति. की वृद्धि हुई, जबकि घरेलू रिफंड में 12त्न की गिरावट आई।

**आयात में दिखी तेजी**

इसके विपरीत, आयात से प्राप्त जीएसटी में अच्छी तेजी देखी गई और सकल आयात राजस्व 45,976 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.2 प्रति. अधिक है।

**सेस में तीव्र गिरावट आई** क्षतिपूर्ति उपकर, जो एक संक्रमणकालीन उपाय के रूप में जारी है, में तीव्र गिरावट आई और नवंबर में शुद्ध उपकर राजस्व 4,006 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के 12,950 करोड़ रुपये से 69 प्रति. कम है।

## डॉलर की बढ़ती मांग से रुपये में गिरावट, आने वाले दिनों में बढ़ेगा दबाव

**नई दिल्ली।** सोमवार को भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 89.80 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो इस साल की अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है। एशियाई मुद्राओं के सामने रुपये का सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गई है। जानकारों का कहना है साल भर में अभी तक रुपये में 4.6 प्रतिशत की गिरावट आई है। रुपये में लगातार गिरावट का मुख्य कारण में पहला, डॉलर की बाजार में मजबूती मांग और उसकी सीमित सप्लाई है। दूसरा एफआईआई जिनकी गतिविधियां मिलीजुली है, इस वजह से रुपये में लागातार कमजोरी देखी जा रही है। फिलहाल रुपया 89.25 के आसपास रुपया बना हुआ है।



एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ रिसर्च विशेषज्ञ दिलीप परमार कहते हैं, भारतीय रुपये में गिरावट का ट्रेंड जारी रहा और लगातार चौथे सेशन में गिरावट आई है। जिसके बाद यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। यह बड़ी गिरावट डॉलर की मजबूत मांग और उसकी सीमित सप्लाई की वजह से आई है। उन्होंने लगातार कमजोरी मुख्स रूप से बढ़ते राजकोषिय घाटे, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में हो रही देरी और सेंट्रल बैंक के सीमित दखल की वजह से बना हुआ है।

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष रिसर्च (कमोडिटी और करेंसी) जतीन त्रिवेदी कहते देखें तो रुझान कमजोर बना हुआ है क्योंकि डॉलर में लगातार मजबूती और एफआईआई द्वारा डॉलर की मांग, विशेषकर आयातकों की ओर से डॉलर की मांग मजबूत बनी हुई है।

## जीएसटी कटौती से डीजल खपत छह महीने के उच्च स्तर पर, ऊर्जा मांग में तेज उछाल

**नई दिल्ली।** डीजल की मांग नवंबर में बढ़कर 85 लाख टन पर पहुंच गई, जो छह महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है। पीपीएसी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले लगातार तीन महीनों तक डीजल की मांग घट रही थी, लेकिन अक्तूबर में स्थिति सुधरी और बिक्री 67.9 लाख टन पर पहुंच गई। त्योहारी मांग और जीएसटी दरों में कमी का सकारात्मक असर ऊर्जा खपत पर साफ दिखाई दिया है। नवंबर में डीजल की मांग बढ़कर 85 लाख टन पर पहुंच गई, जो छह महीनों का सबसे ऊंचा स्तर है। यह मई के बाद डीजल का सबसे मजबूत प्रदर्शन माना जा रहा है। पीपीएसी के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले लगातार तीन महीनों तक डीजल की मांग घट रही थी, लेकिन अक्तूबर में स्थिति सुधरी और बिक्री 67.9 लाख टन पर पहुंच गई। वहीं, चालू वित्त वर्ष में पेट्रोल की खपत 6.25 प्रतिशत बढ़कर 2.83 करोड़ टन हो गई है। जेट ईंधन यानी एटीएफ की मांग भी बढ़त बनाए हुए है और नवंबर में 4.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 7.83 लाख टन की खपत दर्ज की गई। एलपीजी की बिक्री भी 7.62 प्रतिशत बढ़कर करीब 30 लाख टन हो गई। घरेलू उपयोग में बढ़ोतरी ने इस वृद्धि में बड़ी भूमिका निभाई है।

# सरकार के समर्थन में आठवले मुखर, विपक्ष पर बरसे

## एसआईआर और आरक्षण के मसले पर रामदास आठवले ने विपक्ष पर लगाया देश को गुमराह करने का आरोप

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** संसद के शीतकालीन सत्र की शुरूआत के साथ ही वोट चोरी और एसआईआर के मसले पर भारी घमासान का माहौल दिखने और इस पर विपक्ष के आक्रामक तेवरों के कारण सदन की कार्रवाई बाधित होने के बीच सत्तारूढ़ एनडीए की घटक और भाजपा की सहयोगी आरपीआई के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने विपक्ष को आड़े हाथों लेने में जरा भी कोताही नहीं बरती है। खास तौर से एसआईआर और आरक्षण जैसे मसलों पर विवाद खड़ा करने की कोशिशों पर बिफरते हुए आठवले ने सरकार की नीतियों का पुरजोर समर्थन किया है। आठवले के मुताबिक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर और आरक्षण के नाम पर गलत बयानबाजी करके जनता को गुमराह करने का काम सभी विपक्षी दल और खास तौर से लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी कर रहे हैं जिसे हर्गिज स्वीकार या बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने दोकूटूक शब्दों में विपक्ष को नसीहत देते हुए कहा



है कि अपने राजनीतिक लाभ के लिए गलतबयानी करके सरकार को बदनाम करने से उन्हें बाज आना चाहिए क्योंकि देश इन मसलों की वास्तविक हकीकत को अच्छी तरह समझ रहा है। यही कारण है कि हालिया बिहार विधानसभा के चुनाव में मतदाताओं ने विपक्ष को सिरे से नकार दिया और एनडीए को फिर से सरकार बनाने के लिए प्रचंड जनादेश हासिल हुआ। आठवले ने केंद्र की मोदी सरकार के प्रति अपने समर्थन को अटूट करार देते हुए कहा है कि इस सरकार ने बीते ग्यारह सालों में देश को चहुंमुखी विकास की राह पर आगे बढ़ाया है जिसका लाभ समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है। राजधानी दिल्ली स्थित न्यू महाराष्ट्र सदन में आयोजित आरपीआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए रामदास आठवले ने उक्त बातें कहीं। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार की नीति और नीयत के प्रति समूचे देश में लगातार बढ़ रहे विश्वास का उल्लेख करते हुए कहा कि विगत 11 वर्षों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने सभी वर्गों को न्याय देने का काम किया है। आठवले के अनुसार केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का ही परिणाम है कि पूरा देश अपने यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उन्होंने कहा कि ना सिर्फ बिहार विधानसभा चुनाव में बल्कि हर स्तर के चुनावों में एनडीए को लगातार मिल रही सफलता के लिए केंद्र सरकार की जनहितैषी नीतियों की बहुत बड़ी भूमिका है और खास तौर से किसान, मजदूर, दलित, अनुसूचित जाति व जनजाति के उत्थान के लिए चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रभाव पड़ा है। इस मौके पर आठवले ने आरपीआई को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिलाने और देश भर में व्यापक सदस्यता अभियान चलाकर दो करोड़ सक्रिय कार्यकर्ताओं का संगठन खड़ा करने का संकल्प व्यक्त करते हुए बताया कि आरपीआई को नागालैंड में हुए विधानसभा चुनाव में दो सीटें जीतने व मणिपुर राज्य में बेहतर प्रदर्शन के कारण पहले ही राज्य स्तरीय दल का दर्जा मिल चुका है। आठवले ने आश्वस्त किया कि आरपीआई अल्पसंख्यक, किसान, मजदूर, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति सहित समाज के सभी वंचित वर्गों के न्याय के लिए अपना संघर्ष एवं समर्पण निरन्तर जारी रखेगी।

# वॉलीबाल चैम्पियनशिप-2025 का छठवां दिन

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ के तत्त्वावधान में सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोरखपुर में चल रहे 69वें अखिल भारतीय रेलवे (पुरुष) वॉलीबाल चैम्पियनशिप-2025 के छठवे दिन 01 दिसम्बर, 2025 को सेमीफाइनल मैच उत्तर रेलवे एवं दक्षिण पश्चिम रेलवे के बीच खेले गये, जिसमें उत्तर ने एकतरफा मुकाबले में अपने प्रतिद्वंदी टीम दक्षिण पश्चिम रेलवे को पहले सेट में 25-21, दूसरे सेट में 25-23 तथा तीसरे सेट में 25-19 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल का दूसरा मैच देर सायं तक पूर्व रेलवे एवं पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के बीच खेला जा रहा था।

राष्ट्रीय स्तर की इस वालीबाल प्रतियोगिता को देखने हेतु भारी संख्या में वालीबाल प्रेमियों एवं खिलाड़ी सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।



इस चैम्पियनशिप का फाइनल मैच 02 दिसम्बर, 2025 को अपराह्न 03.00 बजे उत्तर रेलवे एवं दूसरे सेमीफाइनल के विजेता टीमों के साथ खेला जायेगा तथा महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे श्री उदय बोरवणकर विजेता एवं उपजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित करेंगे।

# तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में, 30 नवम्बर, 2025 को गाड़ी सं0 12565 में ट्रेन मैनेजर द्वारा घर से नाराज होकर जा रही 12 वर्ष की लड़की को लावारिस हालत में पाकर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को सौंपा गया। पूछताछ के उपरान्त उक्त लड़की को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 30 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को निगरानी के दौरान स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 9 पर घर से नाराज होकर आयी 16 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली, जिसे पूछताछ के उपरान्त चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 29 नवम्बर, 2025 को गाड़ी सं0 15079 में एक यात्री द्वारा 12 वर्ष के एक लड़के को लावारिस हालत में पाकर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को सौंपा गया। पूछताछ के उपरान्त उक्त लड़के को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 29 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को निगरानी के दौरान स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 2 पर 14 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली, जिसे, पूछताछ के उपरान्त चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 29 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल चौकी हल्द्वानी को निगरानी के दौरान स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 1 पर 14 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली, जिसे पूछताछ के उपरान्त चाइल्ड लाइन, हल्द्वानी को सुपुर्द किया गया। 28 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर को निगरानी के दौरान गाड़ी सं0 15010 में यात्री का छूटा 01 बैग मिला, जिसे गोरखपुर पोस्ट पर जमा किया गया। 29 नवम्बर, 2025 को यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त बैग सुपुर्द किया गया। 30 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट औडिहार को निगरानी के दौरान गाड़ी सं0 15014 में यात्री का छूटा 01 बैग मिला, जिसे औडिहार पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त बैग सुपुर्द किया गया। 29 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोण्डा को निगरानी के दौरान गाड़ी सं0 75114 में यात्री का छूटा एक बैग मिला, जिसे गोण्डा पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के रिश्तेदार के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त बैग सुपुर्द किया गया। 28 नवम्बर, 2025 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सीवान को निगरानी के दौरान स्टेशन के प्लेटफार्म सं0 3 पर यात्री का छूटा एक ट्राली बैग मिला, जिसे सीवान पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के रिश्तेदार के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त ट्राली बैग सुपुर्द किया गया। 28 नवम्बर, 2025 को गाड़ी सं0 15018 के रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट द्वारा यात्री का छूटा पिट्ठू बैग रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट वाराणसी सिटी पर जमा किया गया। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के उपरान्त पिट्ठू बैग सुपुर्द किया गया।

# जेएस जीएस पब्लिक स्कूल मड़िहान के बच्चों ने स्काउट गाइड में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** जेएस जीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने स्काउट गाइड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 19 वीं भारत स्काउट गाइड एवं डायमंड जुबली के कार्यक्रम में की मेजबानी इस वर्ष 23 नवंबर से 29 नवंबर तक लखनऊ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के द्वारा दिया गया। अलग-अलग जिलों से आए भारत स्काउट गाइड में छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और छात्र सम्मानित हुए और अपने जिले का नाम रोशन किया। यह कार्यक्रम 23 नवंबर से 29 नवंबर तक लखनऊ में आयोजित किया गया जिसका समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। जिले के मड़िहान क्षेत्र के जेएस जीएस पब्लिक स्कूल मड़िहान के आठ छात्रों ने भारत स्काउट गाइड में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। सभी बच्चे अपने स्कूल आने पर विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर जगदीश सिंह पटेल एवं अध्यक्ष को ऑपरेटिव बैंक मिर्जापुर सोनभद्र के द्वारा बच्चों के भविष्य की कामना की।साथ ही उनका मनोबल बढ़ाया उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल की भावना से खेलना चाहिए। जिससे शारीरिक और मानसिक शक्ति का विकास होता है। विद्यालय के बच्चों के द्वारा इस प्रदर्शन से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और अभिभावक भी इससे खुश नजर आए। इसके अलावा प्रधानाचार्य राम मिलन यादव ने बच्चों को उत्साह वर्धन के लिए माल्यार्पण किया और मिष्ठान खिलाकर खुशी व्यक्त की।

# विश्व एड्स दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** विश्व एड्स दिवस पर मुसफ्फरगंज स्थित केबी कालेज में जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके अलावा जागरूकता रैली निकाली गई। केबी कालेज से निकली रैली नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस केबी कालेज पहुंच कर समाप्त हुई। रैली में एनसीसी कैडेट और अन्य छात्रों ने एड्स व एचआईवी को लेकर जागरुकता तख्ती हाथ में लेकर चल रहे थे।

# वन दरोगा के मकान को चोरों ने खंगाला, 15 लाख की चोरी

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** चुनार में जीआरपी चौकी प्रभारी के बाद अब चोरों नेवन दरोगा के मकान को खंगाला है। बीती रात वन दरोगाके मकान सेचोरों ने 15 लाख रुपए का माल पर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन मेंजुट गई है। स्थानीय कोतवाली क्षेत्रके उस्मानपुर मेंवन दरोगा अरुण कुमार तिवारी का आवास है। वेंपरिवार के साथ आजमगढ़ शादी समारोह मेंशामिल होनेगए थे।मकान मेंताला बंद था। रविवार की देर रात जब वन दरोगा अरुण वापस घर लौटे तो अंदर कमरों के तालेटूटे देख उनके होश उड़गए। बेटे के कमरे से बहू के आभूषण समेत नगदी गायब थे।उन्होंनेतत्काल मामलेकी सूचना पीआरवी को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की। सोमवार की सुबह जब आसपास के लोगों को घटना की जानकारी मिली तो मौके लोगों की भीड़ जुट गई। पीड़ित दरोगा ने थाने में तहरीर दे दी है। बताया किनगदी समेत लगभग 15 लाख के आभूषण गायब हैं।

# किसान के दरवाजे पर रखा आठ बोरा धान चोरी

**स्वतंत्र भारत राजगढ़ (मिर्जापुर)।** जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र के भीटी गांव में रविवार की रात चोरों ने एक किसान घर के बरामदे में रखा आठ बोरा धान चुरा ले गए। सुबह जब किसान की नींद खुली तो आठ बोरा धान गायब देख हैरान हो गया। उसने पहले परिवार के लोगों से जानकारी ली। जब किसी ने कुछ नहीं बताया। तब थाने पहुंच कर धान चोरी की तहरीर दे दी। क्षेत्र के भीटी गांव के किसान श्रीकांत ने बताया कि धान की मड़ाई करने के बाद 42 बोरा धान भरकर अपने घर के बरामदे में रखे हुए थे। रविवार की रात भोजन करनेके बाद सभी अपने कमरे में सो गए। इसी बीच चोरों ने बरामदे में रखा आठ बोरा धान लगभग चुरा ले गए। पीड़ित किसान को सोमवार को सुबह जब इसकी जानकारी हुई तो वह हैरान हो गया। किसान ने पहले परिवार के लोगों से इस संबंध में जानकारी ली। जब किसी ने कुछ भी नहीं बताया। तब वह थाने पहुंच कर धान चोरी की तहरीर दे दी। किसान का कहना हैकि इन दिनों नशेड़ी अब छोटी-छोटी चोरियों को भी अंजाम देने में लगेहै। पुलिस लगाम नहीं लगा पा रही है। वहीं चोरी के संबंध में राजगढ़ थानाध्यक्ष दयाशंकर ओझा ने अभिज्ञता जताई है।

# आभूषण की दुकान में दूसरी बार चोरी का असफल प्रयास, दुकानदार ने कार्रवाई की लगाई गुहार

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के देवहट गांव निवासी आभूषण दुकानदार अतुल सोनी ने सोमवार को थाने में तहरीर देकर बताया कि बीते 25 नवंबर को घर में स्थित मेरे प्रतिष्ठान अतुल ज्वेलर्स में चोरी हो गई थी। जिसकी सूचना थाने में दी गई चोरी का मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस आजतक घटना का खुलासा नहीं कर सकी। बीती रात मेरे प्रतिष्ठान में पुनः अज्ञात चोरों द्वारा शटर तोड़कर चोरी की घटना का प्रयास किया गया जिससे मेरे परिवार और व्यापार को सुरक्षा पर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है जो अत्यंत चिंता का विषय है कि पहले शिकायत के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया जिससे चोरों का मनोबल पुनः घटना कार्य करने के लिए बढ़ गया है।

# गड़बड़ा शीतला धाम के शहरहवा मेला में डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने माथा टेका

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** विंध्य कैमूर के तलहटी में स्थित गड़बड़ा धाम के शहरवा मेला में सोमवार को डेढ़ लाख श्रद्धालुओं ने माँ शीतला के दरबार में मत्था टेकर दर्शन पूजन किया। गड़बड़ा धाम के बगल स्थित सेवटी नदी में स्नान करके पांच बजे भोर से हीं कतार में खडे हो गए। गड़बड़ा धाम के जयकारी से पूरा मेला क्षेत्र गूंज उठा। पांच बजे भोर से शुरू हुआ दर्शन पूजन का सिलसिला जो शाम तक चलता रहा। उल्लेखनीय है की गड़बड़ा शीतला धाम के दर्शन के लिए श्रद्धालु अपना डेरा जमा रखा था। दर्शन पूजन के पश्चात श्रद्धालुओं ने जमकर गृह उपयोगी सामान की खरीदारी की हस्त्र निर्मित बांस की टोकरी एवं सौंदर्य प्रशाधन की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ डटी रही। मंदिर परिसर में कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई थीं जिसमें भूले भटके लोगो को उनके स्वजनों से मिलाया गया मेले में पॉकेट मारो उचक्को ने मध्य प्रदेश के हनुमना थाना क्षेत्र के सलाईया निवासी



विमता साकेत का मंगलसूत्र गले से खींच लिया। घटना की जानकारी होने पर तहसीलदार लालगंज दीक्षा पाण्डेय ने कंट्रोल रूम में लगे सीसी टीवी कैमरे का फुटेज दिखने का प्रयास किया गया किन्तु सीसी टीवी कैमरा न खुलने के कारण महिला श्रद्धालु को बिना मंगलसूत्र के बैरंग वापस जाना पड़ा। तहसीलदार लालगंज ने पीड़ित महिला से हलिया थाने में तहरीर देने का निर्देश दिया। वही सीसी टीवी कैमरा का फुटेज नहीं खुलने पर मंदिर ट्रस्ट के ज्ञान चंद्र शुक्ला व सुभाष चंद्र शुक्ला को बुलाकर सीसी टीवी कैमरा के फुटेज दिखाने के लिए कहा लेकिन ट्रस्ट के प्रबंधक द्वारा फुटेज नहीं दिखा पाने पर ट्रस्ट के प्रबंधक को तहसीलदार ने फटकार लगाई सुरक्षा व्यवस्था में मंदिर के निकास द्वार पर प्रभारी निरीक्षक लालगंज अभय कुमार सिंह पुलिस कर्मियों के साथ डटे रहे। मेले में प्रभारी थानाध्यक्ष श्याम लाल चक्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते रहे। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक गड़बडा राजेश कुमार मिश्रा,सहायक चकबंदी अधिकारी विनय कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# एकमुश्त समाधान योजना में हुए 54 पंजीकरण 2.93 हजार रुपये की वसूली



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** एक मुश्त समाधान योजना के तहत सोमवार को विद्युत उपकेंद्र हलिया, बरौधा, देवरी उत्तर में शिविर लगाकर एक मुश्त समाधान योजना के तहत 54 पंजीकरण कराया गया और दो लाख 93 हजार रूपये बिजली के बकाया बिल को जमा कराया गया है। विद्युत उपकेंद्र हलिया द्वारा आयोजित शिविर में कुल बीस उपभोक्ताओ ने एक मुश्त समाधान योजना के तहत लाभ के लिए पंजीकरण कराया है। इसी प्रकार विद्युत उपकेंद्र बरौधा के शिविर में बीस उपभोक्ताओ ने एक मुश्त समाधान योजना के लिए पंजीकरण कराया है विद्युत उपकेंद्र देवरी उत्तर के शिविर में एक मुश्त समाधान योजना के लिए 14 उपभोक्ताओ ने पंजीकरण कराया है। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड की ओर से एक दिसम्बर से बिजली बिल राहत योजना ओटीएस को शुरू किया है जिसमें उपभोक्ता पंजीकरण कराकर लाभ प्राप्त कर सकते है। उपखण्ड अधिकारी हलिया दिलीप कुमार ने बताया की एक मुश्त समाधान योजना के तहत विद्युत उपकेंद्र हलिया, बरौधा, देवरी उत्तर के कर्मियों द्वारा लगाए गए शिविर में कुल 54 उपभोक्ताओ ने एक मुश्त समाधान योजना के लिए पंजीकरण कराया है जिसमे आठ उपभोक्ताओ द्वारा सम्पूर्ण बकाया बिल का भुगतान कर दिया गया है। शिविर में कुल 2लाख 93 हजार रूपये के बकाया बिल की वसूली किया गया है।

# मुकदमा दर्ज होने के तीन माह बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर।** कटरा कोतवाली थाना क्षेत्र के टटहाई रोड निवासी प्राची सोनी ने आरोप लगाया है कि उनके साथ और उनके पति गौरव सोनी उर्फ कृष्णा के साथ परिजनों द्वारा घर में लगातार दुर्व्यवहार किया जाता था। इसी प्रताड़ना के चलते उनके पति की संदिग्धावस्था में मृत्यु हो गई थी। थाना कोतवाली कटरा मिर्जापुर में महेश सोनी पुत्र राधेश्याम सोनी, सुनीता सोनी पत्नी महेश सोनी, विजय सोनी उर्फ तनू सोनी के खिलाफथाना कटरा कोतवाली मुकेरी बजार मिर्जापुर में पुलिस ने 18



अगस्त 2025 को मुकदमा पंजीकृत किया था। यह मामला कटरा कोतवाली में धारा 291, 85, 352, 351 (तीन), 103 (1)(3)(4) के तहत दर्ज किया गया था। पीड़िता प्राची सोनी का आरोप है कि घटना के पांच महीना बीत जाने के बाद भी पुलिस ने न ही निष्पक्ष जांच किया और न ही इतने माह बीत जाने पर किसी भी आरोपियों को न ही गिरफ्तार कर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की।

इसी के चलते आरोपियों द्वारा प्राची सोनी एवं उनके माता-पिता परिवार के सदस्यों को झूठी शिकायत कर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है।

# पूर्वोत्तर रेलवे पर मल्टीट्रैकिंग का कार्य तीव्र गति से जारी

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे पर इन्फ्रास्ट्रक्चर के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार के अन्तर्गत मल्टी ट्रैकिंग का कार्य तेजी से चल

### मल्टीट्रैकिंग से लाइन क्षमता में वृद्धि होने से गाड़ियों के समयपालन में सुधार

रहा है। इसी क्रम में छपरा ग्रामीण-बाराबंकी मुख्य रेल मार्ग पर तीसरी लाइन निर्माण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे पर अभी तक छपरा ग्रामीण-छपरा एवं कुसम्ही-डोमिनगढ़ रेल खण्डों में तीसरी लाइन कमीशन हो चुकी है। गोण्डा-बुढ़वल ( 61.72 किमी.) तीसरी लाइन निर्माण के अन्तर्गत गोण्डा कचहरी-घाघरा घाट ( 45.42 किमी.) तीसरी लाइन कमीशन हो चुकी है। इसके अगले चरण में घाघरा घाट-बुढ़वल तक तीसरी लाइन निर्माण, जिसमें घाघरा नदी पर महत्वपूर्ण पुल का निर्माण सम्मिलित है, पूर्ण कर लिया गया है। इस नव निर्मित तीसरी लाइन का रेल संरक्षा आयुक्त उत्तर पूर्व सर्किल 05 दिसम्बर, 2025 को निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात यह तीसरी लाइन कमीशन हो जायेगी। इससे लाइन क्षमता में वृद्धि होने से गाड़ियों के समय पालन में सुधार होगा तथा जनआकांक्षाओं के अनुरूप अधिक गाड़ियों का संचलन किया जा सकेगा। गोण्डा-बुढ़वल तीसरी लाइन निर्माण परियोजना को पूरा करने में कुल लागत 1117 करोड़ रूपये आयेगी। घाघरा घाट-चौकाघाट स्टेशनों के मध्य घाघरा नदी पर बना यह तीसरा महत्वपूर्ण पुल है। पहले पुल का कार्य वर्ष 1898 में घाघरा घाट-चौकाघाट मीटर गेज लाइन के निर्माण के साथ ही पूर्ण हुआ। इस पुल का नाम भारत के गवर्नर जनरल लॉर्ड एल्गिन के नाम पर एल्गिन ब्रिज पड़ा। इस पुल को 1981 में गोण्डा-बाराबंकी खण्ड के आमान परिवर्तन के दौरान बड़ी लाइन मानक के अनुरूप बनाया गया। दूसरे पुल का निर्माण घाघरा घाट-चौकाघाट खण्ड के दोहरीकरण के दौरान वर्ष 2012-13 में हुआ और इसकी ओपनिंग 14 अप्रैल, 2013 को हुई। तीसरा पुल कमीशनिंग के लिए तैयार है। इस पुल की लम्बाई 1037 मीटर है, जिसमें 17 स्पैन है। इस पुल का फाउंडेशन डबल लाइन के अनुरूप किया गया है, जिससे यहाँ चौथी लाइन निर्माण के समय चौथे पुल के लिए फाउंडेशन की आवश्यकता नही होगी, जिससे समय, संसाधन एवं धन की बचत होगी।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

# औंड़िहार डेमू विशेष गाड़ी के संचालन अवधि का विस्तार

**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व से चलाई जा रही 05163/05164 औंड़िहार-सारनाथ-औंड़िहार डेमू विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 02 दिसम्बर से 28 फरवरी, 2026 तक प्रतिदिन 89 फेरों हेतु निम्नवत किया जायेगा।05163 औंड़िहार-सारनाथ डेमू विशेष गाड़ी 02 दिसम्बर से 28 फरवरी, 2026 तक प्रतिदिन औंड़िहार से 12.35 बजे प्रस्थान कर सिधौना रामपुर हाल्ट से 12.43 बजे, रजवारी से 12.53 बजे तथा कादीपुर से 13.04 बजे छूटकर सारनाथ 13.20 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, 05164 सारनाथ-औंड़िहार डेमू विशेष गाड़ी 02 दिसम्बर से 28 फरवरी, 2026 तक प्रतिदिन सारनाथ से 13.50 प्रस्थान कर कादीपुर से 14.02 बजे, रजवारी से 14.10 बजे तथा सिधौना रामपुर हाल्ट से 14.17 बजे छूटकर औंड़िहार 14.35 बजे पहुंचेगी।इस गाड़ी में 08 डेमू कोच लगाये जाते हैं।

# चार पहिया वाहन के चपेट में आने से बाइकसवार व्यक्ति हुआ घायल

**स्वतंत्र भारत अहरौरा (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत वाराणसी शक्तिनगर मार्ग लखनिया दरी मोड़ के पास पुलिया पर अचानक चार पहिया वाहन के चालक द्वारा गेट खोला गया जिससे बाइक सवार व्यक्ति बाबू गुप्ता पुत्र विजय गुप्ता 56वर्ष गेट से टकराकर गिर पड़ा जिससे आई गंभीर चोटे वही सूचना मिलने के उपरांत मौके पर पहुंची पुलिस व वाहन स्वामी की मदद से अहरौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार करने के बाद वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***
फोन : **0522-4043151**
**swatantrabharat77@gmail.com**
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

# शेख हसीना को एक और मामले में पांच साल की जेल

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को एक के बाद एक ताबड़तोड़ सजाएं सुनाई जा रही हैं। सोमवार को ढाका की विशेष अदालत ने प्लॉट घोटाले के एक मामले में शेख हसीना को 5 साल, उनकी छोटी बहन शेख रहाना को 7

■ बहन और भांजी को भी सजा

साल और ब्रिटेन की सांसद एवं उनकी भांजी ट्यूलिप सिद्दीकी को 2 साल कैद की सजा सुनाई। यह सजा हसीना परिवार के लिए एक और करारा झटका है, जिस पर पहले ही भ्रष्टाचार और मानवता के खिलाफ अपराधों में फांसी तक की सजा हो चुकी है। ढाका के विशेष न्यायाधीश-4 रबीउल आलम ने शेख हसीना को पुरबाचल इलाके में प्लॉट आवंटन धोखाधड़ी के मामले में यह सजा सुनाई। बांग्लादेश के दुराचार निरोधक



आयोग (एसीसी) ने जनवरी 2025 में शेख हसीना और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ पुरबाचल में सरकारी प्लॉटों के कथित अवैध आवंटन के आरोप में कुल छह अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए थे। इससे पहले ढाका की एक अन्य अदालत ने शेख हसीना को तीन अलग-अलग प्लॉट धोखाधड़ी मामलों में 7-7 साल की सजा सुनाते हुए कुल 21 साल कैद की सजा सुनाई थी। इसी मामले में अदालत ने शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय को 5 साल कैद और 1 लाख टका जुर्माने की सजा सुनाई, जबकि उनकी बेटी साइमा वाजेद पुत्रुल को भी 5 साल कैद की सजा दी गई।

## चक्रवात दित्वाह : श्रीलंका में अब तक 334 मौतें

**कोलंबो।** श्रीलंका में चक्रवात दित्वाह ने भारी तबाही मचाई है, जिसके चलते वहां के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। डिजास्टर मैनेजमेंट सेंटर (डीएमसी) के अनुसार, अब तक कम से कम 334 लोगों की मौत हो चुकी है और 370 लोग लापता हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित जिला कैंडी है, जहां 88 मौतें और 150 लोग लापता हैं। इसके अलावा बादुला में 71, नुवारा एलिया में 68 और मटाले में 23 मौतें दर्ज की गई हैं। डीएमसी के मुताबिक, इस आपदा ने देश भर में 3,09,607 परिवारों के 11,18,929 लोगों को प्रभावित किया है। इतना ही नहीं चक्रवात दित्वाह के कारण नदियों का जलस्तर ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया, जिसके चलते पूरे शहर जलमग्न हो गए, बड़े पुल बह गए और कई महत्वपूर्ण इमारतें और सड़कें टूट गईं।

# 'संघर्ष रोकने का सुनहरा मौका खून-खराबा रोकना जरूरी'

**वॉशिंगटन।** तीन साल से ज्यादा समय से चल रहे रूस-यूक्रेन संघर्ष में स्थिति दिन-प्रतिदिन और भयावह होती जा रही है। इसी बीच फ्लोरिडा

■ यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के बीच बोले ट्रंप

में यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल से जारी शांति वार्ताओं के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा संकेत दिया है। ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन युद्ध खत्म करने की अच्छी संभावना बन रही है। एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि हालिया बातचीत सकारात्मक रही। ऐसे में इस युद्ध को खत्म करने के लिए यह एक अच्छा मौका है। उन्होंने कहा कि अब खून-खराबा



रोकना बहुत जरूरी हो गया है। टंप ने कहा कि बातचीत अच्छी चल रही है। हम चाहते हैं कि और लोग न मारे जाएं। यह मामला सीधे हमारे देश से जुड़ा नहीं, लेकिन अगर हम कई लोगों की जान बचा सकते हैं तो यह अच्छा होगा। उन्होंने दावा किया कि पिछले महीने युद्ध में 27,000 लोग मारे गए, और यह कभी शुरू ही नहीं होना चाहिए था। ट्रंप ने इस बात पर भी जोर दिया कि यूक्रेन में भ्रष्टाचार की समस्या भी है, लेकिन फिर भी समझौते की संभावना मजबूत है। यूक्रेन की तरफ से यह बातचीत राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा परिषद के सचिव रुसतेम उमेरोव की अगुवाई में हो रही है। उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और अन्य अधिकारियों से मुलाकात की। यह बैठक उस समय हुई जब ज़ेलेंस्की के एक करीबी सहयोगी ने अपने घर पर छापे के बाद इस्तीफा दे दिया। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका उपयोगी तरीके से आगे बढ़ रहा है आने वाले दिनों में युद्ध को सम्मानजनक तरीके से खत्म करने के कदम तय किए जा सकते हैं।

# 'मेरी पार्टनर शिवॉन आधी भारतीय, एक बेटे का नाम शेखर'

**वॉशिंगटन।** दिग्गज अरबपति और टेस्ला और स्पेसएक्स जैसी कंपनियों के सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि उनकी पार्टनर शिवॉन

■ पॉडकास्ट में एलन मस्क का खुलासा

जिलिस आधी भारतीय हैं। निखिल कामत के पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने ये भी बताया कि उनके एक बेटे का मध्य नाम शेखर है। मस्क ने बताया कि ये नाम अमेरिकी भौतिकशास्त्री और नोबेल पुरस्कार विजेता सुब्रमण्यन चंद्रशेखर के नाम पर रखा गया है। पॉडकास्ट के दौरान




एलन मस्क ने कहा कि 'मुझे नहीं पता कि आप इस बारे में जानते हैं या नहीं, लेकिन मेरी पार्टनर शिवॉन आधी भारतीय हैं। मेरे और उसके एक बेटे का मध्य नाम शेखर है, जो चंद्रशेखर के नाम पर रखा गया है।' मस्क ने बताया कि उनकी पार्टनर शिवॉन जिलिस कनाडा में पली-बढ़ी हैं और जब वे एक छोटी बच्ची थीं, तब उन्हें गोद लिया गया था। शिवॉन जिलिस ने साल 2017 में मस्क की कंपनी न्यूरालिंक जॉइन की थी और वे फिलहाल कंपनी में डायरेक्टर ऑफ ऑपरेशंस एंड स्पेशल प्रोजेक्ट्स के तौर पर काम कर रही हैं। शिवॉन ने येल यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र और दर्शनशास्त्र में स्नातक की डिग्री हासिल की है।

# मुनीर को सेना का सुप्रीम बनाने से बच रहे शहबाज!

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को तीनों सेनाओं का सुप्रीम यानी चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) बनाने

■ सीडीएफ बनाने से पहले पाकिस्तानी पीएम बिना बताए लंदन निकले

■ दावा-जानबूझकर देरी कर रहे

की प्रोसेस अटक गई है। मुनीर को सीडीएफ बनाने के लिए 29 नवंबर तक नोटिफिकेशन जारी होना था, लेकिन पीएम शहबाज शरीफ ने अब तक इसपर साइन नहीं किए हैं। इससे पहले ही शहबाज 26 नवंबर को बहरीन चले गए थे, फिर 27 नवंबर को अनौपचारिक यात्रा पर लंदन रवाना हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि शहबाज शरीफ ने खुद को इस प्रक्रिया से इसलिए दूर कर लिया है, ताकि उन्हें आसिम मुनीर



की नई नियुक्ति वाले आदेश पर साइन न करने पड़ें। पाकिस्तानी संसद ने 12 नवंबर को सेना की ताकत बढ़ाने वाला 27वां संवैधानिक संशोधन पास किया था। इसके तहत आसिम मुनीर को तीनों सेनाओं का सुपर चीफ यानी सीडीएफ बनाया जाना था। इस पद के मिलते ही उन्हें पाकिस्तान के परमाणु हथियारों की कमान भी मिल जाती यानी वे देश के सबसे ताकतवर शख्स बन जाते।

## मलयेशिया के दूसरे बड़े राज्य सबा में हारे इब्राहिम

**कुआलालंपुर।** मलयेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को सबा राज्य चुनाव में बड़ा झटका लगा। यहां आए चुनावी नतीजों में उनके सहयोगी बुरी तरह हार गए। यह उनके लिए तीन वर्षों में सबसे कठिन राजनीतिक परीक्षा रही। देश के सबसे बड़े दूसरे और गरीब राज्य में अनवर की गठबंधन पार्टी पकातन हरापन (पीएच) ने 20 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन सिर्फ एक सीट जीती। इससे पहले उसके पास सबा में सात सीटें थीं। मलयेशिया विश्वविद्यालय में एक एसोसिएट प्रोफेसर ली कुओक तियुंग कहते हैं, सबा चुनाव के नतीजों से पता चलता है कि अनवर का गठबंधन बहुत बुरी तरह से हार गया।

# ट्रंप लंबे समय के लिए खत्म कर सकते हैं शरण देने की प्रणाली

**वॉशिंगटन।** बीते दिनों अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस के पास हुए हमले के बाद ट्रंप प्रशासन ने जांच नियमों और सुरक्षा

■ अमेरिका में सख्त आव्रजन नीति लाने का भी इशारा

प्रक्रियाओं को और सख्त करने का फैसला किया है। इसके तहत अब ट्रंप की प्रशासन ने अमेरिका में आव्रजन (इमिग्रेशन) नीतियों को और कड़ा करने की तैयारी कर रहा है। इसी बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रशासन के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि वे शरण देने की प्रक्रिया को लंबे समय के लिए रोकना चाहते हैं। एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि कई ऐसे लोग देश में आ रहे हैं जिन्हें अमेरिका में नहीं होना चाहिए। ट्रंप ने हाल ही में व्हाइट हाउस के पास गोलीबारी करने वाले अफगान नागरिक का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे लोग देश के लिए खतरा हैं। उन्होंने कहा कि हम ऐसे लोगों को अमेरिका नहीं चाहते। इनमें से कई लोग ऐसे हैं जो अच्छे नहीं है। हमारे पास पहले से ही काफी समस्याएं हैं।

## महाराष्ट्र निकाय चुनाव : कई जिलों में मतदान टला

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कई ज़िलों में 25 से ज़्यादा नगर निगमों के चुनाव राज्य चुनाव आयोग (एसईसी) द्वारा अस्वीकृत नामांकन पत्रों से संबंधित अपील प्रक्रिया में व्यापक अनियमितताओं का पता चलने के बाद स्थगित कर दिए गए हैं। पहले 2 दिसंबर को होने वाले मतदान अब इन क्षेत्रों में 20 दिसंबर को होंगे। शेष सभी नगर परिषदों और नगर पंचायतों के लिए मतदान पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को सुबह 7 : 30 बजे से शाम 5: 30 बजे तक जारी रहेगा। इन निकायों के परिणाम 3 दिसंबर को घोषित किए जाएँगे।

# भारत में इमरान की बहन के इंटरव्यू से खिसियाया पाक

## कहा, देश की बुराई करने पर शर्म आनी चाहिए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने इमरान खान की बहन नोरीन खान नियाजी के भारतीय मीडिया को दिए इंटरव्यूज पर नाराजगी जताई है। तरार ने कहा कि नोरीन ने पाकिस्तान की छवि खराब की है, देश की बुराई करने वालों को शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नोरीन ने भारत से जुड़े किसी मुद्दे जैसे कश्मीर या भारत में मुसलमानों की हालत पर कुछ नहीं कहा। तरार ने यह भी पूछा कि नोरीन ने भारतीय चैनल पर जाकर मोदी सरकार की बुराई क्यों नहीं की। नोरीन ने हाल ही में एकन्यूज एजेंसी से बात करते हुए पाकिस्तानी सेना चीफ आसिम मुनीर को तानाशाह बताया था। उन्होंने कहा था कि ट्रम्प ने हमारे देश के तानाशाह असीम मुनीर को अपना बहुत अच्छा दोस्त बताया था। असीम मुनीर अब बड़ी ताकत हैं। हालांकि पाकिस्तान में पहले भी तानाशाह आ चुके हैं और उनका अंजाम अच्छा नहीं हुआ।

## एक नज़र

### मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** इंफाल में सुरक्षा बलों ने विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े तीन उग्रवादियों समेत सात लोगों को जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कामजोंग जिले के फेकोह चौकी पर शुक्रवार को नियमित जांच के दौरान 57 लाख रुपये की बेहिसाबी नकदी बरामद किए जाने के बाद चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के अज्ञात उग्रवादी समूहों से जुड़े होने का संदेह है। पुलिस के अनुसार, पीआरईपीएके (पीआरओ) के एक कार्यकर्ता को इंफाल पश्चिम जिले के खगेमपल्ली स्थित उसके आवास से रविवार को गिरफ्तार किया गया और वह चिकित्सकों, अस्पतालों, स्कूल वैन संघों, स्कूल, बेकरी, जिम तथा आम नागरिकों से जबरन वसूली करने में शामिल था। प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के दो सक्रिय सदस्यों को इम्फाल पूर्वी जिले के कांगला सिपाई और थौबल जिले के इंगोरोक से शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया।

### पाकिस्तान में चार आतंकी ढेर, दो पुलिसकर्मियों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को एक पुलिस जांच चौकी पर हमले के बाद हुई झड़प में कम से कम चार आतंकवादी और दो पुलिसकर्मी मारे गए। आतंकवादियों ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे मध्य कुर्रम जिले के चिनाराक क्षेत्र में एक पुलिस चौकी पर हमला किया, जिसके बाद हमलावरों और सुरक्षाकर्मियों के बीच भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की, जिसमें चार आतंकवादी मारे गये तथा छह अन्य घायल हो गये। गोलीबारी में दो कांस्टेबल मारे गए, जबकि एक अन्य घायल हो गया।

### हांगकांग त्रासदी : मृतकों का आंकड़ा 146 पहुंचा

**हांगकांग।** हांगकांग में पिछले हफ्ते लगी भीषण आग में कम से कम 146 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। इस बीच लोगों ने बड़ी संख्या में मदद आगे बढ़ाई है। ऐसे में अब तक करीब 900 मिलियन हांगकांग डॉलर (115 मिलियन यूएसडी) दान जमा हो चुका है। लेकिन जैसे-जैसे हादसे की जिम्मेदारी पर सवाल बढ़ रहे हैं, सरकार पर आलोचना रोकने के आरोप लग रहे हैं। आग से जले वांग फुक कोर्ट परिसर के बाहर बड़ी संख्या में लोग फूल, कार्ड और संदेश रखकर शोक व्यक्त कर रहे हैं। इतना ही नहीं स्थानीय निवासी कह रहे हैं यह समय एक-दूसरे की मदद का है।

### चीन में रिकॉर्ड 37 लाख लोगों ने दी सिविल सेवा की परीक्षा

**बीजिंग।** चीन में रविवार को 37 लाख से अधिक लोगों ने राष्ट्रीय सिविल सेवा परीक्षा दी। चीन में सिविल सेवा के लिए उम्र सीमा को 35 साल से अधिक बढ़ाने के बाद यह पहली राष्ट्रीय परीक्षा थी। यह रिकॉर्ड संख्या देश में बढ़ती बेरोजगारी और सरकारी नौकरियों की मांग को दर्शाती है। राज्य संचालित समाचार एजेंसी ने बताया कि इस परीक्षा में औसतन प्रति सीट 98 आवेदक प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इन रिक्तियों में से लगभग 70 प्रतिशत कॉलेज के नए स्नातकों के लिए आरक्षित हैं।

### सीरिया में लोकतंत्र अभी दूर, पर सुधार अच्छा : एमनेस्टी

**दमिश्क।** गैर सरकारी वैश्विक मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल की महासचिव एग्नेस कैलामार्ड ने कहा है कि सीरिया में नई सरकार ने सुधारों और संक्रमणकालीन न्याय के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई है, लेकिन लोकतंत्र की कमी अभी भी है। बशर असद की सरकार गिरने के एक साल बाद कैलामार्ड का कहना है कि कानूनी सुधार योजनाओं और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समूहों का स्वागत होना सकारात्मक संकेत है।

### दहेज के लिए बहू को गला घोंट कर मार डाला

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले के भोपा थाना क्षेत्र के कसोली गांव में दहेज की मांग को लेकर ससुराल वालों ने कथित तौर पर 28 वर्षीय विवाहिता की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पीड़िता हिना को लंबे समय से दजेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। रविवार शाम को उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी डी वाजपेयी ने पत्रकारों को बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला के पति खुशनसीब, ससुर इंतजार, सास फरजाना और दो देवरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपी फरार हैं। वाजपेयी ने कहा कि आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की कई टीम बनाई गई है।

# ऑस्ट्रियन इंफ्लूएंसर की हत्या, एक्स गिरफ्तार

**वियेना।** ऑस्ट्रिया की एक जानी मानी हस्ती पिछले काफी दिनों से लापता थी। परिजनों की शिकायत पर जब पुलिस ने छानबीन शुरू की, तो उसकी लाश स्लोवेनिया के जंगलों में सूटकेस के अंदर मिली। इस घटना से पूरे यूरोप में सनसनी फैल गई है। लाश की पहचान ऑस्ट्रिया की मशहूर इंफ्लूएंसर स्टेफनी पीपर के रूप में हुई है। 31 वर्षीय स्टेफनी की मौत से उनके फैंस को भी गहरा धक्का लगा है। इस हत्याकांड को स्टेफनी के पूर्व प्रेमी ने अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, 23 नवंबर को एक पार्टी से घर लौटने के बाद स्टेफनी अचानक गायब हो गई थीं। 23 नवंबर की रात स्टेफनी ने अपनी एक दोस्त को मैसेज करते हुए बताया था कि वह सुरक्षित घर पहुंच चुकी हैं। इसके कुछ देर बाद ही स्टेफनी ने दूसरा मैसेज किया कि शायद उनके घर की सीढ़ियों में कोई छिपा है। स्टेफनी के पड़ोसियों ने बताया कि देर रात उनके घर से लड़ाई-झगड़े की आवाज आ रही थी। लोगों ने स्टेफनी के पूर्व प्रेमी को भी बिल्डिंग में देखा था। स्टेफनी के परिजन भी लाख कोशिशों के बाद उन तक नहीं पहुंच पा रहे थे।

# भीषण संघर्ष के मुहाने पर पहुंचा पाकिस्तान


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान का वर्तमान संकट इमरान खान बनाम सेना की लड़ाई से कहीं बड़ा है। अब सत्ता का दांव सिर्फ राजनीतिक वर्चस्व का नहीं, बल्कि सेना के संस्थागत प्रभुत्व, प्रांतों की क्षेत्रीय पहचान और अर्थव्यवस्था की बुनियादी जीवंतता से जुड़ चुका है। सैन्य रणनीति, जनसमर्थन का भूगोल और आर्थिक दिवालियापन एक दूसरे से टकराते हैं तो देश खतरनाक मायनों में पुनर्गठन के दौर में प्रवेश करता है। पाकिस्तान में भी यही हो रहा है। विद्रोह की सुलगती चिंगारी से वह भीषण संघर्ष के मुहाने पर पहुंच चुका है।

पाकिस्तानी सेना की रणनीति का पूरा ढांचा इस बात पर केंद्रित है कि राष्ट्रीय नैरेटिव, विदेश नीति और आंतरिक सुरक्षा पर उसकी पकड़ बनी रहे। इमरान को सिर्फ सियासी चुनौती नहीं,

■ विद्रोह की सुलगती चिंगारी से अस्थिरता और आर्थिक दबाव बढ़ा

संस्थागत नियंत्रण के लिए खतरा माना जा रहा है। आंतरिक खुफिया रिपोर्टों में चिंता जताई गई है कि पहली बार प्रजातंत्र नहीं, सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ जन-आंदोलन जैसी मानसिकता उभर रही है। सूचना नैरेटिव से लेकर मीडिया पर नियंत्रण, राजनीतिक नेतृत्व के पुनर्विन्यास की कोशिश और पीटीआई कैडर को संगठित विरोध से बिखरे विरोध की ओर धकेलने के सेना के दबाव से जनसमर्थन घटने के बजाय बढ़ रहा है। पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी के सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर ने नाम उजागर किए बिना कहा कि समस्या यह नहीं है कि इमरान लोकप्रिय हैं। समस्या यह है कि संस्थागत वैधता पहली बार लोकप्रिय वैधता से कमजोर महसूस की जा रही है। यह स्थिति सेना के लिए सामरिक खतरा है, न कि केवल राजनीतिक असुविधा। पुलिस-सेना की कार्रवाई के बावजूद पंजाब में पीटीआई के प्रति जनमत बरकरार है। खैबर पख्तूनख्वा में सेना और केंद्र के प्रति असंतोष ऐतिहासिक रूप से बढ़ रहा है। पीटीआई अब प्रांतीय पहचान के प्रतीक के रूप में बदल चुकी है। सिंध यानी कराची में इमरान के लिए भारी समर्थन, लेकिन ग्रामीण सिंध पीपीपी के पीछे परंपरागत रूप से मजबूती से खड़ा है। बलूचिस्तान का संकट अलग प्रकार का है। इमरान बनाम सेना की लड़ाई से ज्यादा बलूच अस्मिता बनाम इस्लामाबाद का टकराव प्रमुख है। साउथ एशिया पॉलिसी कंसोर्टियम का आकलन है कि केंद्र व सेना की शक्ति इस्लामाबाद रावलपिंडी कॉरिडोर में सिमटी हुई है, जबकि इमरान की लोकप्रियता भौगोलिक रूप से राष्ट्रव्यापी और जनसांख्यिक रूप से गहरी है।

## मेरी राह मेहनत व लगन से बनी है : शगुन पांडे



**मुंबई।** पॉपुलर शो 'सरू' इन दिनों दर्शकों के दिलों को जीत रहा है, खासकर सरू और वेद की खूबसूरत, और दिलचस्प लव स्टोरी की वजह से। लेकिन वेद बिरला की खामोश और दमदार मौजूदगी और गहरे जज़्बातों के पीछे एक और दिलचस्प कहानी चल रही है - उस एक्टर की, जिसने इस किरदार को इतने आत्मविश्वास और गहराई से निभाया है। शगुन पांडे बताते हैं कि ''वेद का सफर उनके करियर के सबसे चैलेंजिंग और खुद को बदल देने वाले दौरों में से एक रहा है। शगुन कहते हैं, ''लोगों को अक्सर लगता है कि टीवी एक्टर्स बस आते हैं और एक्टिंग करते हैं, लेकिन वेद को निभाने में मेरी पूरी लाइफस्टाइल बदल गई। 12 घंटे तक सेट पर रहने के बाद शूट से सीधा निकलकर दो घंटे के जिम सेशन में जाता हूं, क्योंकि इस काम की यही मांग है।'' एक्टर्स को लेकर लोगों में जो ग्लैमर वाली सोच रहती है, उसके उलट शगुन कहते हैं कि ''उनकी राह मेहनत, लगन और अनुशासन से बनी है, न कि किसी शॉर्टकट से। मैं कभी प्लान बी पर भरोसा नहीं करता। अनुशासन ही मेरी अलार्म घड़ी है - मेरा शरीर खुद बताता है कि कब उठकर काम करना है। लोग मुझे 'लकी' कहते हैं तो मैं मुस्कुरा देता हूं, क्योंकि वे मन में चल रही दुविधाओं, काम के लंबे घंटे और वो त्याग नहीं देखते।

## नए सफ़र को लेकर उत्साहित टीवी कलाकार!

साल 2025 एण्डटीवी के लिए नई एनर्जी और नए टैलेंट लेकर आया। एण्डटीवी चैनल के लोकप्रिय शोज़ में इस साल कई नए कलाकार जुड़े हैं। इनमें 'घरवाली पेड़वाली' में सावी के रूप में सीरत कपूर, 'हप्पू की उलटन पलटन' में सोनू के रूप में संजय चौधरी और 'भाबीजी घर पर हैं' में मलखान के रूप में विपिन हीरो शामिल हैं। तीनों ही कलाकार अपने नए सफ़र को लेकर बेहद उत्साहित और आभारी हैं। 'घरवाली पेड़वाली' में सावी का किरदार निभा रहीं सीरत कपूर कहती हैं, ''मैंने सोचा भी नहीं था कि 2025 मेरे लिए इतना बड़ा सरप्राइज़ लेकर आएगा। सावी का जीवंत किरदार निभाना मेरे लिए खुशी की बात है।'' इधर, 'हप्पू की उलटन पलटन' में सोनू का किरदार निभा रहे संजय चौधरी ने कहा ''इस लोकप्रिय शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बेहद खास है। मलाइका को लेकर उसकी दीवानगी कहानी में एक प्यारा और नया एंगल लाती है जिसे एक्सप्लोर करने के लिए मैं उत्साहित हूं।'' उधर, 'भाबीजी घर



पर हैं' में मलखान का किरदार निभा रहे विपिन हीरो कहते हैं, '''भाबीजी घर पर हैं' से जुड़ना मेरे लिए दूसरी बड़ी शुरुआत जैसा है। मैं कोशिश करूंगा कि किरदार की असलियत को बनाए रखते हुए उसमें अपनी ताज़गी जोड़ सकूं।'' गौरतलब है कि एण्डटीवी पर 'हप्पू की उलटन पलटन' रात दस बजे और 'भाबीजी घर पर हैं' रात साढ़े दस बजे सोमवार से शुक्रवार प्रसारित है। 'घरवाली पेड़वाली' शो का प्रसारण जल्द ही प्रारंभ होने वाला है।

## खालिदा जिया की हालत अब भी गंभीर

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया की सेहत अभी भी गंभीर बनी हुई है। उनके पार्टी के वरिष्ठ नेता ने बताया कि 80 वर्षीय जिया की स्वास्थ्य स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। खालिदा जिया को 23 नवंबर को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें छाती में संक्रमण हुआ था, जिससे उनके हृदय और फेफड़ों पर असर पड़ा। चार दिन बाद उनकी कई स्वास्थ्य समस्याओं के बिगड़ने के कारण उन्हें कोरोनरी केयर यूनिट (सीसीयू) में शिफ्ट किया गया। बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिज़वी ने रविवार को बताया कि डॉक्टरों ने कहा है कि उनकी स्थिति और बिगड़ी नहीं है, लेकिन बहुत सुधार भी नहीं हुआ।


बाजार दर्पण







विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइलः 9415016089